श्रावण कृष्ण पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 27 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 337, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

तीसरे पदक पर सिंधु की नजर 13

करिश्मा ने दिव्यज्योति को एंटरटेनर नंबर 1 कहा 14

असम का मोइदम यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में

नई दिल्ली, एजेंसी

- पिरामिड सरीखी संरचना अहोम राजवंश का है कब्रिस्तान

असम में अहोम राजवंश के सदस्यों को उनकी प्रिय वस्तुओं के साथ टीलेनुमा ढांचे में दफनाने की व्यवस्था मोइदम को शुक्रवार को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया। यह निर्णय भारत में आयोजित किए जा रहे विश्व धरोहर समिति (डब्ल्यूएचसी) के 46वें सत्र में लिया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यह भारत के लिए बेहद खुशी और गर्व की बात है कि 'मोइदम' ने डब्ल्यूएचसी सूची में जगह बनाई है। उन्होंने कहा कि चराई देव स्थित मोइदम उस गौरवशाली अहोम संस्कृति को प्रदर्शित करते हैं, जो अपने पूर्वजों के प्रति अपार श्रद्धा रखती है। मुझे उम्मीद है कि महान अहोम शासन और संस्कृति के बारे में और अधिक लोग जानेंगे। मोइदम पिरामिड सरीखी अनूठी टीलेनुमा संरचनाएं हैं, जिनका इस्तेमाल ताई-अहोम वंश द्वारा अपने राजवंश के सदस्यों को उनकी मृत्यु के पश्चात उनकी प्रिय वस्तुओं के साथ दफनाने के लिए किया जाता था।

एनटीए ने नीट-यूजी के अंतिम परिणाम घोषित किए

नई दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के अंतिम परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिए। उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद भौतिकी के एक प्रश्न के अंकों को ध्यान में रखते हुए परिणाम घोषित किए गए। एनटीए ने कहा था कि इस प्रश्न के दो सही उत्तर हैं। एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पुनः संशोधित स्कोर कार्ड को अब घोषित कर दिया गया है। पहले टॉपर घोषित किए गए 67 उम्मीदवारों में से 44 ने उस विशेष भौतिकी प्रश्न के लिए दिए गए अंकों के कारण पूरे अंक प्राप्त किए थे।

राहुल ने सिली चप्पल, मोची को पिलाई कोल्डड्रिंक

संवाददाता, सुलतानपुर

मेहनत को सलाम : दस मिनट की मुलाकात में घर-परिवार के साथ रामचैत का हालचाल पूछा

अमृत विचारः सुलतानपुर कोर्ट से लौटते समय रायबरेली से कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी कूरेभार ब्लॉक के विधायक नगर चौराहे पर अचानक एक मोची की गुमटी (दुकान) पर पहुंच गए। मोची रामचैत से करीब दस मिनट बात की, घर-परिवार के साथ उसका हालचाल भी पूछा। इस दौरान उन्होंने दुकान पर एक चप्पल की सिलाई की और नया जूता भी देखा। मोची से बोले, कड़ी मेहनत करनी पड़ती है सिलाई में। आपकी मेहनत को सलाम।

राहुल ने मोची से उसके कारोबार के बारे में जानकारी लेने के साथ सेल्फी भी ली। कोल्डड्रिंक मंगाकर रामचैत को पिलाई, कहा- गला तर हुआ। रामचैत ने बताया कि हमने राहुल गांधी से बोला है कि मैं पूंजी से कमजोर हूं। गरीब हूं, हमारी थोड़ी मदद कीजिए। मैंने उन्हें जूतों की सिलाई करके भी दिखाई। उन्होंने ये भी जाना कि घर का भरण-पोषण कैसे चलता है।

हालांकि यहां से उन्होंने जूता-चप्पल नहीं खरीदा है। रामचैत के बेटे राघव ने बताया कि राहुल गांधी से मिलकर अच्छा लगा। उन्होंने मेरे साथ भी सेल्फी ली। इसके बाद वह लखनऊ के लिए रवाना हो गए। राहुल गांधी को मोची की दुकान पर देखकर भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता वहां पहुंच गए। आसपास के लोगों और राहगीरों की भीड़ भी जुट गई।

सुलतानपुर जिले के कूड़ेभार ब्लॉक के विधायक नगर चौराहे पर मोची रामचैत की गुमटी में बैठ कर चप्पल सिलते राहुल गांधी।

कोर्ट में बोले निर्दोष हूं, मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश की गई

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में हाजिर हुए। एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की कोर्ट में राहुल गांधी ने अपने वकील काशी प्रसाद शुक्ल व परिवादी के वकील संतोष पांडेय की मौजूदगी में बयान दर्ज कराया। राहुल गांधी ने कोर्ट से कहा कि मैं निर्दोष हूं। मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश हुई है। मैं सारे आरोपों से इनकार करता हूं। मेरी और मेरी पार्टी की छवि को धूमिल करने के लिए आरोप लगाए गए हैं।

एक नजर

आतंकवाद में संलिप्त व्यक्ति की संपत्ति कुर्क

जम्मू। राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में मादक पदार्थ की तस्करी तथा आतंकवाद के एक मामले में एक साल से अधिक समय से गिरफ्तारी से बच रहे एक व्यक्ति की संपत्ति कुर्क की। अधिकारियों ने बताया कि खारी करमारा स्थित मोहम्मद लियाकत की एक कनाल और नौ मरला जमीन को दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 83 के तहत कुर्क कर लिया गया है। पुंछ के मुख्य सत्र न्यायाधीश ने कुर्की का आदेश जारी किया।

देश में पांच सालों में कुल 628 बाघों की मौत

नई दिल्ली। देश में पिछले पांच साल में प्राकृतिक और अवैध शिकार सहित अन्य कारणों से कुल 628 बाघों की मौत हुई। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। भारत में इस अवधि के दौरान बाघों द्वारा हमला किए जाने से कुल 349 लोगों ने अपनी जान गंवाई है तो वहीं, इनमें अकेले महाराष्ट्र में 200 लोग मारे गए हैं। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के अनुसार, भारत में साल 2019 में 96 बाघ, 2020 में 106, 2021 में 127, 2022 में 121 और 2023 में 178 बाघों की मौत हुई।

सूरज रेवन्ना ने कहा जल्द सच्चाई सामने आ जाएगी

मैसुरु। कुछ पुरुषों के यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे और जमानत पर बाहर आए जनता दल (सेक्युलर) के विधान पार्षद सूरज रेवन्ना ने शुक्रवार को कहा कि 15 से 20 दिन में उन सभी लोगों का पर्दाफाश हो जाएगा जो उनके और उनके परिवार के खिलाफ साजिश का हिस्सा थे। रेवन्ना ने कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और सच्चाई जल्द सामने आ जाएगी।

छत्तीसगढ़ में हाथियों का आतंक, बुजुर्ग की मौत

बलरामपुर। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में हाथी ने घर के बाहर सो रहे बुजुर्ग को सूंड से उठाकर पटका और पैरों से कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। चचेरे भाई को भी हाथी ने सूंड से पकड़ लिया था, लेकिन वह बच गया। पूरा मामला धमनी वन परिक्षेत्र का है। अनिरूद्धपुर में गुरुवार की देर रात अपने दल से अलग होकर हाथी विचरण कर रहा था। इसी बीच बस्ती में हाथी घुसा।

आतंकवाद-छद्म युद्ध से खुद को प्रासंगिक बनाए रखना चाहता है पाकिस्तान : मोदी

कारगिल विजय दिवस पर प्रधानमंत्री ने कहा-पाकिस्तान ने पिछली हार से नहीं लिया सबक

श्रीनगर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान को 'आतंकवाद का आका' करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि पड़ोसी देश ने पिछली हार और गलतियों से कोई सबक नहीं सीखा है और वह 'आतंकवाद और छद्म युद्ध' की मदद से खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। मोदी, द्रास में 25वें कारगिल विजय दिवस पर 1999 में पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के बाद जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को अतीत में अपने सभी अनैतिक और शर्मनाक प्रयासों के लिए हार का सामना करना पड़ा है। मोदी ने जम्मू-कश्मीर में बढ़ते आतंकवादी हमलों का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि वह (पाकिस्तान) अतीत में हमेशा विफल रहा है लेकिन उसने अपने इतिहास से कुछ नहीं सीखा है। वह आतंकवाद और छद्म युद्ध की मदद से खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। आज जब मैं ऐसी जगह से बोल रहा हूं, जहां आतंक के आका मेरी आवाज सीधे सुन सकते हैं, तो मैं आतंकवाद के इन संरक्षकों को बताना चाहता हूं कि उनके नापाक इरादे कभी सफल नहीं होंगे। हमारे बहादुर जवान पूरी ताकत से आतंकवाद को कुचल देंगे और दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने 1999 के कारगिल युद्ध के बारे में कहा कि भारत ने न केवल युद्ध जीता, बल्कि 'सत्य, संयम और शक्ति' का अद्भुत उदाहरण भी दिया। उन्होंने कहा कि आप जानते हैं, भारत उस समय शांति की कोशिश कर रहा था और बदले में पाकिस्तान ने एक बार फिर अपना कुटिल चेहरा दिखाया लेकिन सत्य के सामने झूठ और आतंक की हार हुई।

कारगिल के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

अग्निपथ योजना का राजनीतिकरण कर रहा विपक्ष

श्रीनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर परोक्ष हमला करते हुए कहा कि कुछ लोग अग्निपथ योजना जैसे संवेदनशील मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहे हैं। मोदी ने लद्दाख के द्रास में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि रक्षा क्षेत्र में निरंतर सुधार हो रहे हैं और अग्निपथ योजना उनमें से एक महत्वपूर्ण सुधार है। इस योजना के राजनीतिकरण पर दुख जताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य सेना को युवा और युद्ध के लिए निरंतर तैयार रखना है। उन्होंने सेना को युवा और युद्ध के लिए तैयार रखने में नई सैन्य भर्ती योजना की भूमिका की सराहना की। अग्निपथ योजना को पेंशन के बोझ से बचाने का साधन बताने वाले दावे को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि आज भर्ती होने वाले सैनिकों का पेंशन बोझ 30 साल बाद आएगा, इसलिए यह योजना के पीछे का कारण नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि हमने सशस्त्र बलों द्वारा लिए गए इस निर्णय का सम्मान किया है, क्योंकि देश की सुरक्षा राजनीति से अधिक महत्वपूर्ण है। सच्चाई यह है कि अग्निपथ योजना से देश की ताकत बढ़ेगी और देश को सक्षम युवा भी मिलेंगे। निजी क्षेत्र और अर्धसैनिक बलों में भी अग्निवीरों को प्राथमिकता देने की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश के युवाओं को गुमराह करने वालों को पहले सशस्त्र बलों के प्रति कोई सम्मान नहीं था। 'वन रैंक वन पेंशन' पर पिछली सरकारों के झूठे वादों का जिक्र करते उन्होंने कहा कि यह वर्तमान सरकार ही थी जिसने इस योजना को लागू किया।

अग्निवीरों को पुलिस पीएसी में आरक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश की सेवा करके लौटने वाले अग्निवीरों को यूपी पुलिस और पीएएसी बल में 'वेटेज' दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों के रूप में देश को ट्रेंड और अनुशासित युवा सैनिक मिलेंगे। अग्निवीर मुद्दे पर विपक्ष की राजनीति को आड़े हाथ लेते हुए उन्होंने कहा कि विरोधियों का काम हर प्रगति और रिफॉर्म कार्य में अड़ंगा लगाने और अफवाह फैलाने का है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। बाद में ट्वीट कर कहा कि अग्निवीरों को एक निश्चित आरक्षण की सुविधा दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित हो रहा है। यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के 6 नोड में हजारों करोड़ का निवेश आया है। चाहे भारत डायनेमिक्स लिमिटेड का कार्य हो या ब्रह्मोस मिसाइल बनाने की दिशा में प्रगति, हमने लंबी छलांग लगाई है। सेना भी हमारी इस गति के साथ आगे बढ़ रही है। अग्निवीर की योजना भारतीय सेना में इसी दृष्टि से आगे बढ़ाई गई है। इसे लेकर युवाओं में उत्साह है।

- अग्निवीर के रूप में देश को मिलेंगे ट्रेंड और युवा सैनिक : योगी

छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भी कोटा

रायपुर/भोपाल। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी पुलिस और सशस्त्र बलों में अग्निवीरों को कोटा देने की घोषणा की गई है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को पुलिस आरक्षक, वन रक्षक और अन्य पदों की भर्ती में आरक्षण देने की घोषणा की। वहीं, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को पुलिस और सशस्त्र बलों की भर्ती में अग्निवीरों को आरक्षण देने की घोषणा की।

सीएसआईआर-नेट में सेंधमारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मेरठ के सुभारती विश्वविद्यालय से एसटीएफ ने तीन को दबोचा
- एसटीएफ प्रमुख ने कहा-धांधली की मिली थी गोपनीय सूचना

अमृत विचार : उप्र. में सिपाही भर्ती परीक्षा के बाद सीएसआईआर-नेट परीक्षा में सेंधमारी हुई है। मेरठ की सुभारती विश्वविद्यालय में शुक्रवार को चल रही परीक्षा के बीच एसटीएफ ने छापा मारा। इस दौरान टीम को सर्वर रूम में टीसीएस के कर्मचारी के पास मोबाइल मिला। मोबाइल में 15 परीक्षार्थियों के रोल नंबर और उनके सिस्टम का आईपी-एड्रेस पाया गया। इस दौरान एसटीएफ तीन कर्मचारियों को हिरासत में लेकर लखनऊ पहुंची है। विश्वविद्यालय के अतिरिक्त रजिस्ट्रार सैय्यद जफर हुसैन ने कहा कि हमने ऑनलाइन परीक्षा कराने वाली संस्था टाटा कंसल्टेंसी कंपनी (टीसीएस) को किराये पर लैब दिया था। परीक्षा से विश्वविद्यालय का कोई संबंध नहीं है। परीक्षा में एजेंसी का सर्वर और उनके कर्मचारी होते हैं। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने टीसीएस से जवाब मांगा है।

एसटीएफ प्रमुख अमिताभ यश ने बताया मेरठ की सुभारती विश्वविद्यालय में सीएसआईआर-नेट की परीक्षा में धांधली की गोपनीय सूचना मिली थी। इस पर टीम ने छापेमारी की। जांच से पता चला कि परीक्षा लैब के सर्वर से छेड़छाड़ की गई है। टीसीएस के 3 कर्मचारियों यथा, उस्मान, अरुण शर्मा सहित एक अन्य को गिरफ्तार किया गया है। बताया कि सर्च के दौरान परीक्षा लैब के सर्वर रूम से लोकल एरिया नेटवर्क के जरिए एक्स्ट्रा एडमिन कंप्यूटर मिला। सर्वर रूम में दो लैपटॉप मिले, जिसमें एनी डेस्क रिमोट एक्सेस टूल डाउनलोड था। कर्मचारी अरुण के पास एक मोबाइल मौजूद था, जिसमें 04 अभ्यर्थियों के नाम मिले हैं। अभ्यर्थियों के मोबाइल का आईपी एड्रेस सेंटर के बाहर बैठे एक शख्स को शेयर किया गया था। जिससे इन अभ्यर्थियों का स्क्रीन शेयर किया गया था। इनके प्रश्नपत्र को बाहर से सॉल्वर हल करा रहा था।

कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 43 अपराधी गिरफ्तार

- विदेशियों को ठगते थे, सीबीआई ने की कार्रवाई

नई दिल्ली। सीबीआई ने गुरुग्राम में एक कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए 43 संदिग्ध साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है जो विदेशियों को उनके कंप्यूटर की समस्याओं के तकनीकी समाधान की पेशकश कर ठगते थे। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि सीबीआई ने गुरुग्राम के डीएलएफ साइबर सिटी में स्थित 'इनोसेंट टेक्नोलॉजी (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड' के कार्यालय पर छापा मारा, जहां केंद्रीय एजेंसी ने कई एजेंट को विदेशियों को ठगने के इरादे से 'लाइव कॉल' करते हुए पाया।

विधायकों के क्षेत्र के विकास के लिए बनाई जाएगी नई कार्ययोजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने मंडलवार समीक्षा बैठक में दिए अधिकारियों को निर्देश

अमृत विचार : विधायकों के क्षेत्र के विकास के लिए नई कार्ययोजना बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंडलवार समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को यह निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी 18 मंडलों के जनप्रतिनिधियों के साथ लोकसभा चुनाव 2024 के परिणामों को लेकर समीक्षा बैठक पूरी कर ली। लगभग 20 दिन तक चली मंडलवार बैठकों में सांसदों और विधायकों ने अपने क्षेत्र की समस्याएं गिनाईं और शिकायतों का निस्तारण न होने का दर्द बयां किया। मुख्यमंत्री ने सबकी बातों को सुनने के बाद आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर जीत का मंत्र भी दिया। संवाद, सक्रियता और सोशल मीडिया पर सर्वाधिक फोकस करने के लिए कहा। उन्होंने कहा है कि सभी जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों को जनता तक जरूर पहुंचाएं। शासन के अधिकारियों ने बताया कि विधायकों के क्षेत्र के विकास के लिए मुख्यमत्री ने क्षेत्रवार नई कार्ययोजना बनाने को कहा है, ताकि समयबद्ध तरीके से क्षेत्र का विकास किया जा सके। उन्होंने जनप्रतिनिधियों की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना बनाने को कहा है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री ने सात जुलाई को देवीपाटन और अयोध्या मंडल से मंडलवार समीक्षा बैठक शुरू की थी।

महिलाओं-युवाओं से संवाद बनाएं जनप्रतिनिधि

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा है कि सभी जनप्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्र में युवाओं और महिला संगठनों से संपर्क और संवाद स्थापित करें। युवाओं को बताएं कि बिना किसी रिश्वत और जाति, मत, मजहब के भेद के निष्पक्ष तरीके से सरकारी नौकरियां दी जा रही हैं। इसके साथ ही अपने-अपने क्षेत्र के खिलाड़ियों से भी लगातार संपर्क बनाए रखें।

कांवड़ मार्ग के दुकानदारों को फिलहाल नहीं लगानी होगी नाम-विवरण पट्टिका

नई दिल्ली, एजेंसी

- राज्यों के आदेश पर जारी रहेगी सुप्रीम कोर्ट की अंतरिम रोक

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को भाजपा शासित उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश द्वारा जारी उन निर्देशों पर रोक लगाते हुए 22 जुलाई के अपने अंतरिम आदेश को बरकरार रखने का निर्देश दिया, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित भोजनालयों को मालिकों, कर्मचारियों के नाम और अन्य विवरण प्रदर्शित करने के लिए कहा गया था। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि वह 22 जुलाई के आदेश पर कोई स्पष्टीकरण जारी नहीं करेगी, क्योंकि हमने अपने 22 जुलाई के आदेश में जो कुछ कहा जाना था, वह कह दिया है। पीठ ने मध्य प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों से उनके निर्देशों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को कहा। अगली सुनवाई पांच अगस्त के लिए तय की।

उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों के अलावा मध्य प्रदेश के उज्जैन में भाजपा शासित नगर निकाय ने भी दुकान मालिकों को इसी तरह का निर्देश जारी किया था। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि उन्होंने अपना जवाब दाखिल कर दिया है और उनका कहना है कि संबंधित निर्देश कानून के तहत अनिवार्य हैं। पीठ ने कहा कि यदि भोजनालयों और दुकानों को नियंत्रित करने वाला कोई कानून है तो पूरे राज्य लागू करना चाहिए न कि केवल कुछ क्षेत्रों में। उत्तराखंड के उप महाधिवक्ता जतिंदर कुमार सेठी ने कहा कि राज्य ने कांवड़ यात्रा के संबंध में कोई विशेष आदेश जारी नहीं किया है और सरकार केवल उस कानून को लागू कर रही है, जिसके तहत सभी त्योहारों के दौरान भोजनालयों के नाम का खुलासा करना अनिवार्य है।

सहूलियत समाज कल्याण विभाग अत्याचार उत्पीड़न योजना को लेकर तैयार कर रहा एसओपी

एफआईआर लेकर नहीं काटने होंगे विभाग के चक्कर

राजीव शुक्ला, लखनऊ

अमृत विचार : अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों का उत्पीड़न होने पर अब उन्हें एफआईआर की कॉपी लेकर विभागीय जिम्मेदारों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। अत्याचार उत्पीड़न योजना के तहत पीड़ित को मिलने वाली सहायता प्रक्रिया को और सरल किया जा रहा है। प्रक्रिया को न केवल ऑनलाइन कर दिया गया है बल्कि पीड़ित की एफआईआर भी अब आटो फेच (स्वतः दिखना) हो जाएगी। योजना को लेकर एसओपी बनाई जा रही है। इसे जल्द ही शासन जारी करने वाला है।

समाज कल्याण विभाग की ओर से अनुसूचित जाति और जनजाति का उत्पीड़न होने पर उन्हें सहायता दी जाती है। उत्पीड़न होने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले को आगे बढ़ाती है। अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा के अनुसार पीड़ित को आर्थिक सहायता दी जाती है। इसके तहत 85 हजार से 8 लाख 25 हजार रुपये तक की धनराशि उपलब्ध कराई जाती है। विभागीय सूत्रों के अनुसार अब पीड़ित व्यक्ति को जाति प्रमाण पत्र भी देने की आवश्यकता नहीं होगी। आधार कार्ड को भी अनिवार्य किया जाएगा। विभागीय स्तर पर एसओपी तैयार कर शासन को भेजी गई है। शासन अगले सप्ताह तक इस पर निर्णय लेकर गाइडलाइन जारी कर देगा।

वर्ष	सहायता प्राप्त करने वालों की संख्या
2017-18 =	16,507
2018-19 =	20,413
2019-20 =	23,866
2020-21 =	23,592
2021-22 =	20,278
2022-23 =	23, 828
2023-24 =	21,662

- जाति प्रमाण पत्र भी स्वतः दिख जाएगा, जल्द जारी हो सकती है एसओपी

ऑनलाइन आवेदन के लिए बन रहा है पोर्टल

अत्याचार उत्पीड़न योजना में आवेदन के लिए एक पोर्टल भी बनाया जा रहा है। पोर्टल अगस्त के प्रथम सप्ताह तक शुरू हो सकता है। किस जिले में कितने मामले लंबित हैं, इसकी जानकारी एक क्लिक पर मिल सकेगी। बिना किसी वजह के मामले को लंबित रखने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों से जवाब-तलब किया जा सकेगा। पोर्टल का सुरक्षा ऑडिट निदेशालय स्तर पर चल रहा है।

क्या है अत्याचार उत्पीड़न योजना

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 और पीसीआर एक्ट के तहत अत्याचार से प्रभावित अनुसूचित जाति के परिवारों को 85 हजार से 8 लाख 25 हजार रुपये तक की सहायता दी जाती है। सहायता हत्या या मृत्यु, बलात्संग/सामूहिक बलात्संग होने पर दी जाती है।

क्या है आटो फेच

किसी सरकारी योजना के लिए जब आवेदन किया जाता है तो आवश्यक प्रपत्र लगाए जाते हैं। आवेदन की जांच के दौरान मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार, आय प्रमाण पत्र और जाति प्रमाण पत्र समेत अन्य प्रमाण पत्रों को (सरकारी दस्तावेज) दूसरे पोर्टल से स्वतः उठा लेने की प्रक्रिया को आटो फेच कहा जाता है।

आरटीओ में छापे की सूचना लीक पहले ही भाग निकले दलाल

एक घंटे पहले ही अधिकतर दलाल खिसक गए थे, टीम ने चार दलालों को पकड़ा

कार्यालय संवाददाता ,कानपुर

अमृत विचार। संभागीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में प्रशासनिक अधिकारियों ने छापा मारकर चार दलालों को पकड़ा। हालांकि छापेमारी के एक घंटे पहले ही अधिकतर दलाल खिसक गए थे। हर तरफ छापा पड़ने की चर्चा पहले ही फैल गई थी। बाद में एआरटीओ आलोक कुमार की तहरीर पर काकादेव पुलिस ने 12 लोगों के खिलाफ रंगदारी, धोखाधड़ी और सरकारी कार्य में बाधा डालने में रिपोर्ट दर्ज की है।

शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार कई अधिकारी और भारी पुलिस बल के साथ आरटीओ कार्यालय पहुंचे और मुख्य गेट बंद करा दिया। एक एक कमरे में तलाशी अभियान चलाया। चार दलालों को पकड़कर काकादेव पुलिस के हवाले कर दिया गया। छापे की सूचना लीक हो जाने से जिन कमरों में रोजाना भारी भीड़ लगती थी, वो अंदर से बंद था और किसी को अंदर आने की इजाजत नहीं थी। वाहनों के पंजीयन, ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी समेत अन्य काउंटरों पर छापेमारी के एक घंटे पहले ही दलाल भाग गए थे।

आरटीओ कार्यालय में छापेमारी के दौरान पकड़े गये दलाल। अमृत विचार

दलाल को ले जाती पुलिस।

बिना दलाल दनादन हुए कार्य

छापेमारी के एक घंटे पहले ही कार्यालय में सन्नाटा हो गया था। जो लोग अपना कार्य कराने के लिए दलालों के माध्यम से नहीं आये थे, उनके कार्य दनादन हुए क्योंकि छापा पड़ने से पहले ही अफसर अलर्ट हो गए थे।

अधिकारियों के जाते ही दलाल फिर सक्रिय

छापेमारी के बाद टीम जब चली गई तो कार्यालय के काउंटर फिर दलालों से गुलजार हो गये। पहले जैसी चहल पहल फिर लौट आई। पहले जैसे काम फिर होने लगे। शाम चार बजे जब दलाल पूरी तरह संतुष्ट हो गये कि अब कुछ नहीं होने वाला है तो एक बार फिर काउंटर गुलजार हो गये।

विकास भवन का गेट बंद कराकर छापा मारा

कानपुर। शुक्रवार को रावतपुर स्थित विकास भवन में प्रशासनिक अधिकारियों ने समाज कल्याण विभाग और डूडा में छापेमारी की। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्य गेट बंद करा दिया और किसी को भी अंदर आने-बाहर जाने की इजाजत नहीं दी। अफसरों और फरियादियों से जानकारी ली।

शुक्रवार को शाम चार बजे अचानक अधिकारियों की टीम विकास भवन पहुंची। समाज कल्याण विभाग के कार्यालय में मौजूद पीड़ितों से बात की और उनसे ये जानना चाहा कि वे किस कार्य के लिए समाज कल्याण आए हैं और कब से समाज कल्याण में दौड़ लगा रहे हैं।

अधिकारियों ने समाज कल्याण विभाग का रिकार्ड भी चेक किया और समाज कल्याण अधिकारी से भी कार्यों को लेकर बातचीत की। समाज कल्याण विभाग के बाद टीम ने डूडा में भी छापेमारी की। अधिकारियों को कई पीड़ितों से बात की, जो आवास के लिए कई कई माह से भटक रहे थे।

चकेरी थाने में हंगामा कर रहे लोगों को समझाती पुलिस। अमृत विचार

सिपाही ने व्यापारी को पीटा, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सब्जी वालों व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया विरोध

अमृत विचार। चकेरी थानाक्षेत्र के रामादेवी सब्जी मंडी में रिक्शा टकरा जाने पर एक पुलिस कर्मी ने चालक को जमकर पीटा। बीचबचाव करने आये मंडी समिति के उपाध्यक्ष को भी पीआरवी में तैनात पुलिसकर्मी पीटते हुए थाने ले आये। जिसके बाद सब्जी विक्रेताओं व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाने पहुंचकर हंगामा काटा। आरोप लगाया कि पुलिसकर्मी आये दिन मुफ्त में सब्जी मांगते हैं न देने पर धमकी देते हैं। पुलिसवालों पर कार्रवाई के आश्वासन पर मामला शांत हुआ।

रामादेवी मंडी समिति के उपाध्यक्ष अंशु गुप्ता के अनुसार शुक्रवार सुबह एक पुलिसकर्मी मंडी में सब्जी खरीद रखा था। इस दौरान कहां से गुजर रहे एक रिक्शा का पहिया उनके पैर में छू गया। इस पर पुलिसकर्मी ने चालक के साथ मारपीट शुरू कर दी।

उन्होंने बीच बचाव का प्रयास किया तो वह उनके साथ ही मारपीट करने लगा। जिस पर उन्होंने डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पीआरवी 0419 पहुंची। आरोप है कि पीआरवी में तैनात पुलिसकर्मी उन्हें ही पीटते हुए थाने ले आये। मारपीट की सूचना पर सब्जी विक्रेताओं के साथ बजरंग दल के कार्यकर्ता चकेरी थाने पहुंच गये और हंगामा शुरू कर दिया। आरोप लगाया कि पुलिसकर्मी आये दिन मुफ्त में सब्जी मांगते हैं और न देने पर धमकी देते हैं। इस संबंध प्रभारी निरीक्षक चकेरी अशोक दुबे के कार्रवाई का आश्वासन देने पर मामला शांत हुआ। उन्होंने बताया कि जांच की जा रही है।

सीएसए कर्मी ने दी जान से मारने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रिश्वत लेने में जेल भेजा गया था आरोपी कर्मचारी
- मुकदमे में अपने पक्ष में बयान देने का बना रहा दबाव

अमृत विचार। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के वरिष्ठ सहायक लिपिक के खिलाफ नवाबगंज थाने में जान से मारने की धमकी देने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पीड़ित का आरोप है कि पांच महीने पहले पारिवारिक पेंशन बनाने के नाम पर आरोपी लिपिक ने उनसे 12 हजार की रिश्वत मांगी थी। इस पर उन्होंने एंटी करप्शन विभाग में शिकायत कर उसे गिरफ्तार करवा दिया था। जेल से छूटने के बाद आरोपी अपने पक्ष में बयान देने को दबाव बनाते हुए धमकी दे रहा था।

पुराना कानपुर निवासी अमित कुमार ने बताया कि उसके पिता सुरेंद्र सिंह कटियार सीएसए के रसायन विभाग में कार्यरत थे। नौ अगस्त 2023 को उनका निधन हो गया था। इसके बाद मां रजनी देवी ने पारिवारिक पेंशन के लिए आवेदन किया था। पेंशन बनाने के नाम पर वरिष्ठ सहायक लिपिक शंकर बक्श सिंह 12 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहे थे। इस पर अमित ने एंटी करप्शन विभाग में शिकायत की तो टीम ने उसे जेल भेज दिया था। करीब तीन माह जेल में रहने के बाद हाईकोर्ट से जमानत पर मिलने लिपिक शंकर बक्श ने नौ जुलाई को अपने साथियों के साथ रोका और धमकी देते हुए अपने पक्ष में बयान न देने पर जान से मारने की धमकी दी। एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार ने बताया कि लिपिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी देकर रुपये ठगे

कानपुर। गुजैनी थानाक्षेत्र में साइबर ठग ने खुद को इंस्पेक्टर बताते हुए युवक से 5500 रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने साइबर सेल में रिपोर्ट दर्ज कराई।

जरौली निवासी अनिकेत दुबे ने बताया कि 23 जुलाई की सुबह 9 बजे उनके पास फोन आया। फोन करने वाला बोला कि मैं इंस्पेक्टर बोल रहा हूं, तुम इंटरनेट पर बहुत गंदे वीडियो देखते हो। तुम्हारे खिलाफ रिपोर्ट लिखने जा रहा हूं। अब तुम जेल जाओगे। शातिर ने धमकाते हुए मामला रफा दफा करने के लिए पैसे की मांग की। उन्होंने आरोपी के बताए नंबर पर 5500 रुपये ट्रांसफर कर दिए। 24 जुलाई को आरोपी ने दोबारा फोन कर 16500 रुपये की मांग की। जिसके बाद उन्हें ठगी का अहसास हुआ। जिस पर उन्होंने गुजैनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

इस्पात उद्योग में नवाचार को बढ़ावा, चुनौतियों का समाधान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आईआईटी ने स्टील अथॉरिटी के साथ किए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

अमृत विचार। देश में इस्पात उद्योग के विकास में अनुसंधान और तकनीकी परामर्श बढ़ाने के लिए आईआईटी कानपुर ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ शुक्रवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

इस समझौते के तहत दोनों संस्थान उद्योग के विकास में बाधक समस्याओं को नवाचार से दूर करने के साथ डीकार्बोनाइजेशन, अपशिष्ट उपयोग, लीन अयस्क के खनिज लाभकारीकरण और थोक सामग्री की आवाजाही पर कार्यप्रणाली और क्षमता को आसान बनाएंगे। आईआईटी के निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने कहा कि सेल के साथ यह सहयोग आईआईटी कानपुर की उद्योगों के साथ बढ़ती भागीदारी की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। संस्थान इस्पात मंत्रालय के सहयोग से एक सेक्शन 8 कंपनी के गठन के माध्यम से उद्योग में तकनीकी नवाचार के लिए अनुसंधान एवं विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता मजबूत करने का भी प्रस्ताव रखते हैं। इस्पात मंत्रालय के सचिव नागेन्द्र नाथ सिन्हा ने कहा कि आईआईटी कानपुर और सेल ने उद्योग क्षेत्र की तकनीकी चुनौतियों का समाधान करने का सहयोगात्मक प्रयास किया है। समझौता पत्र पर हस्ताक्षर के दौरान आईआईटी कानपुर के रिसर्च एंड डेवलपमेंट के डीन प्रो तरुण गुप्ता और सेल के आयरन एण्ड स्टील रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर के कार्यकारी निदेशक संदीप कुमार कर ने हस्ताक्षर किए। इस दौरान सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश, आईआईटी कानपुर के उप निदेशक प्रोफेसर ब्रज भूषण के अलावा डीन प्रोफेसर शलभ, प्रो कांतेश बालानी और प्रो जयंत के सिंह उपस्थित थे।

आईआईटी के प्रो. मणींद्र अग्रवाल व इस्पात मंत्रालय के सचिव नागेन्द्र नाथ।

टेलीग्राम से लिंक भेजकर नर्स से ठगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। साइबर ठगों ने हैलट में नर्स के रूप में कार्यरत किरन कुशवाहा से ऑनलाइन टेलीग्राम से लिंक भेज कर 65 हजार रुपये ठग लिए। किरन ने बताया कि ठगों ने विज्ञापन व अन्य प्रलोभन देकर लिंक भेजा, जिसको खोलने पर उनके बैंक खाते से चार बार में 65 हजार रुपये निकाल लिए गए। किरन की शिकायत पर कल्याणपुर थाना में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं आवास विकास निवासी हर्ष शुक्ला से ठगों ने ऑनलाइन धोखाधड़ी कर साढ़े चार हजार रूपये ठग लिए। हर्ष ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मै माता प्रसाद यादव पुत्र श्री खुशीराममे यादव निवासी 587ए/ 156, गाँधी नगर,तेलीबाग लखनऊ शपथ पूर्वक यह सूचित करता हूँ कि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार योजित सिंह यादव जन्म तिथि 29 नवम्बर 2009 है। कतिपय जगह पर मेरे पुत्र का नाम योजित यादव अंकित है। मेरे पुत्र को भविष्य में योजित सिंह यादव के नाम से ही जाना पहचाना जाए। माता प्रसाद यादव

Notice

I Nancy Abrol D/o Mr. Pradeep Abrol unfortunately I lost my pass certificate of I. C. S. E. Board class 10th. Whose particulars are as index No. 1196248/019year of passing March - 2019and my paas certificate of I. C. S. E Board class 12th. Whose particulars are as index No. 2213900/038year of passing March -2021 School's Lakhimpur kheri Name Saint Ann college Palia Kalan district - Lakhimpur kheri. R/o village & post & police station Bhira kheri, palia District Lakhimpur kheri (U.P)

सूचना

मेरी हाईस्कूल अनुक्रमांक 23139048 वर्ष 2020 और इंटरमीडिएट अनुक्रमांक 23630966 वर्ष 2022, आधार कार्ड नंबर 698461152862, पेन कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र के मूल प्रमाण पत्र 16 जुलाई 2024 को सैफई तहसील आते समय कहीं गिर गये हैं। कोई दुरुपयोग न हो इसके लिए सूचना दी जा रही है। **पारस यादव पुत्र सुशील कुमार निवासी नगला नेता पोस्ट हरदोई जिला इटावा।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने अपने पुत्र अभिषेक कश्यप व बहू मंजू कश्यप को उनके समाज विरोधी गतिविधियों, गलत व्यवहार व क्रियाकलापों के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके द्वारा किसी भी प्रकार के लेनदेन का वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **हरि किशन कश्यप पुत्र टेढ़े नि0 ग्राम गुरुडवा देवरिया जिला सीतापुर, वर्तमान पता B–146, आजाद नगर बालागंज कैंपवेल रोड, लखनऊ।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं विनोद कुमार पुत्र भगौती प्रसाद अपनी मर्जी से अपने पुत्र अनिकेत एवं बहू मान्सी को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। इनके द्वारा किसी भी प्रकार के कृत्य व लेन–देन से मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **विनोद कुमार पुत्र श्री भगौती प्रसाद नि0 ग्राम रेवाली बाजार, भगवंतपुर थाना रामपुर कलां तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर।**

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने बड़े पुत्र हरशीद राठौर को उसके चाल–चलन व आचरण व मेरे परिवार से हमेशा दुर्व्यवहार अथवा मारपीट करने के कारण उसको अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज से मेरा व मेरे परिवार से उसका कोई रिश्ता नाता नहीं रहा। उसके द्वारा कोई भी अपकृत्य या अपराध के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **कामता प्रसाद राठौर पुत्र बिहारी राठौर निवासी काकोरी रेलवे स्टेशन दुर्गागंज, अमेठिया, सलेमपुर, काकोरी, जिला लखनऊ।**

सूचना

सर्व धारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल सन 2012 व इंटरमीडिएट सन 2014का अनुक्रमांक /प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। जिसका हाई स्कूल अनुक्रमांक 2428700 व इंटरमीडिएट का अनुक्रमांक 1773 115 है। सौरभ कुमार कुशमेश पुत्र स्व चंद्रिका प्रसाद निवासी ग्राम रानी कटरा कोतवाली टिकैत नगर तहसील सिरौली गौसपुर जिला बाराबंकी

सूचना

मैंने, अपनी पुत्री वंशिका सिंह का नाम बदलकर तेजस्वी सोनी रख दिया है। भविष्य में इसे तेजस्वी सोनी के नाम से जाना पहचाना जाये एवं सभी अभिलेखों में सही नाम दर्ज किया जाये– प्रियंका वर्मा पुत्री बृज किशोर वर्मा नि.– म. न. 537/घ 150, श्रीनगर कॉलोनी, सीतापुर रोड, मोहिबूल्लापुर लखनऊ

सूचना

मेरी दुकान सं – S96 और S97 ई ब्लॉक मार्केट राजाजीपुरम लखनऊ के आवंटन पत्र और कब्ज़ा पत्र की मूल प्रति खो गयी है जिसका प्रयोग अवैध है – संतोष कुमार पुत्र कनहिया लाल गुप्ता निवासी – D–1/142, विराजखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र सुरेश जुयाल को उसके गलत आचरण व कार्य व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल– अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। उसके द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार के सदस्य से कोई वास्ता व सरोकार न होगा। **गायत्री देवी जुयाल पत्नी स्व0 महीधर प्रसाद जुयाल निवासिनी डी–193, फेस–2, टिकैतराय तालाब, एल.डी.ए. कालोनी, थाना– बाजार खाला, लखनऊ।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं शैक्षिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम राज कुमार बंसल अंकित है। परन्तु मैंने अपना नाम बदलकर हरी जी बंसल HARI G BANSAL रख लिया है। तथा मैं अब हरी जी बंसल HARI G BANSAL के नाम से जाना व पहचाना जाता हूं। **हरी जी बंसल HARI G BANSAL पुत्र गौरी शंकर अग्रवाल निवासी 6/1050, जानकीपुरम विस्तार, सेक्टर–6, निकट भवानी चौराहा, थाना जानकीपुरम, लखनऊ।**

सूचना

Pramod Sukla, son of Jagdish Chandra, resident of village Chaudhariyapur police station Sandi tehsil Bilgram district Hardoi, Army No. 14445011H RANK Hav pramod sukla That my wife's correct name is Sneh Shukla and date of birth is 15.06.1983, whereas in the service record, Sneh Lata and date of birth is 28.02.1984 and father's correct name is Jagdish Chandra and date of birth is 05.06.1951, whereas in the service record, Jagdish Sukla and date of birth is 01.07.1952 and mother. Her real name is Rajeshvri and date of birth is 01.01.1950 whereas in the service records, Geeta Sukla and date of birth is 01.07.1957 and instead of sons' names Ashish Shukla S/O Pramod Shukla and Manish Shukla s/o Pramod Shukla has been written in to Army Record as Ashish Sukla s/o Pramod Sukla, Manish Sukla s/o Pramod Sukla.

मैगी प्वाइंट पर जमकर हंगामा डॉक्टर की पिटाई

कानपुर। स्वरूप नगर थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात गोल चौराहे पर मैगी प्वाइंट पर जमकर हंगामा हुआ। दबंगों ने एक डॉक्टर की पिटाई कर दी। जिससे वह चुटहिल हो गए। जब तक पुलिस पहुंची आरोपी भाग निकले।

गोल चौराहे के पास मुरारीलाल अस्पताल गेट पर स्थित मैगी प्वाइंट पर गुरुवार देर रात नशेबाज युवकों ने ने केजीएमयू के डॉक्टर को पीट दिया। उन्होंने अपने साथी डॉक्टरों को सूचना दी तो दर्जनों की संख्या में डॉक्टर और मेडिकल छात्र मौके पर पहुंचे। बवाल की सूचना पर स्वरूप नगर थाने का फोर्स भी पहुंचा लेकिन तब तक आरोपी भाग निकले। पुलिस ने कहा कि किसी ने तहरीर नहीं दी है। अगर तहरीर मिलती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी। लोगों ने बताया कि हैलट से लेकर रावतपुर तक सड़क के किनारे दर्जनों मैगी प्वाइंट हैं जिनपर अराजकता होती है।

खाद्य पदार्थों के नमूने लेते खाद्य सुरक्षा टीम के सदस्य। अमृत विचार

रेस्टोरेंट और स्वीट हाउस से टीम ने भरे नमूने

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मिलावट और अशुद्ध खाद्य पदार्थों के खिलाफ शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने अभियान चलाया। पांच प्रतिष्ठानों में छापा मारकर पनीर, खोवा, मिश्रित दूध के नमूने लिए। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय संजय प्रताप सिंह ने बताया कि नमूनों की जांच रिपोर्ट आने पर प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय के निर्देश पर शुक्रवार को किदवईनगर और ग्वालटोली में पांच प्रतिष्ठानों में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने निरीक्षण किया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी ने किदवईनगर स्थित इंपीरियो रेस्टोरेंट से पनीर, श्यामजी स्वीट से खोवा, ग्वालटोली गुप्ता स्वीट हाउस व शंकर मिष्ठान दुग्ध भंडार से मिश्रित दूध और विनोद कटियार के यहां से दूध का नमूना लिया। पांच नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

ट्रक से 350 पेटी शराब पकड़ी चालक फरार

कानपुर। जीएसटी विभाग की टीम ने शुक्रवार को ट्रक से पंजाब से लाई जा रही 350 पेटी शराब पकड़ी। ट्रक चालक फरार हो गया। अधिकारियों ने ट्रक और शराब को आबकारी विभाग को सौंप दिया है।

जीएसटी अधिकारियों की टीम की ओर से शुक्रवार को बारा टोल प्लाजा के आस-पास चेकिंग की जा रही थी। अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान एक ट्रक संदिग्ध दिखा तो उसे रोककर चालक से पूछताछ की गई।

उसने ट्रक में पंजाब का माल लदा होना बताया। जांच के लिए जब चालक से कहा गया तो वह ट्रक छोड़कर फरार हो गया। अधिकारियों की ओर से ट्रक को विभाग लाया गया। ट्रक में से शराब की 350 पेटियां निकलीं। शराब निकलने पर उसे आबकारी विभाग को सौंप दिया गया है। ट्रक नंबर के आधार पर मालिक और चालक का पता किया जा रहा है।

जयाप्रदा कल करेंगी मुख्यालय का उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बहन फाउंडेशन संगठन में हैं 30 हजार सदस्य
- पांच दिन फाउंडेशन मनाएगा राखी का त्योहार

अमृत विचार। फिल्मी हस्ती, पूर्व सांसद जयाप्रदा 28 जुलाई को गोविन्दनगर में बहन फाउंडेशन के मुख्यालय का उद्घाटन करेंगी। यह जानकारी भाजपा नेता अजय कपूर ने दी। कपूर बहन फाउंडेशन के संस्थापक हैं।

प्रेसवार्ता में उन्होंने बताया कि लगभग 12 वर्ष पुरानी संस्था बहन फाउंडेशन का मुख्यालय गोविंदनगर में उनके कैम्प ऑफिस के निचले तल में खोला जाएगा जिसका उद्घाटन 28 जुलाई को जयाप्रदा करेंगी। उन्होंने बताया कि बहन फाउंडेशन गैर राजनीतिक संगठन है। फाउंडेशन का अबकी पांच दिवसीय राखी महोत्सव होगा। राखी महोत्सव 25 वर्ष से हो रहा है। बहन फाउंडेशन में 30 हजार सदस्य और 800 कैप्टन बहनें हैं। प्रति कैप्टन 15 महिलाएं जुड़ी हैं जो एक नियमित अंतराल में घरों पर बैठकें करके आपस में संवाद करती हैं और जरूरतमंद महिला व परिवार की मदद करती हैं। कैप्टनों की संख्या बढ़ाई जाएगी। संगठन का कार्य मोदी-योगी सरकार की महिला कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार व पात्रों को लाभ दिलाना, स्वास्थ्य व शिक्षा में सदस्य महिला की सहायता करना है। फाउंडेशन की सदस्य संख्या एक लाख पहुंचाने का लक्ष्य है।

अजय कपूर।

शादी का झांसा देकर छात्रा से दुष्कर्म, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। चकेरी थानाक्षेत्र में एक युवक ने शादी का झांसा देकर चार साल तक छात्रा से दुष्कर्म किया। आरोपी के परिजन पहले तो शादी के लिए तैयार थे, मगर पीड़िता की मां के मौत बाद युवक समेत उसके परिजनों ने शादी से इंकार कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

चकेरी के एक इलाके की रहने वाली युवती एमए की छात्रा है। वर्ष 2020 में बुलदंशहर निवासी मोहित सोलंकी से घंटाघर में मुलाकात हुई और दोस्ती हो गई। इसके बाद मोहित उनके घर आने जाने लगा और शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करता रहा। इस दौरान मोहित की मां मंजू, पिता नेपाल सिंह, भाई रोहित, मामा जितेंद्र व देवेंद्र कई बार उनके घर आये और सभी लोग शादी का आश्वासन देते रहे। जुलाई 2023 को पीड़िता की मां का देहांत हो गया। जिसके बाद मोहित के परिजन शादी की बात से मुकर गए। साथ ही कहने लगे कि पांच लाख रुपये ले लो और जो हुआ उसे भूल जाओ। विरोध करे पर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। इस संबंध मे प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

शेयर बाजार कानपुर के निवेशकों की संपति में करीब 1200 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी का अनुमान

बजट का ब्रेक छूटा, बाजार सरपट दौड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शेयर बाजार ने बजट के कारण आई गिरावट से उबरते हुए हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन मजबूत रिकवरी की। सेंसेक्स 1293 अंक बढ़कर 81,332 तो निफ्टी 429 अंक बढ़कर 24,834 पर बंद हुआ। निफ्टी के लिए अब 25,000 का ऐतिहासिक स्तर दूर नहीं माना जा रहा है। कानपुर के निवेशकों की संपति में करीब 1200 करोड़ रुपये की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है।

बजट में कैपिटल गेन टैक्स बढ़ाए जाने की घोषणा से बाजार में तेज गिरावट आई थी। इसके बाद 24 और 25 जुलाई को ओवर आल मार्केट नीचे बंद हुआ लेकिन मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में अच्छी खरीदारी हुई थी।

लंबी अवधि के रिटेल निवेशकों को लाभ

आर्थिक विशेषज्ञ राजीव सिंह के अनुसार बाजार बढ़ने के प्रमुख कारण लांग टर्म कैपिटल गेन टैक्स के लिए कर मुक्त लाभ सीमा 1 लाख से बढ़कर 1.25 लाख रुपये होना है, जो लंबी अवधि के रिटेल निवेशकों के लिए फायदेमंद है। बजट के दिन 'अमृत विचार' ने इस बात को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके अलावा आयात शुल्क घटने से सोना–चांदी में हुई गिरावट के बाद निवेशकों ने शेयर बाजार का रुख किया है। अन्य कारणों में पहली तिमाही में पंजीकृत कंपनियों के अच्छे नतीजे का अनुमान और वैश्विक बाजार से अच्छे संकेत मिलना है। कुछ असर फोमो (फियर ऑफ मिसिंग आउट) का भी रहा, जिन निवेशकों ने बजट के बाद खरीदारी करने का मन बनाया था उन्होंने खरीदारी शुरू कर दी कि कहीं मार्केट तेजी से ऊपर गया तो दोबारा इस स्तर पर खरीद का मौका नहीं मिल पाएगा

लंबे समय में बाजार ने दिया अच्छा रिटर्न

पिछले दो दशक में सरकारों का इतिहास देखें तो बाजार ने लंबी अवधि में हमेशा अच्छा रिटर्न दिया है।

बाजार का रिटर्न (प्रतिशत में)	प्रधानमंत्री
88%	नरेंद्र मोदी (द्वितीय कार्यकाल)
60%	नरेंद्र मोदी (प्रथम कार्यकाल)
78%	मनमोहन सिंह (द्वितीय कार्यकाल)
168%	मनमोहन सिंह (पहला कार्यकाल)

आज का मौसम

तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की वर्षा होने के आसार हैं।

35.4⁰	27.6⁰
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:31	सूर्यास्त 06:59

एक नजर

रूमा में ट्रेन से कटकर ट्रैकमैन की मौत

कानपुर। नर्वल थाना क्षेत्र के हाजीपुर करीम निवासी रेलवे ट्रैकमैन 28 वर्षीय योगेन्द्र कुमार रूमा में काम कर रहा था। तभी ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। उनके भाई अनिल और मां सुमन ने बताया कि उनकी चकेरी में पोस्टिंग थी। शुक्रवार को उनकी ड्यूटी रूमा में लगी थी।

कूलर के करंट से महिला की जान गई

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र में एक महिला की कूलर में आये करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। पीएसी मोड़ नेता जी नगर निवासी 45 वर्षीय अनीता घरों में काम करती थी। शुक्रवार को वह कृष्णा नगर निवासी पूर्व पार्षद गोपाल गुप्ता के मकान में किराये पर रहने वाले उमाशंकर गौड़ के यहां पर काम करने गई थी। इसी दौरान साफ-सफाई करने के दौरान वह कूलर के करंट की चपेट में आकर चिपक गई। उमाशंकर कूलर को बंद करके उसे कांशीराम अस्पताल ले गए जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि करंट की चपेट में आने से महिला की मौत हुई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

विकास कार्यों की निगरानी के लिए टीम बनेगी -सीडीओ

कानपुर। नवागत मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) दीक्षा जैन ने शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। सीडीओ ने कहा कि टीम गठित कर विकास कार्यों की निगरानी कराई जाएगी। सभी योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को देने के प्रयास किए जाएंगे। गांवों में विकास कार्य मानक के अनुरूप, समय पर कराना प्राथमिकता है। शुक्रवार को 2019 बैच की आईएएस अफसर दीक्षा जैन ने कानपुर में सीडीओ का चार्ज संभालने के बाद कहा कि किसी भी पीड़ित को भटकने नहीं दिया जाएगा। विकास कार्यों की जांच के लिए टीम बनाई जाएगी जो कार्यों की मानीटरिंग करेगी। लापरवाही करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

आखिर नींद से जागी एनएचएआई समानांतर हाईवे पर बैठक बुलाई

कबरई तक फोरलेन हाईवे के लिए भूमि अधिग्रहण समिति की बैठक अगले माह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

112 किमी होगी समानांतर हाईवे की लंबाई

37 सौ करोड़ रुपये लागत है प्रोजेक्ट की

700 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण होगा

अमृत विचार। रमईपुर से हमीरपुर होते हुए कबरई तक प्रस्तावित कानपुर-कबरई फोरलेन समानांतर हाईवे निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण समिति की बैठक अगस्त के पहले सप्ताह में होगी। मुख्यालय से इस बैठक की मंजूरी मिलने के बाद योजना के धरातल पर उतरने की उम्मीद बलवती हो गई है। भूमि अधिग्रहण के लिए अलाइनमेंट रिपोर्ट मुख्यालय को करीब एक वर्ष पहले सौंपी जा चुकी है। भूमि अधिग्रहण समिति की एक बैठक में प्राथमिक मंजूरी के बाद एनएचएआई अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण मामला रुका पड़ा था।

वर्तमान में नौबस्ता-हमीरपुर हाईवे के रास्ते हमीपुर, कबरई से बड़े पैमाने पर गिट्टी, मौरंग कानपुर, लखनऊ, सीतापुर, गोंडा, बहराइच, अयोध्या, लखीमपुर आदि जिलों को भेजी जाती है। हर दिन सैकड़ों ट्रक और डंपर माल लेकर दौड़ते रहते हैं। राजमार्ग अधिकारियों के मुताबिक हर दिन लगभग दो लाख से अधिक वाहन इस मार्ग पर गुजरते हैं। ऐसे में कानपुर-सागर हाईवे टू लेन होने से आए दिन दुर्घटना और जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है।

इसका समाधान करने के लिए रमईपुर से कबरई तक 3700 करोड़ की लागत से 112 किलोमीटर लंबे फोरलेन समानांतर हाईवे बनाने की योजना बनायी गई है, जो कानपुर नगर, देहात, हमीरपुर व महोबा से होकर गुजरेगा। अब भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों को दिल्ली स्थित मुख्यालय से भूमि अधिग्रहण बैठक के लिए बुलाया गया है। अगस्त के पहले सप्ताह में यह बैठक आयोजित होगी।

भूमि अधिग्रहण के लिए अलाइनमेंट रिपोर्ट मुख्यालय को लगभग एक वर्ष पहले ही सौंपी जा चुकी है। भूमि अधिग्रहण की स्वीकृति के लिए समिति बैठक कई माह पहले हुई थी। इसमें प्राथमिक मंजूरी मिलने के बाद दूसरी बैठक होनी थी, लेकिन एनएचएआई अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण मामला रुका पड़ा था। लोकसभा चुनाव के कारण आचार संहिता लगने पर योजना अधर में लटक गई थी। अब शुक्रवार को आए आदेश से योजना के धरातल पर उतरने की संभावना बढ़ गई है।

4 जिलों के 96 गांवों से गुजरेगा हाईवे

योजना में कानपुर नगर के 51 गांव, फतेहपुर जनपद के 4, हमीरपुर के 26 और महोबा के 15 गांव शामिल हैं।

- **कानपुर नगर** - शंभुआ, कठेरूआ, काकोरी, चौराई, हड़हा, छौकी, किशुनपुर मंझावन, खेरसा, कटुई, मगरासा, रमईपुर, बाजपुर, लुधौरी, हाजीपुर, शुंभआ-2
- **घाटमपुर तहसील** - बरौली, रायपुर, पड़री लालपुर, सतरहुली, सरांय, सिरोह, भदेवना, छाजा, रामसारी, मिर्जापुर, कुम्हेड़िया, ओरिया, बम्हौरा, इतर्रा, गुच्चुपुर, परास प्रथम खंड, कोरिया पश्चिमी, कोहरा, सजेती, बम्हौरी, चितौली, अनोइया, बावन, मदुरी, बरीपाल, असगहा, पड़री गंगादीन, सिरसा, कंधौली,धरछुआ, मैधरी, असवार मऊ, समुही, लहुरीमऊ कासिमपुर, परास द्वितीय खंड, कोरिया पूर्वी
- **फतेहपुर की बिंदकी तहसील** - परसेंढ़ा एहतमाली, परसेंढ़ा मुस्तकिल, गंगूपुर, श्यामपुर
- **हमीरपुर** - देवगांव गहतौली, जलाला, पचखुरा बुजुर्ग, टेढ़ा, अराजी मुतनाजा पंधेरी, पढ़ौली, पारा, इटरा, चंदनपुरवा बुजुर्ग, भौनियां, पत्योरा दरिया, पत्योरा डांडा।
- **मौदहा तहसील** - परछा, अरतरा, सढ़ा, अखईपुर, करहिया, गिधरस, मदारपुर, छिमौली, अकोना, रतवा, मौदहा, रीवन गांव शामिल हैं।

रिटायर्ड कैप्टन के घर से 23 लाख की चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

चोरी के बाद घर के अंदर बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

- नौबस्ता थानाक्षेत्र के हंसपुरम इलाके में वारदात
- घर पर इन दिनों चल रहा है निर्माण कार्य

अमृत विचार। नौबस्ता थानाक्षेत्र में रहने वाले सेवानिवृत्त कैप्टन के घर में गुरुवार देर रात घुसकर चोरों ने करीब 23 लाख रुपये के नकदी व जेवरात पार कर दिए। घटना के दौरान कैप्टन की पत्नी घर में अकेले थीं। सुबह जागने पर उन्हें घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने जांच पड़ताल की, जिसमें पता चला कि चोर घर के पीछे के रास्ते से घुसे थे।

नौबस्ता, हंसपुरम निवासी महेश नारायण सेना से कैप्टन के पद से सेवानिवृत्त हैं और इन दिनों लखनऊ में की एक निजी कंपनी में सिक्योरिटी चीफ के पद पर कार्यरत हैं। परिवार में पत्नी दुर्गा और बेटा अमित हैं। अमित घर से बाहर रहता है। गुरुवार को उनकी पत्नी छत पर स्थित कमरे में सोने चली गईं। शुक्रवार सुबह जब उनकी आंख खुली तो कमरे में रखी अलमारियों के लॉकर टूटे पड़े मिले। उन्होंने बताया कि अलमारी में रखे करीब 20 लाख के जेवरात और करीब ढाई लाख की नकदी गायब मिली। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज आरोपियों को तलाश की जा रही है। रिटायर्ड कैप्टन ने बताया कि उन्होंने घर के अंदर व बाहर सीसीटीवी कैमरे लगा रखे हैं, लेकिन इन दिनों घर में निर्माण कार्य चलने के कारण कैमरों के कनेक्शन हटा दिए गए थे।

गल्ला मंडी से पूर्ण डायवर्जन लागू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

गल्ला मंडी के पास मेट्रो का काम चल रहा है। इस रोड पर अब नहीं चलेंगे बड़े वाहन।

- डबल पुलिया मेट्रो स्टेशन के निर्माण ने पकड़ी रफ्तार

अमृत विचार। मेट्रो रेल परियोजना के कॉरिडोर-टू के काम का दायरा बढ़ने पर यातायात पुलिस ने विजय नगर गल्ला मंडी चौराहा से अखिलेश्वर मंदिर के बीच सड़क पर पूर्ण डायवर्जन की अनुमति दे दी है। मेट्रो ने हल्के और भारी वाहनों के लिए डायवर्जन लागू कर दिया है। जबकि पैदल व बाइक सवारों के लिए तीन मीटर का रास्ता खुला रहेगा।

कॉरिडोर-टू (सीएसए से बर्रा-8) के रावतपुर से डबल पुलिया भूमिगत सेक्शन के तहत डबल पुलिया मेट्रो स्टेशन का निर्माण कार्य हो रहा है। मौजूदा समय में यहां स्टेशन के लिए डायफ्राम वॉल, डी-वॉल का काम चल रहा है। स्टेशन निर्माण के लिए यातायात पुलिस की अनुमति से अप्रैल माह से डायवर्जन प्लान लागू किया गया था। इस डायवर्जन प्लान के तहत विजय नगर चौराहा से नमक फैक्ट्री चौराहा की तरफ जाने वाले वाहनों के लिए गल्ला मंडी चौराहा से डबल पुलिया स्थित अखिलेश्वर मंदिर के बीच करीब 6.6 मीटर चौड़ी वैकल्पिक सड़क छोड़ी गई थी। मेट्रो के सिविल निर्माण कार्य का दायरा बढ़ने के बाद अब यातायात पुलिस ने गल्ला मंडी चौराहा से अखिलेश्वर मंदिर के बीच सड़क पर पूर्ण डायवर्जन की अनुमति दे दी है, जिसके बाद शुक्रवार से इस सड़क पर डायवर्जन लागू कर दिया गया है। विजय नगर चौराहा से नमक फैक्ट्री चौराहा की तरफ जाने वाले हल्के वाहन पहले के डायवर्जन प्लान के अनुसार ही गल्ला मंडी चौराहा से बाएं मुड़कर गुरूकृपा बेकरी से दाहिने जाने वाली सड़क पर सीधे आगे बढ़ सकते हैं। वहीं, भारी वाहनों को विजयनगर चौराहा से दाहिने मुड़कर मरियमपुर की तरफ बढ़ना होगा।

सर्किल रेट वृद्धि पर सपा विधायक ने जताई आपत्ति

कानपुर। सर्किल रेट में बढ़ोत्तरी को लेकर आर्य नगर से सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने जिलाधिकारी को कई आपत्तियों के साथ पत्र देकर जवाब मांगा है। विधायक का कहना है कि एक अगस्त को जिलाधिकारी मूल्यांकन सूची वर्ष 2024 लागू होनी है। पूरे जिले में किसी गांव का रेट नहीं बढ़ाया गया है, ऐसा इसलिए किया गया है, ताकि प्रदेश सरकार को भूमि अधिग्रहण में किसानों को बढ़ी दर से मुआवजा ना देना पड़े। शहरी क्षेत्र के रेट 50 प्रतिशत बढ़ाए गए हैं, जबकि रजिस्ट्रेशन शुल्क पहले ही बढ़ाकर कुल मूल्यांकन का एक प्रतिशत लिया जा रहा है। औद्योगिक दरों में छूट कम की गई है। पूर्व की रेट सूची में 40 प्रतिशत व 60 प्रतिशत घटाकर मूल्यांकन की व्यवस्था थी, जिसे घटाकर 30 प्रतिशत किया गया है, जो शासन की मंशा के विपरीत है।

विवि की महिला प्रोफेसर को लूटने वाले तीन लुटेरे गिरफ्तार

संवाददाता कल्याणपुर

तीन लुटेरे पुलिस ने पकड़े। अमृत विचार

- यूनिवर्सिटी कैंपस में स्थित आवास में हुई थी वारदात, मास्टरमाइंड नेपाल फरार
- पकड़ा गया एक लुटेरा यूनिवर्सिटी के फाइनेंस ऑफिसर का शेफ है

अमृत विचार। कल्याणपुर थानाक्षेत्र में छत्रपति शाहू जी महाराज यूनिवर्सिटी कैंपस में महिला प्रोफेसर के घर में लूटपाट करने वाले तीन शातिरों को कल्याणपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लूटकांड का मुख्य आरोपी मास्टरमाइंड नेपाल फरार हो गया। पकड़ा गया एक लुटेरा यूनिवर्सिटी के फाइनेंस ऑफिसर का शेफ है।

एडीसीपी पश्चिम विजेंद्र द्विवेदी ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि यूनिवर्सिटी कैंपस निवासी प्रोफेसर डॉ कल्पना अग्निहोत्री के घर पर 14 जुलाई को नकाबपोश बदमाश ने घर में घुसकर लूटपाट की थी। वह जेवरात, मोबाइल और कैश ले गया था। कल्याणपुर पुलिस ने वारदात का खुलासा करते हुए तीन आरोपी बैरी बिठूर रोड कल्याणपुर निवासी अमन कटियार, सौरभ और शिवली निवासी विशांक कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी मूल रूप से नेपाल का रहने वाला शनि थापा जेवरात समेत नेपाल भाग निकला। उन्होंने बताया कि लूटकांड में लुटेरे प्रोफेसर का मोबाइल भी उठा ले गए थे। मोबाइल को पुलिस ने सर्विलांस में लगाया था। मोबाइल बिठूर के बैरी क्षेत्र में लगातार ऑन ऑफ हो रहा था। पुलिस ने इसी आधार पर बैरी में जांच की तब पता चला कि यूनिवर्सिटी के फाइनेंस ऑफिसर के घर में सौरभ शेफ का काम करता है जो बैरी में रहता है। पुलिस ने संदेह के आधार पर सौरभ को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो लूट का खुलासा हो गया। एडीसीपी के अनुसार जांच में सामने आया कि नेपाली शनि थापा छह से सात साल पहले यूनिवर्सिटी कैंपस के गर्ल्स हॉस्टल में ही काम करता था। कुछ समय पहले चोरी के आरोप में पुलिस ने उसे जेल भेजा था। फाइनेंस ऑफिसर के घर के शेफ सौरभ ने वारदात को अंजाम दिलाने के लिए शनि थापा की जमानत कराई। इसके बाद आगे की योजना बनाई गई।

उन्होंने बताया कि वारदात वाले दिन अमन और विशांक यूनिवर्सिटी के मुख्य गेट के पास कार लेकर खड़े थे। जबकि सौरभ सभी को फोन पर आदेश दे रहा था। शनि थापा ने प्रोफेसर के घर में घुसकर उनके पैर छूकर बेटी के कैंसर का इलाज कराने के लिये लूट की बात कही थी।

एजेंसी से संपर्क कर रखी नौकरानी, पार किए गहने

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। स्वरूप नगर थानाक्षेत्र में एक महिला ने घरेलू काम के लिए ऑनलाइन एजेंसी के माध्यम से नौकरानी को काम पर रखा। एक सप्ताह काम करने के बाद नौकरानी अलमारी में रखे गहने लेकर फरार हो गई। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नागेश्वर विला निवासिनी नेहा सिद्दीकी ने पुलिस को बताया कि नौकरानी के लिए ऑनलाइन सर्च करके दिल्ली की एक एजेंसी संचालक मुनेश से संपर्क किया। मुनेश ने 19 जुलाई को अनिया कुमारी नाम की एक महिला को धीरज नाम के व्यक्ति के साथ उनके घर भेजा। बातचीत कर नेहा ने उसे काम पर रख लिया। 22 जुलाई की शाम 5 बजे करीब नेहा योगा क्लासेज के लिए घर से बाहर गईं। 6:20 पर वह घर लौटीं तो अनिया टहलने की बात कहकर बाहर चली गई। इसके बाद से नहीं लौटी। शक होने पर उन्होंने अलमारी खोली तो वहां रखे गहने गायब मिले। एजेंसी संचालक ने पल्ला झाड़ लिया।

35 किसानों को मिलेगा मुआवजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

> मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक में सड़क निर्माण की प्रगति रिपोर्ट रखी गई थी। मुआवजा तय होने के बाद 35 किसानों की भूमि अधिग्रहीत की जाएगी।
>
> -राकेश कुमार यादव, अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी।

अमृत विचार। चकेरी-पाली मार्ग निर्माण के लिए 20 बीघा भूमि अधिग्रहीत करने के लिए राजस्व विभाग ने 35 किसानों को चयनित किया है। मंडलायुक्त ने जल्द मुआवजा वितरण कर भूमि अधिग्रहण के निर्देश दिए हैं। अब राजस्व विभाग किसानों की मुआवजा राशि तय कर रहा है।

चकेरी-प्रयागराज हाईवे से छतमरा होते हुए पाली, सजारी तक जाने वाला मार्ग छतमरा तक टू लेन है, इसके आगे सड़क काफी संकरी है। औद्योगिक क्षेत्र के पास से इसे पाली, सजारी तक टू लेन किया गया है। आवागमन सुविधा सही न होने से उद्यमी कतरा रहे है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने औद्योगिक इकाईयों को बढ़ावा देने के लिए यहां ग्रीनफील्ड फोरलेन निर्माण की कवायद शुरू की थी। पीडब्ल्यूडी की बनाई डीपीआर मुख्यालय से स्वीकृत होने के बाद दो किमी लंबा यह मार्ग 18 करोड़ से बनाया जाना है। 100 करोड़ रुपये इस मार्ग के चौड़ीकरण के लिए भूमि अधिग्रहण पर खर्च होंगे।

अधिग्रहण के लिए भूमि का चिन्हांकन हो गया था, लेकिन चुनाव आचार संहिता से काम रुका था। अब पीडब्ल्यूडी ने राजस्व विभाग के साथ सर्वे कर 35 किसानों की 20 बीघा जमीन चयनित की है। शुक्रवार को मंडलायुक्त अमित गुप्ता के साथ हुई बैठक में पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता ने प्रगति रिपोर्ट पेश की।

सीसामऊ उपचुनाव 1996 के बाद से यहां लगातार विधानसभा चुनाव हार रही है भाजपा

अनुसूचित जाति के नेता को उतार सकती है भाजपा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

नसीम सोलंकी, सलिल विश्नोई, अनिल शुक्ला वारसी, सुरेश अवस्थी के नाम चल रहे।

अमृत विचार। सीसामऊ विधानसभा सीट पर भाजपा को जिताऊ चेहरे की तलाश है। पार्टी यहां किसी अनुसूचित जाति के कार्यकर्ता को मैदान में उतारने पर विचार कर रही है, लेकिन पूर्व में चुनाव लड़ चुके सलिल विश्नोई और सुरेश अवस्थी भी टिकट के लिए जोर लगाए हैं, तो पूर्व सांसद अनिल शुक्ल वारसी ने भी दावेदारी पेश कर दी है। हालांकि विधानसभा क्षेत्र में आने आने वाले मंडल अध्यक्षों की राय क्षेत्र के कार्यकर्ता को उम्मीदवार बनाने की है। वे लगातार इस बात का दबाव भी प्रभारी और सह प्रभारी पर बना रहे हैं। उधर, समाजवादी पार्टी इस सीट पर सदस्यता गंवा चुके विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी का टिकट घोषित कर चुकी है। उन्होंने प्रचार भी शुरू कर दिया है, जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ता साथ नजर आ रहे हैं।

सीसामऊ विधानसभा सीट मुस्लिम मतदाता बाहुल्य है। 1991 की राम लहर में पहली बार यहां से भाजपा के राकेश सोनकर विधायक बने थे। वे 1993 और 1996 में भी जीते। लेकिन 2002 में कांग्रेस ने भाजपा से यह सीट झटक ली और 2007 में भी चुनाव जीती। इसके बाद 2012 में परिसीमन बदला तो यह सीट समाजवादी पार्टी के हिस्से में आ गई। इसके बाद हुए चुनाव में यहां से आर्यनगर के विधायक रहे इरफान सोलंकी जीते।

इरफान ने 2017 और 2022 में भी यहां से चुनाव जीता। लेकिन जाजमऊ में आगजनी मामले में सजा मिलने के बाद उनकी सदस्यता रद हो गई है। अभी इस सीट पर उप चुनाव की तिथि घोषित नहीं हुई है लेकिन भाजपा इस बार सपा से यह सीट छीनने की व्यूह रचना में जुटी है। पार्टी के विधानसभा प्रभारी कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, सह प्रभारी कैबिनेट मंत्री नितिन अग्रवाल लगातार क्षेत्र का दौरा कर कार्यकर्ताओं का मन टटोल रहे हैं। माना जा रहा है कि अभी नेतृत्व की निगाह किसी ऐसे चेहरे पर नहीं टिकी है जो क्षेत्र का हो और जिताऊ हो। सलिल विश्नोई 2022 में इस सीट से चुनाव हारे थे तो 2017 में सुरेश अवस्थी को हार मिली थी। 2022 में सुरेश अवस्थी को आर्यनगर से चुनाव लड़ाया था।

मुस्लिम मतदाता साधने पर पशोपेश में भाजपा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सीसामऊ विधानसभा सीट उप चुनाव को लेकर भाजपा अभी मुस्लिम इलाकों में नहीं पहुंची है, जबकि 100 बूथ मुस्लिम क्षेत्र में हैं।

2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को मुसलमानों का इस सीट पर लगभग 8 प्रतिशत वोट मिला था। कई भाजपा नेताओं का तर्क है कि इस लोकसभा चुनाव में पार्टी को यहां से मुस्लिम वोट नहीं मिला है, जबकि कई मुस्लिम कार्यकर्ताओं को बड़े-बड़े पद से नवाजा गया था। लेकिन सारी कवायद हवा-हवाई रही।

सीसामऊ विस क्षेत्र में लगभग 1 लाख 75 हजार मतदाता हैं। इनमें 100 बूथ मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में हैं। विधानसभा क्षेत्र में 21 वार्ड हैं, जिनमें 17 वार्ड पूरी तरह सीसामऊ विधानसभा में आते हैं जबकि अन्य 4 वार्डों का बड़ा हिस्सा दूसरी विधानसभा में आता है। भाजपा से पूर्व नगर अध्यक्ष रामदेव शुक्ला भी ताल ठोंक रहे हैं।

भावनात्मक वोट जानकर सपा खामोश

सीसामऊ उप चुनाव को लेकर सपा-कांग्रेस में अभी कोई बड़ी हलचल देखने को नहीं मिल रही है, इसके पीछे कारण ये है कि सीसामऊ सीट पर सपा के लंबे समय से कब्जा है और सपा का मानना है कि पूर्व विधायक हाजी इरफान सोलंकी के जेल में होने का भावनात्मक लाभ पार्टी को मिलेगा।

एससीआर पर सरकार की नजर, शहर में कारोबार जाएगा बिखर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- व्यापारियों ने राज्य राजधानी क्षेत्र से कानपुर को हटाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया

अमृत विचार। शहर के इलेक्ट्रॉनिक व्यापारियों ने भी एससीआर (राज्य राजधानी क्षेत्र) से कानपुर को हटाए जाने के प्रदेश सरकार के निर्णय को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। कारोबारियों का कहना है कि कानपुर बहुत ज्यादा राजस्व देता है, इसे देखते हुए शहर को उसका हक मिलना चाहिए।

कारोबारियों के अनुसार शहर में विकास योजनाएं कछुआ चाल हैं। मालरोड पर मेट्रो के निर्माण के कारण इलेक्ट्रानिक सामानों की थोक मंडी सागर मार्केट कोरोना के बाद से घाटे का सामना कर रही है। माल रोड, नवीन मार्केट, पीपीएन मार्केट भी मेट्रो निर्माण की मार झेल रहे हैं। अवस्थापना सुविधाओं की कमी से जूझ रही बाजारों को शहर के एससीआर में शामिल होने से आगे बढ़ने की उम्मीद जगी थी लेकिन वह भी छीन ली गई है। ऐसे में शहर को विशेष दर्जा दिए जाने की बड़ी जरूरत है।

कानपुर मांगे विशेष दर्जा

किसी भी शहर का कारोबार वहां के विकास पर निर्भर होता है। यदि एससीआर में शहर होता तो कारोबार तेजी से बढ़ता। एससीआर से बाहर होने का प्रभाव शहर के कारोबार पर पड़ेगा। ऐसे में विकास योजनाओं को तेज किया जाए या विशेष दर्जा दिया जाए।

–पंकज अग्रवाल, अध्यक्ष, सागर मार्केट इलेक्ट्रॉनिक एसोसिएशन

नोएडा का विकास एनसीआर में शामिल होने से ही हुआ है। दिल्ली एनसीआर का हिस्सा होने के बाद से वहां का कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है। शहर शुरु से ही औद्योगिक नगरी थी। लेकिन गलत नीतियों से उसका स्वरूप खत्म किया जा रहा है।

–आशीष गोयल, सागर मार्केट इलेक्ट्रॉनिक एसोसिएशन

औद्योगिक नगरी के नाम से जाना जाने वाला शहर लगातार विकास की दौड़ में पीछे होता जा रहा है। जो भी योजनाएं आईं उनका असर शहर के कारोबार को ऊपर ले जाने पर नहीं पड़ा। पिछले कई सालों से शहर में किसी तरह का कोई नया उद्योग नहीं विकसित हुआ है।

–अनुराग गुप्ता, व्यापारी

सड़कें चौड़ी नहीं हो पा रही हैं। जाम से हर कोई परेशान रहता है। ऐसे में खरीदार घर के बाहर निकलना ही नहीं चाह रहा है। एससीआर का दर्जा मिलता तो कम से कम शहर में सुगम आवागमन और शहरी यातायात की दिशा में काम होता। लेकिन यहां के जनप्रतिनिधियों ने ध्यान नहीं दिया और हम एससीआरसे बाहर हो गए।

–सुनील तुली, व्यापारी

रिटेल इलेक्ट्रॉनिक व्यापार को पहले ही ऑनलाइन कारोबार आधा कर चुका है। उस पर शहर के हालात खरीदारों को दुकानों तक आने से रोक रहे हैं। शहर को एससीआर का दर्जा मिल जाता तो सड़क मार्ग बेहतर होता। बड़ी कंपनियां भी शहर में आतीं। लोगों को रोजगार मिलता।

– सुनीत ओमर, व्यापारी

जब शहर का विकास होता है तो वहां का व्यापार भी बढ़ता है। शहर से एससीआर का दर्जा छीन जाने से यहां का कारोबार भी छीनने का प्रयास किया गया है। इसकी भरपाई के लिए शहर को विशेष दर्जा जैसा कुछ तो मिलना ही चाहिए। विकास योजनाओं को तेजी से पूरा होना चाहिए।

–सुरेंद्र केडिया, व्यापारी

बैठक में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने दिए निर्देश।

अटल घाट पर गंगा आरती की व्यवस्था कराएं : डीएम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। गंगा को निर्मल व अविरल बनाए रखने के लिए माघ मेला-2025 की कार्य योजना जल्द तैयार की जाए। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नगर निगम, पंचायती राज विभाग इस काम में जुट जाएं। ऋषिकेश और हरिद्वार की तर्ज पर गंगा आरती के लिए गंगा बैराज स्थित अटल घाट पर जरूरी व्यवस्था कराई जाए। यह दिशा-निर्देश सरसैयाघाट स्थित नवीन सभागार में शुक्रवार को जिला गंगा सुरक्षा समिति व जिला पर्यावरण समिति की बैठक में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने दिए।

जिलाधिकारी ने बैठक में गंगा की स्वच्छता के लिए कहा कि किनारे किसी प्रकार का ठोस अपशिष्ट प्रवाह न हो, माघ मेला का आयोजन प्लास्टिक मुक्त हो और सीवेज प्रबंधन के लिए सभी सीवेज शोधन संयंत्रों का संचालन पूर्ण क्षमता के साथ किया जाए। गंगा आरती के लिए बैराज स्थित अटल घाट पर सभी जरूरी व्यवस्था कराएं। गंगा घाटों पर कूड़ेदानों की संख्या बढ़ाकर नियमित कूड़ा उठान और सफाई के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि नगर के 40 गंगा ग्रामों में जलसंरक्षण के तालाबों का सर्वे कर सीएसआर फंड से जीर्णोद्धार कराया जाए। बैठक में डीपीओ, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी, पर्यावरण अभियंता, सहायक पर्यावरण अभियंता, परियोजना प्रबंधक यूपी जलनिगम, अधिशासी अभियंता जोन दो उपस्थित रहे।

अनटैप्ड नालों पर बारमेश लगाएं, बनियापुर एसटीपी शुरू कराएं

जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा में गिर रहे अनटैप्ड नालों में बारमेश स्थापित किए जाएं। बनियापुर एसटीपी का संचालन शुरू किया जाए। 210 एमएलडी एसटीपी बिनगवां में सभी पंपों की मरम्मत की जाए। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिया कि नगर में सभी उद्योगों से निस्तारित उत्प्रवाह व उत्सर्जन व एसटीपी की वास्तविक स्थिति की समीक्षा कर अवगत कराएं।

बंद पड़े वाहन प्रदूषण जांच सेंटरों के लाइसेंस रद करें

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि वाहनों के प्रदूषण प्रमाणपत्र जारी करने वाले नॉन आइडेंटिफाइड और नॉन ऑपरेशनल सेंटर के लाइसेंस निरस्त किए जाएं और जांच कमेटी बनाएं। जिलाधिकारी ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के लिए पनकी स्थित प्लांट से लेगेसी वेस्ट का निस्तारण न होने पर नगर आयुक्त को पत्र लिखने का आदेश दिया।

आयुष्मान लाभार्थी से पैसे लिए तो कार्रवाई

जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने आयुष्मान योजना के तहत जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक में आयुष्मान योजना में सूचीबद्ध अस्पतालों को निर्देश दिए कि किसी भी आयुष्मान लाभार्थी से कोई धनराशि न ली जाए। ऐसी शिकायत मिलने पर अस्पताल को योजना से बाहर कर दिया जाएगा।

एक नजर

पत्नी निशा के साथ राजेश।

पत्र वितरक को वैवाहिक वर्षगांठ पर दी बधाई

कानपुर। सर्वोदय नगर सेंटर के वरिष्ठ समाचार पत्र वितरक एवं समाचार पत्र विक्रेता सभा के संगठन मंत्री राजेश कुशवाहा को साथी पत्र विक्रेताओं ने वैवाहिक वर्षगांठ पर बधाई दी। आठ साल पहले राजेश का विवाह निशा कुशवाहा के साथ हुआ था।

ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस में चेन पुलिंग

कानपुर। सेंट्रल स्टेशन आ रही ग्वालियर बरौनी एक्सप्रेस में शुक्रवार शाम यात्रियों ने चेन पुलिंग कर दी। यह घटना गुजैनी क्रॉसिंग के समीप दबौली वेस्ट के पास हुई। अचानक ट्रेन रुकने पर यात्री घबरा गए और नीचे उतरकर ट्रेन रुकने की वजह जानने का प्रयास किया। आरपीएफ और जीआरपी ने भी ट्रेन रुकने के कारण की जांच की। ट्रेन करीब पांच मिनट बाद सेंट्रल स्टेशन की ओर रवाना हो गई।

शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग

कानपुर। चकेरी थाना क्षेत्र में शिव कटरा हरिजन बस्ती में एक घर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। फायर स्टेशन जाजमऊ से पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया। दमकल कर्मियों के अनुसार टीवी में शॉर्ट सर्किट से आग बढ़ गई थी जिसपर काबू पाया गया। कोई जनहानि नही हुई।

शोरूम की छत पर रखे जनरेटर में लगी आग

कानपुर। नजीराबाद क्रॉसिंग पर स्थित एक शोरूम की छत पर रखे जनरेटर में भीषण आग लग गई। शोरूम के कर्मचारियों की सूचना पर पहुंची दमकल ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई। नजीराबाद क्रासिंग के पास स्थित शापर्स स्टाप स्टोर की छत पर रखे 250 केवी के जनरेटर में शुक्रवार देर शाम शार्ट सर्किट से आग लग गई। अफरातफरी मच गई और ग्राहकों व कर्मचारियों को बाहर निकाला गया। कर्नलगंज और फजलगंज फायर स्टेशन से दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाई। कर्नलगंज अग्निशमन अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि पूरे दिन बिजली न आने की वजह से हीट होने के चलते आग लगी थी। शोरूम के अंदर खरीदारी और काम करने वाले लोग बाहर भागे। इस दौरान सड़क पर भीड़ लगाए लोगों ने मोबाइल से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। कोई जनहानि नहीं हुई है।

जमीअत उलमा से जुड़ने को उमड़े हजारों नमाजी

पांच करोड़ सदस्य बनाने का कानपुर से शुरू हुआ अभियान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पहले दिन 2378 लोगों ने ग्रहण की संस्था की सदस्यता
- कुलीबाजार आयशा मस्जिद में लगा शिविर

अमृत विचार। जमीअत उलमा हिंद ने देश भर में पांच करोड़ सदस्य बनाने के अभियान की शुरुआत शुक्रवार को कानपुर से की। कुलीबाजार स्थित मस्जिद आयशा में लगाए गए कैंप में जुमा की नमाज के बाद 2378 नमाजियों ने सदस्यता ग्रहण की। जमीअत ने नियमित अभियान की घोषणा करते हुए शनिवार को चमनगंज में सदस्यता कैंप लगाने की बात कही है।

मस्जिद आयशा में शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी ने जुमा की नमाज से पहले तकरीर में कहा कि मुसलमानों की सबसे मजबूत तंजीम जमीअत उलमा आजादी के पहले से हर नाइंसाफी के खिलाफ इंसाफ दिलाने में सबसे आगे खड़ी है।

संविधान में सबको जीने का अधिकार दिया गया है, जिसे साजिश के तहत छीनने की कोशिश हो रही है। मौलाना अबू बकर हादी ने कहा कि अगर आज ताकत होती तो इतनी मुसीबतों का सामना नहीं करना पड़ता। नमाज के बाद मस्जिद के बाहर कैंप में जमीअत की सदस्यता के लिए भीड़ उमड़ी।

मस्जिद आयशा कुलीबाजार में जमीअत की सदस्यता लेते नमाजी। अमृत विचार

स्कूली शिक्षा की अनिवार्यता के खिलाफ मदरसे हुए एकजुट

प्रदेश में मदरसों के बच्चों की सरकारी स्कूलों में शिक्षा अनिवार्य कर दी गई है। शिक्षा विभाग की टीमें मदरसों में जाकर शिक्षा ले रहे बच्चों को सरकारी स्कूल में शिक्षा लेने को कह रही हैं, इसे लेकर मुस्लिम संगठनों में हड़कंप है। मदरसों ने यह आदेश मानने से इंकार कर दिया है। शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी का कहना है कि यदि शिक्षा विभाग अपने फैसले को वापस नहीं लेता है तो अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे। इस समय तमाम ऐसे मुद्दे हैं जो बेवजह उठाये जा रहे हैं।

नारायना मेडिकल कॉलेज में जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद डॉक्टर व स्टाफ।

डायरिया होने पर जरूर पिएं ओआरएस घोल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। भारतीय बाल रोग अकादमी ने विश्व ओआरएस सप्ताह के तहत पनकी स्थित नारायना मेडिकल कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसके साथ ही रैली भी निकाली गई। डॉ.अमरीश गुप्ता, डॉ. यशवंत राव, कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता त्रिपाठी ने ओआरएस के महात्व बताए। कहा कि डायरिया होने पर पानी की कमी को पूरा करने के लिए डब्ल्यूएचओ का ओआरएस घोल जरूर जरूर पिएं और साफ-सफाई का विशेष ध्यान दें। रैली नारायना मेडिकल कॉलेज से चौराहा और चौराहा से नारायना मेडिकल कॉलेज पर आकर समाप्त हुई। कॉलेज के प्रधानाचार्या डॉ. वीरेंद्र कुमार ने भारतीय बाल रोग अकादमी के इस प्रयास की सराहना की। इस दौरान डॉ.जीके तिवारी, डॉ. राहुल चतुर्वेदी, डॉ.श्वेता गुप्ता, डॉ. रोहनी श्रीवास्तव, डॉ. मो.मोहसिन, नीरज मॉरिस मौजूद थे।

ओआरएस के संबंध में दिया प्रशिक्षण

श्याम नगर स्थित अंजली हॉस्पिटल में ओआरएस के संबंध में 40 नर्सिंग स्टाफ को प्रशिक्षित किया गया। डॉ .आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि डब्ल्यूएचओ ओआरएस अकेले ही 95 से 97 फीसदी तक डायरिया के मरीजों का सफलतापूर्वक पुनर्जनीकरण कर सकता है। अस्पताल में भर्ती होने की दर में 50 फीसदी तक कमी और मृत्यु दर में 50 से 60 फीसदी की कमी ला सकता है। यह बीमारी के खर्चे में 90 फीसदी तक कमी भी ला सकता है।

जांच की सटीक रिपोर्ट से ही मरीज का सही इलाज संभव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मेडिकल कॉलेज में लैब पर आधारित कार्यशाला हुई

अमृत विचार। लैब में गुणवत्तापूर्ण जांच होना बेहद जरूरी है, जांच की सटीक रिपोर्ट के आधार पर ही डॉक्टर मरीज का सही इलाज करता है, लेकिन जब रिपोर्ट सही नहीं आती तो डॉक्टर के साथ मरीज को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जांच के लिए आंतरिक व बाहरी दोनों ही क्वालिटी और विश्वसनीयता का भी ध्यान रखना होता है। यह जानकारी जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. सुरैया खानम ने कार्यशाला में दी। मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलाजी विभाग की ओर से चार दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत हुई, जो 28 जुलाई तक चलेगी। कार्यशाला में कानपुर और आसपास जिलों के करीब 65 डॉक्टरों और मेडिकल लैबों में कार्यरत विभिन्न हेल्थ केयर वर्कर्स ने प्रतिनिधि के रूप में पंजीकरण कराया। माइक्रोयोबायोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुरैया खानम अंसारी ने बताया कि वर्तमान में जो भी लैबें चल रही है, वो आईएसओ 2012 के नियमों के आधार पर हैं। अब कुछ नियमों में परिवर्तन किया गया है। माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रो.विकास मिश्रा ने बताया कि एनएबीएल की ट्रेनिंग इंचार्ज डॉ.अंजली तिवारी, डॉ. सोनल अमित व डॉ.यतेंद्र प्रशिक्षण देंगे। कानपुर देहात राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.सज्जन लाल वर्मा, मेडिकल कॉलेज की उप प्राचार्य डॉ. रिचा गिरी, डॉ. आरके सिंह आदि मौजूद रहे।

एईएसएल लाया एंथे 2024 स्कीम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 15 अगस्त तक 100 रुपये आवेदन शुल्क, इसके बाद 200 रुपये
- नकद पुरस्कार के साथ 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति जीतने का मौका

अमृत विचार। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने शुक्रवार को एंथे 2024 लांच किया। आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम (एंथे) 2024 के लांच के मौके पर बताया गया कि इस परीक्षा में सातवीं से बारहवीं कक्षा के छात्रों को नकद पुरस्कारों के साथ 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति जीतने का मौका मिलेगा। इस बार परीक्षा में सबसे अधिक अंक लाने वाले पांच छात्रों को फ्लोरिडा, यूएसए में कैनेडी स्पेस सेंटर की पांच दिवसीय पूर्ण-खर्च-भुगतान यात्रा में शामिल होने का मौका भी मिलेगा।

वार्ता के दौरान आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के सेंट्रल जोन के रीजनल डायरेक्टर सेंट्रल जोन डॉ. एचआर राव, डिप्टी डायरेक्टर डॉ. ऐश्वर्या टंडन, मुकुल जोशी, जितेंद्र श्रीवास्तव व राजीव मेहरोत्रा ने बताया कि एंथे 2024 का आयोजन 19 से 27 अक्टूबर के बीच ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में होगा। इसमें देशभर के 26 राज्यों के प्रतिभागी शामिल होंगे। एंथे ऑफलाइन परीक्षा 20 और 27 अक्टूबर 2024 को आकाश इंस्टीट्यूट के सभी केंद्रों पर सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। ऑनलाइन परीक्षा 19 से 27 अक्टूबर 2024 के बीच किसी भी समय ली जा सकती है। छात्र अपने अनुकूल समय में एक घंटे का स्लॉट चुन सकते हैं। एंथे एक घंटे की परीक्षा होगी, जिसमें 90 अंक होंगे और 40 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे।

बाएं से डॉ. एचआर राव, मुकुल जोशी,जीतेंद्र श्रीवास्तव, राजीव मेहरोत्रा।

सार-संक्षेप

हाजी होने के बाद खुद को फरिश्तों की तरह बनाएं: शारिक

कानपुर। हाजी हजरात की खिदमत करने में अग्रणी कानपुर के हाजी शारिक अलवी को लखनऊ में टीले वाली मस्जिद के मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने सम्मानित किया। गुरुवार रात आयोजित कार्यक्रम में हाजी शारिक अलवी ने कहा कि हज करके वापस आने के बाद आपके बोलने से, बातचीत से, व्यवहार से ऐसा झलकना चाहिए कि आप हज करके आए हैं। खुद को एकदम फरिश्तों की तरह पाक साफ कर लें। गुनाह की तो सोचे भी नहीं। इस मौके पर हज से वापस आये हाजी हजरात का भी स्वागत किया गया। हाजी ने कहा कि बड़ों का एहतराम, छोटों से मोहब्बत, पड़ोसियों से प्यार करें। मोमिन का सबसे बड़ा सदका ये है कि वह किसी से बात करे तो मुस्करा के करे।

मौलाना फिरंगी महली ने हज ट्रेनर हाजी शारिक अलवी को सम्मानित किया।

आदेश के पहले दिन चार शो हाउसफुल

कानपुर। कानपुर के युवाओं की ओर से बनाई गई फिल्म आदेश शुक्रवार को लांच हो गई। सपना पैलेस में लगी फिल्म के पहले दिन के चारों शो हाउसफुल रहे। फिल्म के रिलीज के मौके पर फिल्म से जुड़े अभिनेता भी दर्शकों के बीच मौजूद रहे। पहले शो के मुख्य अतिथि एडीसीपी एलआईयू राजेश श्रीवास्तव और भाजपा नेता राकेश तिवारी व गर्वित नारंग रहे। फिल्म के एक्टर इरफान शेख और विपिन पांडेय ने बताया कि फिल्म आदेश की ज्यादातर शूटिंग कानपुर और कानपुर के आसपास की गई है। फिल्म में कानपुर सहित उत्तर प्रदेश के युवाओं को मौका दिया गया है।

इरफान शेख।

हेल्थ जोन | दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती और गंभीर बीमारों को नहीं खानी है दवा

37 लाख लोगों को फाइलेरिया की दवा देंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 10 अगस्त से सर्वजन दवा सेवन अभियान

अमृत विचार। फाइलेरिया लाइलाज बीमारी है, इससे बचाव बेहद जरूरी है। फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जिले में 10 अगस्त से सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान की शुरुआत की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की 2980 टीमें 37.24 लाख लोगों को दवा खिलाएंगी। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक वर्तमान में जिले में हाथीपांव के 4572 और हाइड्रोसील के 725 मरीज हैं।

जिलास्तरीय स्वास्थ्य समन्वय समिति की सरसैया घाट स्थित सभागार में शुक्रवार को हुई बैठक में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने कहा कि कोरोना के दौरान शहरी क्षेत्र के वार्डों में जिन निगरानी समितियों का गठन हुआ था, उनका सहयोग अभियान में लिया जाए। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विभागों में बूथ लगाकर लोगों को दवा का सेवन कराएं। आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लोगों को फाइलेरिया से बचाव व दवा सेवन पर जागरूक करें। एसीएमओ डॉ.आरपी मिश्रा ने बताया कि अभियान में दो सदस्यों की टीम घर-घर जाकर लोगों को दवा खिलाएंगी। ग्रामीण क्षेत्र के 19,70,552 और शहरी क्षेत्र के 17,54,195 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य है।

दिव्यांगता का दूसरा सबसे बड़ा कारण फाइलेरिया

जिला मलेरिया अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने कहा कि फाइलेरिया दिव्यांगता का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। सभी लोगों को फाइलेरिया से बचाव की तीनों दवाएं खिलाई जाएंगी। लेकिन यह दवा दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमार लोगों को नहीं खानी है। रक्तचाप, शुगर, अर्थराइटिस जैसे रोगों से ग्रसित व्यक्ति दवा खा सकते हैं। किसी को दवा सेवन के बाद कठिनाई महसूस होती है तो इससे निपटने के लिए हर ब्लॉक में रैपिड रेस्पांस टीम तैनात रहेगी।

उन्नाव हादसे में आरटीओ एआरटीओ को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। बीते दिनों उन्नाव में लखनऊ-आगरा हाईवे पर स्लीपर बस हादसे के मामले में इस बस की फिटनेस जांच करने से लेकर चालान करने वाले सभी संभागीय परिवहन अधिकारियों को नोटिस थमा दी गई है।

दरअसल उन्नाव में हादसे का शिकार हुई बस के दो दर्जन से अधिक चालान हो चुके थे लेकिन उसके बाद भी बस को सीज नहीं किया गया था। अफसरों से सेटिंग से ये बस चल रही थी। अब परिवहन के उन अधिकारियों, प्रवर्तन दल, आरटीओ, एआरटीओ को नोटिस जारी किया गया है जिनके क्षेत्र में इस बस के चालान हुए थे। इन अफसरों से कहा गया है कि क्यों न आपके खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कराया जाये क्योंकि इतने चालान होने के बाद भी बस कैसे मार्ग पर दौड़ती रही। नोटिस मिलने के बाद एआरटीओ प्रवर्तन की टीम सकते में हैं। उसका ये मानना है कि बस का चालान तो प्रवर्तन की टीम ने ही किया, ऐसे में प्रवर्तन टीम की क्या गलती है। गलती इसके आगे के अफसरों की है। उन्नाव में जब से प्राइवेट बस का हादसा हुआ है, तभी से नाकेबंदी करके सभी टोल पर प्राइवेट बसों की चेकिंग रही है।

जय नारायण विद्या मंदिर में पौधरोपण करते 54 यूपी बटालियन के जवान।

कारगिल विजय दिवस पर किया पौधरोपण

कानपुर। जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कालेज में शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस पर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर 54 यूपी बटालियन के हवलदार धर्मेंद्र कुमार और हवलदार मनीष थापा ने कारगिल युद्ध में भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम पर प्रकाश डाला। स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति से संबंधित कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य डॉ. संत राम द्विवेदी, एनसीसी प्रभारी भरत दीक्षित, युवराज द्विवेदी, आशुतोष सत्यम झा मौजूद रहे।

हाईवे के किनारे मिली नोटों की कतरन

भारी मात्रा में कतरन मिलने से मचा हड़कंप, एसडीएम पहुंचीं, पुलिस ने बोरियों में भरकर सील किया

संवाददाता, बिल्हौर

अमृत विचारः बिल्हौर तहसील क्षेत्र के अरौल कस्बे के पास शुक्रवार को अलीगढ़-कानपुर हाईवे के किनारे लाखों रुपये के नोटों की कतरन मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर मजमा एकत्र हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचीं एसडीएम ने उच्चाधिकारियों को मामले की जानकारी दी। अरौल पुलिस ने बोरियों में नोटों की कतरन भरकर सील किया है।

अरौल थाना क्षेत्र में कानपुर-अलीगढ़ हाईवे की सर्विस रोड पर मेड़ुवा गांव के पास शुक्रवार की सुबह भारी मात्रा में नोटों की कतरन पड़ी मिली। इस कतरन में 10, 20, 50, 100 और 500 रुपये के नोट दिख रहे थे। नोटों की कतरन की खबर जैसे ही पता चली, मौके पर भारी मजमा लग गया। ग्रामीणों की सूचना पर बिल्हौर एसडीएम रश्मि लांबा भी मौके पर पहुंच गईं। कतरन की छानबीन करने के बाद उन्होंने मामले की सूचना उच्चाधिकारियों को दी। इस बीच अरौल थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने जांच-पड़ताल के बाद नोटों की कतरन को बोरियों में भरवाया और उसे सील कर अपने साथ थाने ले गए। कतरन को समेटने के लिए पुलिस को झाड़ू लगवानी पड़ी। आखिर इतनी भारी मात्रा में कतरन कहां से आई और किसने फेंका? इसका फिलहाल कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस ने तीन बोरियों में कतरन भरी है।

उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा ने बताया कि उच्च अधिकारियों को मामले की जानकारी दी गई है। फोरेंसिक टीम को जांच के लिए कहा गया है। माना जा रहा है कि आरबीआई और इन्कम टैक्स की टीम भी नोटों की कतरन की जांच कर सकती है।

अरौल में हाईवे के किनारे भारी मात्रा में मिली नोटों की कतरन। अमृत विचार

सपा नेत्री रचना सिंह ने मौके पर पहुंचकर कतरन की जानकारी ली। अमृत विचार

ग्रामीणों में चर्चा, कहीं चूरन वाले नोट तो नहीं!

- सर्विस रोड पर भारी मात्रा में कतरन मिलने के बाद तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। मौके पर पहुंचे लोगों के बीच यह भी चर्चा रही कि कहीं यह नोट चूरन वाले तो नहीं हैं, जिन्हें कुतर कर फेंका गया हो।

सपा नेता रचना सिंह ने भाजपा के भ्रष्टाचार की निशानी बताया

- नोटों की कतरन की सूचना पाकर मौके पर पहुंचीं समाजवादी पार्टी की वरिष्ठ महिला नेता रचना सिंह ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि नोटों की कतरन भ्रष्टाचार की निशानी है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और सच्चाई सबके सामने लानी चाहिए।

नोट असली या नकली अभी कुछ स्पष्ट नहीं

- हालांकि प्रारंभिक जांच में अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि आखिर कतरन असली नोट की है या नकली की। कतरन देखने से इसका अंदाजा लगा पाना कठिन है। अरौल थाना प्रभारी ने कहा कि नोटों की कतरन सील की गई है, जिसे फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। जांच के बाद ही नोटों की कतरन के बारे में कुछ कहा जा सकता है।

बेटे को बचाने में मां की करंट लगने से गई जान

घाटमपुर : सजेती थाना क्षेत्र के कोरिया में शुक्रवार को बेटे को बचाने में महिला करंट की चपेट में आकर बेहोश हो गई। परिवार वाले फौरन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सजेती थाना क्षेत्र के कोरिया गांव निवासी मुरारी ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को घर में उसकी पत्नी संगीता (30) अपने बेटे के साथ थी। मुरारी खेत पर काम करने गया था। इसी दौरान बच्चा फर्राटा पंखा की ओर जाने लगा। संगीता ने बच्चे को पंखे से दूर किया और खुद फर्राटा पंखे को उठाकर दूसरी जगह रखने का प्रयास किया। जैसे ही उसने पंखे को हाथ लगाया तो वह करंट की चपेट में आ गई और बेहोश हो गई। परिवार के लोग फौरन एंबुलेंस से उसे लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

हादसे में युवक की मौत पत्नी-बच्चे गंभीर घायल

संवाददाता, बिल्हौर

- आगरा-कानपुर हाईवे पर हुआ दर्दनाक हादसा

अमृत विचारः आगरा-कानपुर हाईवे पर इटावा जनपद के सैफई इलाके में हुई मार्ग दुर्घटना में ककवन कस्बे के फल विक्रेता के बेटे की मौत हो गई, जबकि पत्नी और बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे का शिकार हुआ युवक राजस्थान में दिहाड़ी मजदूरी करता था।

राजेश कुमार।

ककवन के फल विक्रेता रामपाल कुशवाहा का बेटा राजेश कुमार कुशवाहा (38) राजस्थान में दिहाड़ी मजदूरी कर अपने परिवार का गुजर-बसर करता था। वह अभी कुछ दिन पहले ही घर आया था। गुरुवार की देर रात वह अपने बच्चों और पत्नी सुनीता के साथ जा रहा था। देर रात सैफई इलाके में बस व ट्रक की भिड़ंत में राजेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी सुनीता (35) और दो बच्चों जितेंद्र (12) व नितिन (10) गंभीर रूप से घायल हो गए।गंभीर रूप से घायल पत्नी और बच्चों को सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही ककवन में रहने वाले परिजन रात में ही इटावा के लिए रवाना हो गए। शुक्रवार को राजेश कुमार का शव लेकर ककवन लौटे।

सीएम से चौबेपुर-बेला रोड फोरलेन करने की गुजारिश

बिल्हौर। मिश्रिख सांसद अशोक कुमार रावत ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात कर चौबेपुर-बेला रोड फोरलेन करने की गुजारिश की है। उन्होंने बताया है कि चौबेपुर-बेला रोड कानपुर नगर, कानपुर देहात और औरैया जनपद को जोड़ता है। इस रोड पर यातायात अधिक है, जिससे अक्सर जाम के हालात पैदा होते हैं और लोगों को असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जनता की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए सड़क का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराए जाने की मांग की है।

शुक्रवार को भीतरगांव क्षेत्र पंचायत की बैठक में भाग लेते ब्लाक प्रमुख और पंचायत प्रतिनिधि। अमृत विचार

विकास कार्यों के मांगे गए प्रस्ताव

संवाददाता, घाटमपुर

- क्षेत्र पंचायत की बैठक में विकास कार्यों पर हुई चर्चा
- प्रधानों से अधूरे काम पूरे कराने पर दिया गया जोर

अमृत विचारः भीतरगांव ब्लाक सभागार में शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख अशोक सचान ने की। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव मौजूद रहे। बैठक में पिछली कार्यवाही की पुष्टि के साथ विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई और चालू वित्तीय वर्ष में विकास कार्यों के प्रस्ताव मांगे गए।

बैठक में ब्लाक परिसर में जर्जर पानी की टंकी की जगह जल जीवन मिशन के तहत नया निर्माण कराने का प्रस्ताव पास हुआ। बैठक की शुरुआत में पिछली बैठक में हुई कार्यवाही पर चर्चा की गई। मनरेगा से क्षेत्र एवं ग्राम पंचायत में कार्यों पर चर्चा, सम्पूर्ण स्वच्छता कार्यक्रम, शौचालय निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, नहरों और तालाबों में पानी भराई, बाल पुष्टाहार सहित कई बिंदुओं पर चर्चा हुई और इस वित्तीय वर्ष में कराए जाने वाले कार्यों पर विचार विमर्श किया गया और उन्हें समय से पूरा कराने पर जोर दिया गया।

बैठक में ब्लॉक प्रमुख अशोक सचान, बीडीओ निशांत राय, एडीओ पंचायत मनोज उमराव, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओमप्रकाश वर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी पूनम वर्मा, सीएचसी प्रभारी डॉ. मनीष तिवारी, ब्रजेश बाबू, दिनेश कुशवाहा, पूर्ति निरीक्षक, परियोजना निदेशक, अवर अभियंता विद्युत, जल एवं सिंचाई आदि लोग मौजूद रहे। घाटमपुर विधायक सरोज कुरील, शिक्षक एमएलसी अरुण पाठक के प्रतिनिधि के रूप में राजेंद्र मिश्रा मौजूद रहे।

अवैध खनन के गड्ढे में नहा रहा बच्चा डूबा, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एक घंटे बाद उतराता मिला शव, पोस्टमार्टम को भेजा
- वनपुरवा के नित्तेश्वर आश्रम के पास हुआ हादसा

अमृत विचार। वनपुरवा में अवैध खनन के गड्ढे में भरे पानी में दोस्तों संग नहाने गया 10 वर्षीय बच्चा डूब गया। दोस्तों ने घर जाकर परिजनों को जानकारी दी। मौके पर पहुंची गुजैनी पुलिस ने अभियान चलाया, करीब एक घंटे बाद शव गड्ढे में उतराता मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजा।

पिपौरी निवासी ट्रक मिस्त्री मोहम्मद अतीक के परिवार में मां तबस्सुम व बच्चे हमजा व हसनैन (10) हैं। अतीक ने बताया कि शुक्रवार को हसनैन पिपौरी मस्जिद में इलाके के अपने 6 दोस्तों संग नमाज पढ़ने गया था, वहां से वनपुरवा स्थित नित्तेश्वर आश्रम के पास खाली पड़ी जमीन में अवैध मिट्टी के खनन के कारण हुए गड्ढेनुमा तालाब में सभी नहाने लगे। इसी दौरान हसनैन गहराई में जाने से डूब गया। दोस्तों ने काफी देर तलाश की, लेकिन हसनैन का कोई पता नहीं चला।

इसके बाद साथियों ने आकर परिजनों को सूचना दी। परिजन क्षेत्रीय लोगों के साथ मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। करीब एक घंटे बाद बेटे का शव उतराने लगा। बेटे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। गुजैनी थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि डूब क्षेत्र का इलाका है, जहां नहर बढ़ने व बारिश होने से पानी जमा होता है। वहीं पर बच्चे नहाने गए थे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

फौजी के घर से लाखों की चोरी

संवाददाता, बिधनू

- पांच लाख के जेवरात और 25 हजार नकदी ले गए चोर
- 22 जुलाई को धान लगवाने गांव गए थे फौजी के पिता

अमृत विचारः सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र भूरेपुरवा में गुरुवार रात चोरों ने फौजी के घर पर धावा बोला और अलमारी का लॉकर तोड़कर पांच लाख के जेवरात और 25 हजार की नकदी समेट ले गए। पिता की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

मूलरूप से चौबेपुर थाना क्षेत्र के उदेतपुर बिठूर गांव के रहने वाले बसंतलाल का पुत्र अतुल कुमार वर्तमान समय में भारतीय सेना में पंजाब के फिरोजपुर में तैनात है। अतुल का मकान सेन पश्चिम पारा थाने की न्यू आजाद नगर चौकी क्षेत्र के भूरेपुरवा में है। अतुल के भाई अजय ने बताया कि पड़ोस में ताऊ गंगाप्रसाद रहते हैं। भूरेपुरवा के मकान में पिता बसंतलाल का आना-जाना रहता है। 22 जुलाई को पिता बसंतलाल खेती-बाड़ी के सिलसिले में गांव गए थे।

25 जुलाई की सुबह ताऊ गंगाप्रसाद ने फोन पर घर का मेन गेट खुला होने की जानकारी दी और चोरी होने की आशंका जताई। पिता बसंतलाल जब घर के अंदर दाखिल हुए तो दरवाजों के ताले टूटे पड़े थे। घर का सामान बिखरा पड़ा था। कमरे में रखी अलमारी का लॉक टूटा था और उसमें रखा सोने का मंगलसूत्र, कंगन, चेन, अंगूठी, ईयर रिंग और चांदी की पायल गायब थी, जिसकी कीमत करीब पांच लाख रुपये है। 25 हजार की नकदी भी चोरी हुई है।



अलमारी का बिखरा पड़ा सामान।

सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए तीन शातिर चोर

- चोरी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मकान में छानबीन की। पुलिस ने पड़ोस के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले तो उसमें रात 2:30 बजे से 2:45 बजे के बीच तीन चोर घर से निकलते हुए दिखाई पड़े हैं। सीसीटीवी कैमरे और फौजी के घर के बीच दूरी होने के कारण चोरों के चेहरे साफ नजर नहीं आ रहे। सेन पश्चिम पारा थाना प्रभारी का कहना है कि घर ज्यादातर बंद रहता था। मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

चौपाल में समस्याएं सुनते ककवन बीडीओ शिव नरेश राजपूत। अमृत विचार

चौपाल में बीडीओ ने सुनीं शिकायतें

बिल्हौर। शासन के निर्देश पर शुक्रवार को खंड विकास अधिकारियों ने ग्राम पंचायत में चौपाल लगाकर शिकायतें सुनीं। बिल्हौर खंड विकास अधिकारी दिनेश कुमार वर्मा ने बिल्हौर देहात और मदरा राय गुमान ग्राम पंचायत में चौपाल लगाई।

बिल्हौर देहात में राशन कार्ड, नाली, निर्माण और पेंशन की छह शिकायतें आईं। इसी प्रकार मदारा राय गुमान में पेंशन व जलनिकासी के साथ सफाई की शिकायत आई, जिनके निस्तारण के लिए ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान को निर्देशित किया गया। ककवन खंड विकास अधिकारी शिव नरेश राजपूत ने उत्तमपुर और मौजमपुर ग्राम पंचायत में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। यहां पेंशन और जलनिकासी की शिकायतें आईं।

छात्र-छात्राओं ने कारगिल शहीदों को किया याद

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचारः श्री शक्ति डिग्री कॉलेज साखाहारी में छात्र-छात्राओं ने कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर महाविद्यालय के एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट विवेक त्रिवेदी के नेतृत्व में यू पी 59 बीएन के एनसीसी कैडेट्स तथा महाविद्यालय के छात्राओं ने पोस्टर प्रतियोगिता निबंध लेखन प्रतियोगिता तथा कविता लेखन प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम और द्वितीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर बीएड विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक शिव शरण वर्मा ने सभी शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पण करते हुए श्रद्धांजलि दी। साथ ही छात्र-छात्राओं को अपने कर्तव्यों के निर्वहन हेतु हमेशा सजग रहने को कहा। इस कार्यक्रम में बीसीए विभाग के प्राध्यापक श्याम जी शुक्ला ने कहा कि आप सभी का यह समय बहुत ही कीमती है। इस समय आप अपनी पढ़ाई पूरी निष्ठा के साथ करें तभी आगे चलकर देश को कर्तव्यनिष्ठ नागरिक प्राप्त हो सकेंगे। आप सब देश के एक मजबूत स्तंभ बन सकेंगे। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्राओं में आस्था, सत्यम सिंह परिहार, श्याम बिहारी, आशीष सिंह, राहुल यादव, देवांश, हिमांशु व धर्मेंद्र निषाद तथा प्राध्यापकों में राऊनंदन विद्यार्थी, डॉक्टर जय किशोर, मनोज कुमार, ज्योत्सना अवस्थी, पुनीत द्विवेदी तथा सत्येंद्र अग्निहोत्री आदि उपस्थित रहे। अंत में लेफ्टिनेंट विवेक त्रिवेदी ने राष्ट्रगान और एनसीसी गान करवा कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक व स्वपोषित महाविद्यालय के प्रदेश अध्यक्ष विनय त्रिवेदी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

श्री शक्ति डिग्री कालेज में कारगिल विजय दिवस पर श्रद्धांजलि देते एनसीसी छात्र।

विवि में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय की 'राष्ट्रीय कैडेट कोर' (एनसीसी) की ओर से कारगिल विजय दिवस मनाया गया। एनसीसी प्रभारी मयूरी सिंह ने कैडेटों को कारगिल युद्ध की पृष्ठभूमि और आपरेशन विजय के बारे में बताया। पेंटिंग, कविता पाठ प्रतियोगिता में विजय प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनको सम्मानित किया गया। एनसीसी कैडेटों ने वृक्षारोपण भी किया।

सार-संक्षेप

एनवाई सिनेमा हाल में जवानों ने देशभक्ति के नारे लगाए। अमृत विचार

विजय दिवस पर 248 जवानों का सम्मान

कानपुर। कारगिल विजय दिवस के मौके पर शुक्रवार को भारतीय सेना के 248 जवानों और उनके परिजनों ने एनवाई सिनेमा में विशेष फिल्म स्क्रीनिंग पर कल्कि मूवी देखी। इस दौरान वीर जवानों का सम्मान भी किया गया। सिनेमा हॉल में तिरंगी सजावट की गई थी। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर अभिनेता अजय देवगन के एनवाई मल्टीप्लेक्स में जवानों के लिए कल्कि फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। कानपुर में छावनी से 248 से अधिक जवानों और उनके परिजनों को आमंत्रित किया गया। इस दौरान जवानों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। भारत माता की जय के नारों से मल्टीप्लेक्स में देशभक्ति का माहौल बन गया।

16 लोगों ने किया रक्तदान

कानपुर। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर संकल्प सेवा समिति के द्वारा मधुलोक हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 16 लोगों ने रक्तदान किया। समिति ने लोगों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए रक्तदाताओं को मोतीझील में चल रहे सिकंदर जादूगर के पास निशुल्क मुहैया कराए। समिति अध्यक्ष सन्तोष सिंह चौहान, अजीत निगम, ज्योतेंद्र सिंह, अश्वनी निगम, करुणेंद्र सिंह, पंकज महेश्वरी शामिल रहे।

रक्तदान करते रक्तदानी।

रिटायर शिक्षकों का रुका भुगतान जल्द दिलाया जाए

कानपुर। शिक्षकों की लंबित मांगों पर शुक्रवार को एमएलसी ने शिक्षकों के साथ मिलकर जिला विद्यालय निरीक्षक का घेराव किया। इस दौरान कहा गया कि विभाग में शिक्षकों के कार्यों को देरी से निपटाया जाता है। सबसे ज्यादा रिटायर हो चुके शिक्षक परेशान होते हैं। रिटायर हो चुके शिक्षकों के रुके भुगतान के जल्द रिलीज करने सहित अन्य मांग की गईं। कानपुर-उन्नाव स्नातक खंड क्षेत्र से एमएलसी अरुण पाठक ने जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार से कहा कि रिटायर हो चुके शिक्षकों का रुका हुआ भुगतान जारी नहीं किया जा रहा है। शिक्षकों के न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) के तहत उनके वेतन में हो रही कटौती को समय पर खाते में भेजने और शिक्षकों के चयन वेतनमान व प्रमोशन के लंबित प्रकरणों को जल्द निस्तारित करने की मांग की। एमएलसी पाठक ने कहा कि दो दर्जन से ज्यादा शिक्षकों की विभिन्न समस्याएं डीआईओएस कार्यालय में काफी दिनों से लंबित हैं। इस दौरान अतुल दीक्षित, गणेश शुक्ला, चंद्रमणि चौबे, पवन गुप्ता (पार्षद), अवधेश त्रिपाठी (पार्षद), सदगुरु मिश्रा आदि मौजूद रहे।

खबर का असर | जिलाधिकारी के सख्त रुख अपनाने के बाद दुरुस्त हुईं व्यवस्थाएं, सुबह से बिजली की व्यवस्था दुरुस्त करने में लगे रहे ग्राम प्रधान

आखिर गौशाला में गायों को मिला हरा चारा, बिजली भी जली

संवाददाता, बिधनू

अमृत विचारः बिधनू ब्लॉक के पतेहुरी की गौशाला में गायों के लिए चारा और पानी का इंतजाम नहीं होने पर जिलाधिकारी के सख्त रुख अख्तियार करने के बाद आनन-फानन व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की कवायद तेज हो गई। आखिर शुक्रवार को गायों को हरा चारा भी खाने को नसीब हुआ। इतना ही नहीं, गौशाला में बिजली भी जलने लगी और पानी का भी इंतजाम हो गया।

गुरुवार को पतेहुरी और हाजीपुर की गौशालाओं की बदइंतजामी की खबर 'अमृत विचार' में प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद जिलाधिकारी ने संज्ञान लिया तो शुक्रवार को सुबह से ही गौशालाओं में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की कवायद शुरू हो गई।

यहां गायों के लिए न तो पानी का इंतजाम था और न ही उनके चारे की मुकम्मल व्यवस्था थी, जिसका जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए कार्रवाई के दिए निर्देश दिए। शुक्रवार को पतेहुरी गौशाला की चरही में हरा चारा पहुंचा तो गायें इस तरह खाने में जुटीं मानो काफी दिनों बाद उन्हें चारा नसीब हुआ हो।

इतना ही नहीं, गौशाला में बिजली के तार भी खिंच गए और बत्ती जलने लगी।

ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान सुबह से ही व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने में जुट रहे। इतना ही नहीं, गांव के आसपास घूम रहे आवारा गोवंशों को लाकर फटाफट टैग लगवाए गए। पतेहुरी के ग्राम पंचायत सचिव अजीत सिंह ने बताया कि गौशाला में 29 गोवंश हैं। गौशाला में बिजली, पानी की व्यवस्था भी दुरुस्त हो गई है। यही हाल हाजीपुर गौशाला का रहा। पंचायत सचिव पिंकी कुशवाहा ने बताया कि हरे चारे और भूसे की पर्याप्त व्यवस्था है। जो खामियां थीं, वह दुरुस्त करवा दी गई हैं।

हरा चारा खाते गोवंश। अमृत विचार

पतेहुरी गौशाला में शुक्रवार को बिजली व्यवस्था दुरुस्त की गई। अमृत विचार

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने मांगा स्पष्टीकरण

जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने गौशालाओं की बदतर हालत का संज्ञान लेते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को पत्र जारी कर 27 जुलाई तक स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने अमृत विचार की खबर का जिक्र करते हुए कहा है कि 28 मई को पत्र जारी कर गौशालाओं की वस्तुस्थिति के बारे में तीन दिन के भीतर आख्या मांगी गई थी, जो अभी तक नहीं मिली।

एक नजर

युवक ने घर में घुसकर युवती से किया दुष्कर्म

रसूलाबाद। एक गांव की युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी मां धान की पौध उखाड़ने खेत में गई थी। उसी समय रायपुर का सतीश यादव घर में घुस आया और पीछे से मुंह दबोचकर दुराचार किया। जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग गया। कोतवाल अनिल कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता को डाक्टरी परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

पति और ननद पर मारपीट करने का लगाया आरोप

राजपुर। क्षेत्र के अनवां के मजरा निभाना निवासी सीता ने पुलिस को बताया कि पति शंकर सिंह ननद निर्मला के बहकावे में आकर उसे पीटता है। 20 जुलाई को पति शराब के नशे में घर आया और ननद निर्मला के साथ मिलकर डंडों से पिटाई करने लगा। उसके गुप्तांग में गंभीर चोट लगने से तबियत बिगड़ गई। थानाध्यक्ष दिनेश गौतम ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। कार्रवाई की जाएगी।

वाहन की टक्कर से जर्जर पुल का हाईगेज टूटा

रूरा। मिण्डाकुआं-रूरा मार्ग पर खारजा बंबे पर पुल जर्जर होने के चलते भारी वाहनों पर रोक लगाई गई थी। इसके चलते लोक निर्माण विभाग ने रोड पर भारी वाहनों के आवागमन के लिए हाईगेज लगाए थे, लेकिन गुरुवार रात में अज्ञात वाहन की टक्कर से मिण्डाकुआं की तरफ लगा हाईगेज टूट गया।

भाजपा का मतदाता अभिनंदन समारोह आज

कानपुर देहात। भाजपा का रनियां विधानसभा मतदाता अभिनंदन समारोह शनिवार दोपहर हिंदी भवन अकबरपुर में आयोजित होगा। जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ल, सांसद देवेंद्र सिंह भोले, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, संयोजक डॉक्टर सतीश शुक्ला सहित कार्यकर्ता शामिल होंगे।

नदियों और तालाबों में नौकायन प्रतिबंधित

कानपुर देहात। जिलाधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि जनपद की नदियों, तालाबों, पोखरों में छोटी नाव, डोंगी से मत्स्य आखेट, नौकायन के साथ-साथ व्यावसायिक गतिविधियां भी संचालित होती रहती है। वर्तमान में वर्षा एवं बाढ़ को देखते हुए कभी भी अचानक बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने से जन-धन की हानि भी हो सकती है। ऐसे में नदियों, तालाबों, पोखरों में डोंगी, छोटी नाव व नौकायन के संचालन को अग्रिम आदेश तक प्रतिबंधित किया जाता है। सभी एसडीएम व सीओ अपने-अपने क्षेत्र में उक्त आदेश का पालन कराएंगे।

एक ही गांव से दो किशोरियां एक साथ लापता

मूसानगर। क्षेत्र के एक ही गांव की रहने वाली दो किशोरियां लापता हो गई। खोजबीन के बाद भी पता न चलने से परिजन चिंतित हैं। पिता ने पुलिस को बताया कि 21 जुलाई की दोपहर उसकी 15 वर्षीय पुत्री गांव की एक किशोरी के साथ कहीं लापता हो गई। पीड़ित ने एक युवक पर किशोरियों को ले जाने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी राम सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्जकर किशोरियों की तलाश की जा रही है।

आर्थिक तंगी में युवक ने फंदा लगा दी जान

सिकंदरा। क्षेत्र के मानपुर डेरा निवासी मनोज नायक (33) ने आर्थिक तंगी व गृह कलह के चलते शुक्रवार शाम घर के बाहरी कमरे में पंखे में गमछे के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने छानबीन की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पत्नी कमला देवी बदहवाश हो गई। मनोज नायक मजदूरी कर गुजारा करता था।

युवक की मौत पर छानबीन करती पुलिस व फॉरेंसिक टीम। अमृत विचार

युवक के परिवार की महिलाएं रोती-बिलखती रहीं। अमृत विचार

खेत में पड़ा मिला युवक का शव हत्या कर फेंके जाने की आशंका

युवक के शरीर पर मिले चोटों के निशान, सीने पर रखी थी शराब की शीशी

संवाददाता, मंगलपुर

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के मनकापुर व जरिया गांव के बीच खेत में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक के शरीर पर चोटों के निशान मिले, जिससे लोगों में हत्या कर शव फेंके जाने की चर्चा रही। फॉरेंसिक टीम ने जांच कर साक्ष्य जुटाए हैं।

गुरुचरण।

मंगलपुर क्षेत्र के संदलपुर मनकापुर गांव निवासी गुरुचरण संखवार (38) गुरुवार की शाम को घर से निकला था। शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने उसका शव मनकापुर-जरिया गांव के बीच जसवंत के खेत में पड़ा हुआ देखा तो सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने मृतक के शरीर पर चोट के निशान देखकर फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य संकलित कराए। मृतक गुरुचरण के शरीर पर कई चोटों के निशान थे।

- गुरुवार की शाम घर से निकला था युवक
- फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए

उसके सीने के पास देशी शराब का एक क्वार्टर रखा हुआ था और पास में ही बाइक पड़ी हुई थी, जिसे देखकर ग्रामीणों ने हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई। जानकारी पर मृतक की पत्नी पूजा देवी, पुत्र अमन, पुत्री छाया, मां रानी देवी समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। प्रभारी निरीक्षक मंगलपुर संजय गुप्ता ने बताया कि मृतक के भाई राजकुमार की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक के शरीर पर खुरचने के निशान है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

कुशीनगर एक्सप्रेस में बुजुर्ग की थम गई सांस

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार। महाराष्ट्र से संतकबीर नगर घर जा रहे एक बुजुर्ग की कुशीनगर एक्सप्रेस में अचानक हालत बिगड़ गई। यात्रियों की सूचना पर उसे पुखरायां स्टेशन पर उतारा गया। रेलवे पुलिस बल के जवान उसे इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जनपद संतकबीर नगर के दुधारा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरा गोविंद निवासी खुशीहाल महाराष्ट्र में रहकर प्राइवेट नौकरी करते थे। गुरुवार को वह कुशीनगर एक्सप्रेस से वापस अपने घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में उनकी हालत खराब हो गई। जिससे वह बेहोश होकर गिर गए। यात्रियों ने इसकी सूचना उरई स्टेशन मास्टर को दी। वहां से भेजी गई सूचना पर पुखरायां स्टेशन में ट्रेन रोकी गई। जहां आरपीएफ चौकी प्रभारी केके पांडेय ने जवानों के साथ उन्हें अचेतावस्था में ट्रेन से नीचे उतरा और इलाज के लिए पुखरायां सीएचसी भेजा, जहां ईएमओ ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया।

पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजन।

- महाराष्ट्र से संतकबीर नगर घर लौटते समय रास्ते में बिगड़ी हालत

तलाशी में उनके पास से आधार कार्ड के साथ मोबाइल मिला, जिससे उनके परिजनों को सूचना दी गई। जानकारी पर मृतक के दामाद सुरेंद्र निवासी बारडाड थाना बिलहा संतकबीरनगर सीएचसी पुखरायां पहुंचे। पति की मौत से पत्नी चंद्रकांति बदहवाश हो गईं। जीआरपी चौकी प्रभारी ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ट्रेन में तबियत खराब होने से बुजुर्ग की मौत होने की जानकारी मिली है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद कारण स्पष्ट होगा।

हर घर बांटे गए सब्जी के बीज

मंगलपुर। हर घर पोषण वाटिका अभियान के तहत सूर्या फाउंडेशन द्वारा ग्रामीणों को सब्जियों के बीज वितरित किए गए। सूर्या फाउंडेशन आदर्श ग्राम योजना प्रकल्प के अंतर्गत ग्राम परौंख में कई वर्षों से गांव के विकास व स्वरोजगार आदि को लेकर कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। इसी क्रम में हर घर पोषण वाटिका अभियान के तहत सूर्या फाउंडेशन द्वारा सब्जियों के बीज वितरित किए गए।

संस्था के क्षेत्र प्रमुख देवनारायण ने बताया कि बाजार में आने वाली सब्जियों में प्रयोग किया जा रहे रासायनिक एवं कीटनाशक पदार्थ के कारण उनकी पोषण की गुणवत्ता खराब होती चली जा रही है। ऐसी सब्जियां स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। इसे देखते हुए पोषण वाटिका कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों को भिंडी, लौकी, बैगन, पालक, टमाटर, खीरा आदि सब्जी बीज वितरित किए गए। ताकि आने वाले समय में लोगों को शुद्ध हरी सब्जी मिल सके। इस मौके पर संस्था के जेफसी गोपाल, कार्यकर्ता सुमित सैनी, सावन शर्मा, मोहित कुमार, राम सीरोमन, मंजीत समेत ग्रामीण उपस्थित रहे।

उद्यमी प्रशिक्षुओं को कराएं अप्रेंटिस

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु और व्यापार बंधु की मासिक बैठक मॉ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में हुई। इस दौरान उद्योग व व्यापारियों की समस्याएं सुनकर निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

शुक्रवार को बैठक में एनएचएआई से सक्षम अधिकारी न आने पर डीएम आलोक सिंह ने उपायुक्त उद्योग को पीडी एनएचएआई को अलग से बुलाकर समस्याओं के निस्तारण कराए जाने को निर्देशित किया। उद्यमियों ने दीपक कपूर की फैक्ट्री मेसर्स सुदर्शन डोर्स प्राइवेट लिमिटेड की जमीन पर कुछ स्थानीय भू-माफियाओं द्वारा कब्जा करने की शिकायत की गई। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि पैमाइश कराकर कब्जा हटवा दिया गया है। डीएम ने उद्यमियों से आईटीआई प्रशिक्षुओं को उद्योगों में अप्रेंटिस कराने की अपील की। उद्यमियों ने औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति के संबंध में शिकायत की। जिसपर निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए एक्सईएन विद्युत को निर्देशित किया गया।

अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम आलोक सिंह। अमृत विचार

औद्योगिक क्षेत्र में काला नमक फैक्ट्री से धुआं निकलने संबंधी प्रदूषण की पर डीएम ने संयुक्त टीम बनाकर जांच कराए जाने के निर्देश दिए। उद्यमियों ने जनपद में जीएसटी भवन, रेलवे रैक प्वाइंट निर्माण, पुखरायां में यातायात सुधार, रूरा में रेल उपरिगामी सेतु का जल्द निर्माण, अशोक नगर अकबरपुर में जलनिकासी समेत का निराकरण कराने की मांग की। डीएम ने शीघ्र समस्या निराकरण का आश्वासन दिया। बैठक में एडीएम प्रशासन अमित कुमार, जीएमडीआईसी मो. सउद, जीएसटी अधिकारी, नगर निकाय अधिकारी उपस्थित रहे।

छात्रवृत्ति की प्रक्रिया समय से पूरी की जाए

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार। सोशल सेक्टर द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की पूर्वदशम, दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जारी समय सारिणी के अनुसार समय पर कार्रवाई पूरी करने के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी नागप्पन की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बैठक की गई।

शुक्रवार को बैठक में उपस्थित जनपद की संबंधित शिक्षण संस्थाओं के प्राचार्य, प्रधानाचार्य, नोडल अधिकारी को जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछडा वर्ग अधिकारी व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने छात्रवृत्ति के लिए जारी समय सारिणी एवं फ्री-शिप कार्ड के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। सह जिला विद्यालय निरीक्षक ने नियमित समीक्षा कर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत कार्रवाई समय पर पूर्ण कराए जाने को कहा।

बैठक में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए इच्छुक छात्र-छात्राओं के लिए मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के बारे में भी जाकारी दी गई। जिससे अधिक से अधिक इच्छुक छात्रों का पंजीकरण कराया जा सके। साथ ही विभिन्न संस्थाओं में अध्ययनरत ऐसे छात्र जो छात्रावास में रहने के इच्छुक हैं। उनको समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास मूसानगर में रहने की निशुल्क सुविधा के बारे में बताया गया।

सार-संक्षेप

शहीद स्तम्भ पर माल्यार्पण के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेश कटियार व अन्य।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने शहीद स्तम्भ पर किया माल्यार्पण

कानपुर देहात। जिला कांग्रेस ने कारगिल विजय दिवस पर पूर्व सैनिकों व शहीद सैनिकों के परिवारों के घर-घर जाकर फूल माला पहना व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेश कटियार के नेतृत्व में डेरापुर स्थिति शहीद स्तम्भ पर माल्यार्पण करने के बाद पूर्व सैनिक अनवर अहमद कुरेशी, बृजगोपाल यादव, रघुवीर सिंह फ़ौजी, अरविंद कटियार, शहीद सैनिक रोहित यादव के पिता का सम्मान किया गया। इस मौके पर सगीर अहमद, रोहित कटियार, राम अवतार दीक्षित, खुशी प्रसाद कुशवाहा, डॉ. अजय यादव, तारिक निजामी, रामबाबू कटियार, रसीद शाह, अंशू कटियार, मलखान सिंह यादव, रमेश कुमार अनिकेत सोनकर, पवन शर्मा आदि रहे।

28वीं कानपुर जोन अंतर्जनपदीय प्रतियोगिता शुरू

कानपुर देहात। शुक्रवार को 28वीं कानपुर जोन अंतर्जनपदीय पुलिस महिला एवं पुरुष वेट लिफ्टिंग, पावर लिफ्टिंग एवं योगा प्रतियोगिता की डीएम आलोक सिंह ने स्पोर्टस स्टेडियम माती में शुरुआत की। प्रतियोगिता में कानपुर मंडल के सभी जनपदों की टीमों ने प्रतिभाग किया। डीएम व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति के सामने टीमों ने योगाभ्यास किया। इस मौके पर एएसपी राजेश पांडेय भी उपस्थित रहे।

नाबालिग को ले जाने में दो गिरफ्तार

सिकंदरा। सिकंदरा थाने के एसआई चरण सिंह ने बताया कि बुधेड़ा डेरापुर निवासी एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री को ले जाने की 21 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शुक्रवार को आलमपुर मोड़ से आरोपी मुकेश उर्फ कुर्री निवासी बुधेड़ा व सहयोगी महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

राजस्व कार्यों में लेखपाल व निरीक्षक की भूमिका अहम

कानपुर देहात। जिलाधिकारी आलोक सिंह ने राजस्व कार्यशाला में कहा कि राजस्व कार्यों में लेखपाल व राजस्व निरीक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। फील्ड बुक जरूर बनाएं और आपदा राहत से संबंधित के मामलों में निर्धारित समय में रिपोर्ट भेजें। शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता से बात जरूर करें। उन्होंने एग्रीस्टैक, किसान रजिस्ट्री, धारा 24 व अन्य राजस्व संबंधी मामलों की जानकारी दी। शिकायतों के निस्तारण व फील्ड में लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

शिक्षक की पिटाई से छात्र का सिर फटा

मंगलपुर। सिकंदरा तहसील के अचरौली संविलियन विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक अवधेश कुमार ने कक्षा पांच के छात्र अभिषेक पुत्र पंछी की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसका सिर फट गया। अध्यापकों ने छात्र को छुड़ाया और परिजनों को सूचना दी। परिजन उसे अस्पताल ले गए। आक्रोशित ग्रामीण एकत्रित हुए तो अध्यापक विद्यालय के एक कमरे में घुस गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। पुलिस के पहुंचने पर अध्यापक कमरे से बाहर निकले और गुस्से में छात्र को पीटने की बात स्वीकार की। संदलपुर चौकी प्रभारी कौशल कुमार ने बताया कि घायल छात्र को अस्पताल भेजा गया है। आरोपी शिक्षक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

पांचवीं बार व्यापार मंडल अध्यक्ष बने राजेंद्र अग्रवाल

मूसानगर। व्यापार मंडल की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष श्याम मोहन दुबे ने सर्वसम्मति से पांचवीं बार राजेंद्र अग्रवाल को नगर अध्यक्ष मनोनीत किया। युवा व्यापार मंडल में विशाल गुप्ता अध्यक्ष चुने गए। बैठक में जिलाध्यक्ष अनुभव अग्रवाल, रामजी मिश्रा, सूर्यकांत त्रिपाठी, श्याम ओमर, अमित मिश्रा, नीरज पांडेय, राजीव सोनी, मनीष ओमर, गोविंद गुप्ता, प्रिंस सोनी आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

झमाझम बारिश से नाले उफनाए, मुसीबत बढ़ी

संवाददाता, राजपुर

अमृत विचार। नगर पंचायत के कई वार्डों में जलनिकासी का प्रबंध न होने से जलभराव की समस्या है। शुक्रवार को तेज बारिश में नगर पंचायत के इंतजामों की पोल खुल गई। बदइंतजामी का आलम यह है कि कई मोहल्लों में बारिश की वजह से पानी भरा है।

नगर पंचायतों में जल निकासी के इंतजाम दुरस्त कराने को लेकर शासन ने 30 जून तक नाले-नालियों की सफाई कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन नगर पंचायत प्रशासन बेफिक्र रहा। नई बस्ती, पटेल नगर व कन्हैयानगर में नालियां कूडे़-कचरे से पटी हैं। शुक्रवार को एक घंटे झमाझम बरसात हुई। जिससे कन्हैयानगर में भीषण जलभराव हो गया। पटेल नगर में नालियां चोक होने से गलियों में जलभराव से जलनिकासी व्यवस्था की पोल खुल गई। सड़क से निकलते समय एक महिला बच्चे को लेकर गिर पड़ी और महिला का पैर नाले के ऊपर रखी लोहे की जाली में फंस गया। लोगों ने महिला को निकालकर घर तक पहुंचाया। पटेल नगर के अकबर, राहुल, नासिर, नत्थू आदि ने बताया कि वार्ड की नालियों में सफाई व्यवस्था दुरस्त न होने से जलभराव की समस्या है। ईओ नीति त्रिपाठी ने बताया कि निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था दुरस्त कराई जाएगी।

रास्ते पर जलभराव के हालात।

काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार। एनएचएम संविदा स्वास्थ्य संघ की मांगों के पूरा न होने पर कर्मचारियों ने विरोध शुरू किया है। शुक्रवार को सीएमओ कार्यालय से लेकर सीएचसी व पीएचसी स्तर पर संविदा कर्मियों न बांह में काली पट्टी बांध कर विरोध जताया।

उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के जिला संयोजक रत्नेश बाजपेयी व जिलाध्यक्ष भोलेंद्र जादौन ने कहा कि प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य से 15 जुलाई को प्रतिनिधि मंडल से वार्ता करने का अनुरोध किया गया था, लेकिन एक सप्ताह बीतने पर भी कोई संज्ञान नहीं लिया गया।उनकी मांग है कि संविदा स्वास्थ्य कर्मियों को म्यूचुअल एवं रिक्त पदों पर गैर जनपद स्थानांतरण के लिए अनुमोदन व संविदा कर्मचारियों के लिए प्रत्येक वर्ष स्वयं के अनुरोध पर स्थानांतरण नीति लागू की जाए। अतिरिक्त तीन प्रतिशत प्राप्त बजट से वेतन विसंगति का विस्तारण कर वेतन वृद्धि की जाए। संविदा कर्मचारियों के लिए ईपीएफ, ग्रेड पे व डीए का निर्धारण, नियमित पदों के सापेक्ष होने वाली भर्ती प्रक्रिया में वरीयता, जिला व ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधन ईकाई में कार्यरत प्रबंधकों व स्टाफ की वेतन विसंगति का निस्तारण, कोविड-19 कर्मचारियों का एनएचएम के अन्य कार्यक्रमों में समायोजन, सेवा समाप्त नर्स मेंटर का रिक्त पीएचएन टयूटर के पद पर समयोजन समेत दस सूत्रीय मांगों का अब तक निस्तारण नहीं किया गया है। इसको लेकर काली पट्टी बांधकर विरोध जता रहे हैं। उन्होंने बताया कि 29 व 30 जुलाई को एक घंटा अधिक कार्य, 31 जुलाई से 2 अगस्त तक डीएम, सांसद व विधायक के जरिये मुख्यमंत्री को ज्ञापन व 7 अगस्त को एनएचएम निदेशक कार्यालय का घेराव करेंगे।

काली पट्टी बांधकर सीएमओ कार्यालय में विरोध जताते संविदा स्वास्थ्य कर्मी।

शहादत को सलाम श्रद्धा सुमन अर्पित कर जलाए दीप, शहीदों के सम्मान में 'अमर रहें' के नारे लगाए

कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार। कारगिल विजय उत्सव समारोह पर कई जगहों पर कार्यक्रम हुए। माती जिला न्यायालय ने गोष्ठी कर युद्ध में वीरगति प्राप्त सैनिकों के सम्मान में श्रद्धांजलि दी गई। इसी तरह मंगलपुर क्षेत्र के विद्यालय में श्रद्धा सुमन अर्पित कर दीप जलाए गए। साथ ही शहीदों के सम्मान में नारे लगाए गए।

कारगिल विजय के पच्चीस वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को जनपद न्यायालय में अधिवक्ताओं ने सैनिक कृतज्ञता दिवस का आयोजन किया। सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने कहा कि करगिल यद्ध भारतीय सेना के द्वारा लड़ी गई सबसे कठिन लड़ाईयों में गिना जाता है। भारतीय सेना का यह ऑपरेशन विजय लगभग तीन महीनों तक चला था और टाइगर हिल को 26 जुलाई 1999 में वापस अपने कब्जे में लेते हुए जीत का परचम फहराया था।

जिला न्यायालय में श्रद्धांजलि अर्पित करते अधिवक्ता।

शहीदों को श्रद्धांजलि देते अधिकारी, एनसीसी कैडेट व शिक्षक।

एकीकृत बार एसोसिएशन महामंत्री संजय सिंह सिसोदिया ने कहा कि हमें न सिर्फ देश की एकता और अखंडता के लिए हमारे वीर सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान का स्मरण रखना चाहिए। कार्यक्रम में एकीकृत बार अध्यक्ष राधेश्याम कटियार, पूर्व अध्यक्ष रमेश पांडेय, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह यादव, शैलेंद्र सिंह राजावत, पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मीशंकर मिश्रा, पूर्व महामंत्री जय प्रकाश यादव, मुकेश बाबू, राजेश कटियार, राकेश कटियार, जिला बार मंत्री सर्वेंद्र सिंह यादव, डेरापुर तहसील पूर्व महामंत्री भरत शर्मा, शिववीर सिंह भदौरिया, मनवीर पाल आदि मौजूद रहे।

मंगलपुर क्षेत्र के श्री ज्वाला देवी ज्ञानदा इंटर कॉलेज कुंतलिया में 59 यूपी बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस पर विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम व शहीद स्मारक में कैडेट्स, पुलिस, विद्यालय स्टाफ व बच्चों के साथ दीप प्रज्वलन, पुष्पांजलि व एक मिनट मौन धारणकर श्रद्धांजलि सुमन अर्पित कर बच्चों को प्रेरणा दी गई। एएनओ वीर सिंह ने कहा कि आज हम उन वीर सपूतों को याद करते हैं, जिन्होंने 1999 में कारगिल की ऊंची चोटियों पर अपने प्राणों की आहूति दी थी। उनकी वीरता और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। शिक्षक बलराम संखवार ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हमारे सैनिकों के बलिदान से ही हम सुरक्षित हैं। पूर्व सैनिक सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना ने कारगिल में विजय प्राप्त की थी। इस युद्ध में 527 भारतीय जवान शहीद हुए और 1363 घायल हुए थे। इस अवसर पर सीटीओ आजाद, भगवती शर्मा, शिक्षक बलराम, आदित्य गौतम आदि रहे।

दो माह के भीतर मिलने लगेगी लेखा पर्ची

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार। दो माह के अंदर प्राथमिक शिक्षकों को लेखा पर्ची ब्लॉक स्तर पर मिलनी शुरू हो जाएगी। उक्त बात का आश्वासन बीएसए व लेखाधिकारी ने सैकड़ों शिक्षको की मौजूदगी में स्नातक एमएलसी को दिया है। इसके साथ ही एमएलसी की दी समस्याओं का निस्तारण हो जाएगा।

शुक्रवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत एमएलसी अरुण पाठक शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए पहुंचे। जहां पहले से ही अपनी समस्याओं के निस्तारण के लिए मौजूद शिक्षकों ने एमएलसी का स्वागत किया। इसके बाद बीएसए कार्यालय में एमएलसी की उपस्थिति में बीएसए अजय मिश्रा व लेखाधिकारी आशुतोष त्रिपाठी के समझ बिंदुवार समस्याओं को रखा गया। सबसे ज्यादा समस्या चयन वेतन मान, अवशेष वेतन, वेतन वृद्धि की रही। इसके साथ ही एनपीएस, सेवा पुस्तिका, आवास भत्ता विसंगति से शिक्षकों ने शिकायत रखी। इसके बाद जिले में बेसिक शिक्षकों को पटल के बाबुओं द्वारा बीईओ से लेकर जिले स्तर तक शोषण करने की शिकायत शिक्षकों द्वारा की गई।

- एमएलसी अरुण पाठक ने उठाई शिक्षकों की समस्या

एमएलसी ने गहरी नाराजगी जताई। साथ ही ऐसे बाबुओं को अपनी कार्य शैली शीघ्र सुधार करने की चेतावनी दी। साथ ही बीएसए व लेखाधिकारी को जो समस्याएं दी गई हैं। उन्हें एक सप्ताह में निस्तारित कर अवगत कराएं। इ

श्रीमती रामदुलारी मेमोरियल कन्या महाविद्यालय
सराय कानपुर देहात उत्तर प्रदेश 209111

आवश्यकता है

महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम में एक पद प्राचार्य, स्नातक विज्ञान वर्ग (BSC) प्रत्येक विषय एक पद सहायक आचार्य विषय–1– भौतिक विज्ञान 2–गणित 3–रसायन विज्ञान 4 जन्तु विज्ञान 5–वनस्पति विज्ञान व स्नातक कला वर्ग (B.A.) में प्रत्येक विषय एक पद सहायक आचार्य विषय–1–हिन्दी साहित्य 2–अंग्रेजी साहित्य 3– समाजशास्त्र 4– शिक्षाशास्त्र 5– भूगोल 6– संस्कृत 7 – गृह विज्ञान। एवं परास्नातक स्तर पर सहायक आचार्यो की प्रत्येक विषय दो पद विषय परास्नातक कला वर्ग (M.A.) में.1–भूगोल 2–गृह विज्ञान।

नोट–उक्त सभी पदों हेतु अर्हता एवं बेतन यू0जी0सी0 तथा राज्य सरकार उ0प्र0एवं छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर उ0प्र0 के मानकानुसार।

सम्पर्क सूत्र– 9935939322, 9415169549
ईमेल: srdmkmvsarai@gmail.com

आज्ञा से– प्रबन्धक/मंत्री
श्रीमती रामदुलारी मेमोरियल कन्या महाविद्यालय
सराय कानपुर देहात उत्तर प्रदेश।

एक नजर

राजेश मीणा बने सचिव गृह

अमृत विचार, लखनऊ : शासन ने सचिव स्तर पर आईएएस अफसरों के तबादले किए हैं। इनमें आईएएस श्रीनिवास गुर्राला को लोक निर्माण विभाग का सचिव बनाया गया है, जबकि आईएएस राजेश मीणा को गृह सचिव बनाया गया है। इसके साथ ही आईएएस मयूर माहेश्वरी को लघु उद्योग निगम का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। माना जा रहा है कि अब आईएएस अधिकारियों के तबादलों पर थोड़ी लगाम लग जाएगी। सरकार ने जरूरी ट्रांसफर का काम पूरा कर लिया है।

पूर्व विधायक इंदल रावत को भेजा गया जेल

अमृत विचार, लखनऊ : पूर्व विधायक एवं कांग्रेसी नेता इंदल रावत को धोखाधड़ी एवं ढाई करोड़ की ठगी के एक मामले में एमपी/ एमएलए कोर्ट के प्रभारी विशेष एसीजेएम पीयूष त्रिपाठी ने आगामी 7 अगस्त तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेजे जाने का आदेश दिया है। अभियुक्त के विरुद्ध आरोप है कि उसने राज इंफ्रा हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजेश पांडे के पक्ष फर्जी दस्तावेज तैयार कर रजिस्ट्री कराने एवं दो करोड़ 52 लाख रुपए हड़प लिए।

दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष की सजा

अमृत विचार, लखनऊ : नाबालिक दुराचार करने के आरोप में पाक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश विजेंद्र त्रिपाठी ने जनपद बहराइच के निगोह गांव के रहने वाले भानु प्रताप को 10 वर्ष के कठोर कारावास एवं 25 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक अरुण कुमार ने अदालत को बताया कि इस मामले की रिपोर्ट वादी द्वारा 25 अगस्त 2022 को थाना कृष्णा नगर में आरोपी के विरुद्ध दर्ज कराई गई थी।

सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने की मांग

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र. राष्ट्रीय चीनी मिल अधिकारी परिषद ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने की मांग की है। परिषद के अध्यक्ष सूर्यपाल सिंह, उपाध्यक्ष सुधीर सोनकर और महासचिव कैलाश उपाध्याय ने मुख्यमंत्री बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग के अधीन संचालित उप्र. सहकारी चीनी मिल्स संघ लिमटेड व सहकारी क्षेत्र की संघ से संबद्ध 24 सहकारी चीनी मिलें संचालित हैं। जिसके माध्यम से प्रदेश के लगभग 6 लाख गन्ना कृषक परिवारों एवं संबंधित कर्मचारी व अधिकारियों के परिवारों का भरण-पोषण होता है।

ट्रक पर खलासी बनकर बैठे थे एडीजी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जिस ट्रक पर बैठे थे उससे भी हुई 500 की वसूली
- रातभर चला अभियान, एसपी को सुबह पता चला

अमृत विचार। बलिया के उप्र.-बिहार सीमा पर पार होने वाले ट्रकों से अवैध वसूली की सच्चाई जानने के लिए एडीजी पीयूष मोर्डिया ट्रक पर खलासी बनकर बैठे थे। कार्रवाई के लिए बाकायदा रेकी की गई थी। इस भंडाफोड़ से पहले बुधवार की रात पीयूष मोर्डिया और आजमगढ़ के डीआईजी रेंज वैभव कृष्ण 22 पुलिस कर्मियों की पांच टीम के साथ एक घंटे रेकी करते हुए बलिया के भरौही तिराहा से बक्सर की ओर गए थे। सादे कपड़ों में ही पुलिस टीम बक्सर की ओर से वापस भरौली तिराहा पहुंची थी। रात दो बजे भरौली तिराहे पर अवैध वसूली करते हुए पहला सिपाही पकड़ा गया। उसके बाद एक-एक कर 16 दलाल और एक अन्य सिपाही गिरफ्त में आए।

बुधवार की रात एडीजी पुलिस की दो टीम, तो डीआईजी आजमगढ़ पुलिस की तीन टीम लेकर निकले थे। तय किया गया था कि अवैध वसूली करने वालों को रंगेहाथ पकड़ा जाएगा। बक्सर की ओर से वापस आते समय रात दो बजे पुलिस टीमें फिर भरौली तिराहा पहुंची। पुलिस टीम ने देखा कि एक सिपाही बक्सर की ओर से आ रहे बालू लदे ट्रकों से पैसा वसूल रहा था, तो उसे पकड़ लिया गया। डीआईजी रेंज ने बताया कि भरौली तिराहा पर पकड़े गए सिपाही ने पुलिस को बताया कि जो वाहन गाजीपुर की ओर जाते हैं, उनसे नरही थाने की पुलिस कोरंटाडीह चौकी पर अवैध वसूली करती है। इस जानकारी पर, एडीजी जोन और इंस्पेक्टर एक ट्रक में भरौली तिराहा से सवार हुए। पांच किलोमीटर चलने के बाद कोरंटाडीह चौकी के सामने सादे कपड़ों में दो लोग ट्रकों से वसूली करते दिखे। उनका ट्रक भी पहुंचा तो उसे रुकवा कर 500 रुपये की मांग की गई। इस पर वह, एडीजी जोन और इंस्पेक्टर ने ट्रक से कूद कर एक सिपाही को पकड़ लिया। इसके बाद शुरू हुआ अन्य पुलिस कर्मी और दलालों को पकड़ा गया। खास बात यह है कि जिले के एसपी और एएसपी को उक्त प्रकरण की जानकारी सुबह हो पाई।

सिर्फ 7.30 मिनट में पहुंच रही निःशुल्क एंबुलेंस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रिस्पांस टाइम में पूरे देश में उप्र की एंबुलेंस सेवा पहले पायदान पर

अमृत विचार: प्रदेश में एंबुलेंस सेवा 108 (इमरजेंसी मेडिकल ट्रांसपोर्ट सर्विसेज) का रिस्पांस टाइम मात्र 7.30 मिनट है, यानि जरूरतमंद मरीज की कॉल पर निशुल्क एंबुलेंस 7.30 मिनट में पहुंच रही है, यह रिस्पांस टाइम में पूरे देश में पहले पायदान पर है। वहीं दूसरे स्थान पर 7:57 मिनट के साथ राजस्थान, तीसरे स्थान पर 10:45 मिनट के साथ केरल है। वहीं सबसे खराब रिस्पांस टाइम 16:02 मिनट झारखंड का है। इसके बाद अरुणाचल प्रदेश का रिस्पांस टाइम 15:01 मिनट और दिल्ली का 13:31 मिनट है।

यह जानकारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि इमरजेंसी में मरीज को सही समय में चिकित्सकीय सेवाएं मिलने पर लाखों मरीजों की जान बचायी जा सकती है। इस उददेश्य से एंबुलेंस के रिस्पांस टाइम को रिकार्ड स्तर पर सुधारा गया है। साल 2016-17 में जो एंबुलेंस सेवा 108, 16:52 मिनट में पहुंचती थी, अब यह एंबुलेंस मात्र 7:30 मिनट में पहुंच रही है। एनएचएम के जीएम पराग पांडेय ने बताया कि लगातार मॉनीटरिंग का ही असर है कि प्रदेश में एंबुलेंस का यह रिस्पांस टाइम, पिछले कई सालो से देश भर में टॉप पर है। इसके लिए 2019 में खटारा हो चुकी 662 एंबुलेंस को हटाकर नई अत्याधुनिक एंबुलेंस खरीदी गईं। साथ ही 712 अतिरिक्त एंबुलेंस को शामिल किया गया। वर्तमान में कुल 2200 एंबुलेंस सेवा 108 संचालित हैं। औसतन रोजाना 16,703 मरीजों को सहायता प्रदान की जा रही है।

भारतीय सेना के त्याग पर हमें गर्व है : मुख्यमंत्री

कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए योगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर रजत जयंती शुक्रवार को मध्यकमान के मिलिट्री स्टेशन में मनाई गई। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मध्यकमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने मध्य कमान के युद्ध स्मारक स्मृतिका पर पुष्पांजलि अर्पित कर सशस्त्र बलों के बलिदानी वीरों को श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कारगिल युद्ध भारत पर थोपा गया था। पाकिस्तान ने कश्मीर में घुसपैठ करके भारत पर युद्ध थोपने का कार्य किया था। किन्तु युद्ध का परिणाम क्या होगा यह हमारे बहादुर जवानों ने तय किया। उस समय हमारी सेना के वीर जवानों के सामने विपरीत परिस्थितियां थीं, लेकिन हमारे बहादुर जवानों के सामने कोई दुश्मन टिक नहीं पाया। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय जवानों के अदम्य शौर्य और साहस का लोहा दुनिया ने माना। मुख्यमंत्री योगी ने कारगिल विजय दिवस की बधाई देते हुए कहा कि जिन वीर नारियों और परिवारों ने कारगिल युद्ध में अपने परिवार के सदस्यों को खोया है, आज उन्हें सम्मानित कर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। सीएम योगी ने कहा कि दुनिया के अंदर भारत की पहचान जबरन एकाधिकार करने वाले देश की नहीं है।

शहीद रायफल मैन सुनील जंग की बहन बीना को सम्मानित करते मुख्यमंत्री। अमृत विचार

किसी पर आक्रमण नहीं किया

सीएम योगी ने कहा कि शस्त्रेण रक्षिते राष्ट्रे शास्त्रचिंता प्रवृत्तते यह भारत की परंपरा है। उन्होंने कहा कि बल, बुद्धि और विद्या में भारत जब दुनिया का सिरमौर था, तब भी हमने किसी पर आक्रमण नहीं किया। परंतु किसी आक्रांता ने हमारी शांति और सद्भावना के हनन का दुस्साहस किया तो भारत माता के बहादुर जवानों ने मातृभूमि के रक्षा करने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। सीएम योगी ने कहा कि देश की सीमा की रक्षा करने वाले बहादुर जवानों के साथ राज्य सरकार हमेशा खड़ी है।

मुख्यमंत्री ने इन्हें किया सम्मानित

इस मौके पर सीएम योगी ने परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज पांडेय के पिता, राइफलमैन सुनील जंग की बहन बीना, नायक आबिद खान की माता, नायक रामकेश चंद्र यादव की पत्नी, नायक राजेंद्र यादव की पत्नी, लांस नायक अशोक कुमार यादव के बेटे, ब्रिगेडियर अखिल कुमार सिन्हा, कर्नल प्रभात रंजन, कर्नल ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह कौशिक, कर्नल क्षितिज श्रीवास्तव, नायक जितेंद्र सिंह और सिपाही विनोद कुमार दुबे को सम्मानित किया।

इसलिए मनाते हैं कारगिल विजय दिवस

1999 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की विजय का जश्न मनाने के लिए हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। आज ही के दिन 25 साल पहले भारतीय सेना ने लद्दाख के द्रास सेक्टर में दुश्मन द्वारा कब्जा की गई ऊंची चौकियों को वापस लिया था।

केजीएमयू में 315 करोड़ से बनेगा अत्याधुनिक सर्जरी विभाग

अमृत विचार, लखनऊ: स्वास्थ्य सेवाओं को उत्तम बनाने के लिए चिकित्सा विश्वविद्यालयों व संस्थानों का आधुनिकीकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर इसकी योजना की शुरूआत राजधानी के किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) से होगी। केजीएमयू परिसर में ही 9.62 एकड़ क्षेत्र में 315 करोड़ रुपये से अत्याधुनिक सर्जरी विभाग की सात मंजिला नई बिल्डिंग बनाई जाएगी।

इस भवन में पार्किंग के लिए 2 मंजिला अंडर ग्राउंड बेसमेंट तैयार किया जाएगा। इसके साथ बिल्डिंग में एडवांस रोबोटिक सर्जरी सिस्टम, 300 बेड युक्त टीचिंग हॉस्पिटल, 10 ओटी, एक हाइब्रिड ओटी व 12 बेडेड आईसीयू, मॉर्चरी व ऑडिटोरियम समेत अन्य सुविधाएं भी स्थापित की जाएंगी।

ईपीसी मोड में होगा निर्माण व विकास कार्य: सर्जरी विभाग ने निर्माण व विकास कार्यों की प्रक्रिया शुरू कर दी है। निजी ऐजेंसी चयन को लेकर आवेदन भी मांगे गए हैं। निर्माण व विकास कार्यों को टर्न-की बेसिस पर इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट व कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड में किया जाएगा। दो साल में तैयार होने वाली नई बिल्डिंग को अगले 100 वर्षों की जरूरतों के हिसाब से निर्मित व विकसित किया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री केशव बन गए दिल्ली के वाईफाई का पासवर्ड : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या को दिल्ली का मोहरा बताते हुए कहा कि ' वह दिल्ली के वाईफाई का पासवर्ड बन गए हैं'। मानसून ऑफर विंटर तक डिस्काउंट के साथ चलाना पड़ेगा। साथ ही कहा कि, प्रदेश में व्यापक स्तर पर भ्रस्टाचार व्याप्त है, पुष्टि भाजपा के विधायक ही करते हैं।

सपा मुख्यालय में शुक्रवार को अखिलेश यादव संविधान-मानस्तंभ स्थापना के अवसर पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधान सांसद के क्षेत्र में पुलिस वसूली करती पकड़ी गई, हमने तो ये भी देखा कि पुलिस खुद रेट तय कर रही है कि टांग पर गोली मारने पर कितना रुपया मिलेगा। गोली न चलने पर पुलिस अपने से ही ठांय-ठांय बोल दिया, वीडियो वायरल हुआ था। भ्रस्टाचार के पीछे भाजपा के लोग ही हैं, सरकार में बैठे लोग हत्यारों को बचा रहें हैं।

बागी विधायकों की सदस्यता जाएगी

अखिलेश यादव ने कहा कि इन विधायकों की सदस्यता खत्म करने के लिए विधानसभा में लिखकर देंगे, हमको न्याय विधानसभा से मिलेगा, राज्यसभा चुनाव मे तो जो हुआ कैमरे पर हुआ है। हमारी विधानसभा हमको न्याय देगी। साथ ही पल्लवी पटेल की मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात के विषय में कहा कि मुख्यमंत्री से कोई भी मिल सकता है। लेकिन उनकी सदस्यता कौन बचा सकता है, हम ही बचाएंगे, आधी आबादी है हम उन्हें बचा लेंगे।

राजधानी में अकबरनगर पर बुलडोजर चलने के सवाल पर उन्होंने कहा, अब भाजपा वाले नाले को रिवर फ्रंट बना रहे है, नाले के पानी को कहां ले जाएंगे। जो रिवर फ्रंट सपा सरकार में बना है उसके पानी को चैनलाइज किया, जिसकी वजह से कोई गंदा पानी नही आ पायेगा, ये गंगा एक्शन प्लान के तहत काम हुआ था। लेकिन भाजपा के लोग नही समझ सकते, इनसे जब इत्र की बात करो तो ये लोग गोबर की बात करने लगते है।

विधायकों के साथ मुख्यमंत्री की बैठक नहीं पहुंचे पाठक

अमृत विचार, लखनऊ: मंडलवार बैठकों के कार्यक्रम के आखिरी दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकारी आवास पर लखनऊ मंडल के सांसदों-विधायकों के साथ बैठक की। उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण कराने का भरोसा दिलाया, पर बैठक में लखनऊ कैंट से विधायक उप मुख्यमत्री ब्रजेश नदारद रहे। इसको लेकर कई तरह की चर्चाएं होती रहीं।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री से लखनऊ के विधायकों के साथ ही मंडल से संबंधित अन्य जिलों के विधायक मौजूद रहे। विधान परिषद सदस्यों ने भी मुलाकात की। बैठक के दौरान इस दौरान उन्होंने विधायकों से लोकसभा चुनाव के नतीजों, विधायकों की समस्याओं आदि पर चर्चा की। कई विधायकों की शिकायत पर मुख्यमंत्री उनका समाधान कराने का भरोसा दिया, पर इस बैठक में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मौजूद नहीं थे। पाठक के बैठक में न रहने को लेकर कई तरह की चर्चाएं होती रही।

संविधान हत्या दिवस घोषित करने के मामले में हस्तक्षेप से इनकार

विधि संवाददाता, लखनऊ

- राजनीतिक जटिलताओं में नहीं पड़ सकते : हाईकोर्ट

अमृत विचार: हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने 'संविधान हत्या दिवस' की अधिसूचना जारी करने के मामले में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया है। न्यायालय ने इस सम्बंध में दाखिल जनहित याचिका पर कहा कि यह सरकार का विषय है कि वह 25 जून 1975 को लगाए गए आपात काल में हुई ज्यादतियों सम्बंध में किस प्रकार की घोषणा करती है। न्यायालय ने कहा कि हम राजनीतिक जटिलताओं में नहीं पड़ सकते। इन टिप्पणियों के सतह न्यायालय ने याचिका को निस्तारित कर दिया।

यह आदेश न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह की खंडपीठ ने पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर की जनहित याचिका पर पारित किया है। याचिका में संविधान हत्या दिवस शब्द का प्रयोग किए जाने को अविधिक बताया गया था। कहा गया कि हत्या या मृत्यु होने पर अस्तित्व समाप्त हो जाता है। कहा गया कि सरकार हत्या दिवस के स्थान पर किसी सकारात्मक शब्द का भी प्रयोग कर सकती थी। यह भी दलील दी गई कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि आपात काल लागू कर तत्कालीन सरकार ने अपनी शक्तियों का गलत इस्तेमाल कियअ था व देश के नागरिकों को प्रताड़नाओं का भी सामना करना पड़ा था लेकिन यदि संविधान की हत्या हो गई होती तो देश की जनता अगले ही आम चुनाव में तत्कालीन सरकार को उखाड़ न फेंकती। वहीं याचिका का डिप्टी सॉलिसीटर जनरल एसबी पांडेय ने विरोध करते हुए दलील दी कि याची ने अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमे का ब्यौरा नहीं दिया है। हालांकि इस पर याची की ओर से कहा गया कि उसने अपने याचिका में स्पष्ट तौर पर लिखा है कि सामाजिक कार्य करते हुए, उस पर मुकदमे भी दर्ज हुए और उसे जेल भी जाना पड़ा है।

वहीं न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के उपरांत पारित अपने आदेश में कहा कि हम इस प्रकार की अधिसूचना जारी करने के सम्बंध में सरकार की सोच पर सवाल नहीं कर सकते।

विधायक बेदीराम व विपुल सहित 18 पर आरोप तय

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: रेलवे विभाग में ग्रुप डी की भर्ती का पर्चा लीक मामले में आरोपी बनाए गए दो अलग अलग मामलों में मौजूदा विधायक बेदी राम एवं विपुल दुबे सहित 18आरोपियों के खिलाफ गैंगेस्टर कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पुष्कर उपाध्याय ने आरोप तय कर दिया है। दोनों मामलों में अभियोजन साक्ष्य पेश करने के लिए आगामी 7 अगस्त की तिथि तय की है। जबकि एक अन्य आरोपी कृष्ण कुमार यादव की मृत्यु हो जाने कारण उसके विरुद्ध चल रही कार्यवाही को समाप्त कर दिया गया है।

पत्रावली के अनुसार ग्रुप डी की भर्ती के मामले में की गई धांधली को लेकर18 आरोपियों के ख़िलाफ़ दो अलग अलग मामलों में कोर्ट में सुनवाई चल रही है। पहला मामला धोखाधड़ी एवं उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अनुचित संसाधनों के निवारण अधिनियम से संबंधित है जबकि दूसरा मामला पुलिस की ओर से गिरोह बंद अधिनियम का है। आरोपियों की ओर से दोनों ही मामलों में आरोप मुक्त किए जाने की अर्जी अदालत में दी गई जिसे अदालत ने खारिज कर दिया है। अदालत में दोनों उन्मोचन प्रार्थना पत्रों का विरोध गिरोह बन्द अधिनियम की पैरवी कर रहे एसपीओ अल्तमस अहमद ने किया था। इसके बाद दोनों मामलों के आरोपियों के विरुद्ध आरोप तय करते हुए अदालत ने गवाही के लिए 7 अगस्त की तिथि नियत की है।

वर्ग पहेली-143

बाएं से दाएं

4. 1. यथेष्ट सम्मान, उचित आदर, सत्कार 2. प्रतिष्ठा, ख़ातिर।
5. 1. 'तत' का समासगत रूप 2. वह।
6. पतीला, बटलोई।
7. सप्ताह का छठवां दिन, सप्ताह के सात दिनों का एक नाम।
9. 1. आंख, नेत्र 2. जल 3. आम-फल, आम-वृक्ष 4. माता।

ऊपर से नीचे

1. कलम बनाने एवं तराशने का चाकू।
2. हिमायती।
3. जिसने कुछ खाया-पिया न हो।
6. 1. देने वाला, दाता 2. दूसरों को देने की प्रवृत्तिवाला
3. बेचने वाला।
8. नीम का पेड़।



वर्ग पहेली -142 का हल

1 चाँ			2 अ	ल	ख
3 प	ख		श		
ना		4 सु	र	मा	
	5 पू	ष	ण		6 खु
7 भू		8 मा	श		रा
प			9 र	सा	ई
	10 वि	गु	ण		

सुडोकू -56

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	3	5		9				6
			5			8		4
		1		7	2		9	
			6		4		8	
2		7				1		5
	9		7		1			
	4		3	1		6		
5		8			9			
3				4		2	7	

सुडोकू -55 का हल

9	6	4	7	8	1	5	3	2
2	8	1	3	4	5	9	7	6
3	7	5	6	9	2	8	4	1
1	5	7	4	6	8	3	2	9
8	9	6	2	7	3	1	5	4
4	3	2	5	1	9	6	8	7
6	2	8	9	5	7	4	1	3
5	4	3	1	2	6	7	9	8
7	1	9	8	3	4	2	6	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 जुलाई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 21.19 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवती 13.00 तक तत्पश्चात अश्विनी।

मेष — आज दिन की शुरुआत आपके लिए थोड़ी कठिन रहने वाली है। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़ी ज्यादा समझदारी दिखाने की आवश्यकता है। महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर लापरवाही न करें। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप करने से बचना चाहिए।

वृष — आज यात्रा के दौरान आपको कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। कई कार्यों को साधने की कोशिश कर सकते हैं। शरीर आरोग्यवान और मन प्रसन्न रहने वाला है।

मिथुन — आज पेट में कुछ समस्या हो सकती है। किसी बात को लेकर बहस की स्थिति बन सकती है। आपको अपनी छवि की चिंता रहेगी। अनावश्यक बातों में ज्यादा ध्यान न दें। मनमाना व्यवहार करने से बचें। आपको अत्यधिक मेहनत करने की आवश्यकता है।

कर्क — आज नई वाहन की खरीदारी का विचार बनाएंगे। व्यवसाय में बदलाव के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। युवाओं को नई जॉब मिल सकती है। कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं। नई योजनाओं पर धन निवेश कर सकते हैं।

सिंह — आज विरोधियों से आपको सावधान हो जाना चाहिए। जीवन के नए अनुभव प्राप्त होंगे। अविवाहित लोगों को विवाह के रिश्ते मिल सकते हैं। कारोबार को लेकर कुछ निर्णय लेने पड़ सकते हैं। अति आवश्यक कार्यों को सुबह शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कर लें।

कन्या — आज नजदीकी मित्रों के साथ अपने संबंध मधुर रखें। मित्रों के साथ खटास हो सकती है। अपनी कमियों को दूर करने का प्रयास करें। अति आत्मविश्वास के कारण लोगों के निशाने में आ सकते हैं। धर्म-कर्म के प्रति आपकी रुचि कम हो सकती है।

तुला — आज नौकरी में वेतन बढ़ने की संभावना बन रही है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। आप काफी सकारात्मक रहेंगे। परिश्रम का सार्थक परिणाम मिलेगा। स्वास्थ्य की परेशानियों से राहत मिलने के योग बन रहे हैं।

वृश्चिक — आज अपनी गलतियों में सुधार करने का प्रयास करें। प्रेमी जन से वैचारिक मतभेद दूर होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। दिनचर्या में नई आदतों को शामिल न करें।

धनु — आज व्यवसाय में आपकी सभी रुकावटें दूर हो जाएंगी। परिवार का साथ और सहयोग प्राप्त होगा। प्रेमी संबंधों में परेशानी होने की संभावना है। यदि घर से बाहर जा रहे हैं तो अतिरिक्त धन लेकर निकलें। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे।

मकर — आज विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर परेशान रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा होने के योग बन रहे हैं। घुटनों में दर्द की शिकायत होगी। अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएं। बजट को ध्यान में रखकर ही व्यवसाय में बड़ा निवेश करें।

कुंभ — आज दोपहर के बाद परिस्थितियों में सुधार होगा। विरोधियों के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। कारोबार में आपको अतिरिक्त काम करना पड़ सकता है। जिन विषयों के बारे में आपके पास पर्याप्त ज्ञान नहीं है उसको लेकर कोई दावा न करें।

मीन — आज आपको मानसिक संतोष प्रदान करेगा। व्यापार में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। सहकर्मियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। आपको मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी, लेकिन इससे मिलने वाला परिणाम सकारात्मक होगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
राम बलराम — सुबह : 11.12
इलाका — शाम : 06.16

&pictures
मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे — सुबह : 11.27
टीबीए — रात : 08.00

SONY PIX
65 — सुबह : 10.48
वंडर वुमैन — रात : 09.00

ZEE CINEMA
शादी में जरूर आना — सुबह : 10.53
भोला — रात : 08.00

colors CINEPLEX
कुछ कुछ होता है — दोपहर : 12.00
हनु-मान — रात : 07.55

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

मास्टर जी क्लास में आए तो पप्पू हल्ला मचा रहा था।
मास्टर जी (पप्पू से) - गजल और भाषण में क्या अंतर होता है?
पप्पू ने कुछ देर सोचा फिर बोला- पराई स्त्री का हर शब्द गजल होता है और बीवी का हर शब्द भाषण...
पप्पू की बात सुनकर मास्टर जी दंग रह गए।

पत्नी- सुनो जी, आज से तुम रोजाना शराब पिया करो।
पति- क्यों?
पत्नी - क्योंकि, आप नशे में ज्यादा काम करते हो।
पति- मैं कुछ समझा नहीं?
पत्नी- अरे कल तुम शराब पीकर आए तो नशे में सारे गंदे पड़े बर्तन धो डाले और तो और आपने मेरे पांव भी दबाए...

न स सख्या यो न ददाति सख्ये, सचाभुवे सचमानाय पित्व: ।
अपास्मात्प्रेयान्न तदोको अस्ति, पृणन्तमन्यमरणं चिदिच्छेत् ।।

जो लोग अपने पर हुए उपकार का कर्ज नहीं चुकाते, जो दूसरों की सेवा करने में कंजूस हैं, इस दुनिया में कोई भी उनका शुभचिंतक नहीं है। इसलिए मनुष्य को स्वभाव से हमेशा उदार रहना चाहिए।

संपादकीय

वनों का विस्तार

पर्यावरण संरक्षण तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में वन क्षेत्रों का महत्व सर्वाधिक है। वैश्विक स्तर पर बढ़ती आबादी और विकास की दौड़ ने ऐतिहासिक रूप से जंगलों को नष्ट किया है, जिसका दुष्परिणाम पूरी दुनिया भुगत रही है। ऐसी स्थिति में पर्यावरण और जलवायु को लेकर सकारात्मक प्रयास में बड़ी वृद्धि हुई है। संयुक्त राष्ट्र की संस्था खाद्य एवं कृषि संगठन ने अपनी ताजा रिपोर्ट में रेखांकित किया है कि 2000 से 2020 की अवधि में वन क्षेत्रों के नुकसान में 23 प्रतिशत की कमी आई है। इसमें भारत ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संगठन के अनुसार, हमारे देश में 2010 से 2020 की अवधि में वन क्षेत्र में हर वर्ष 2.66 लाख हेक्टेयर की बढ़ोतरी हुई है। इस वृद्धि के मामले में चीन और ऑस्ट्रेलिया ही भारत से आगे है। वन क्षेत्र का विस्तार करने वाले शीर्ष के देशों में चिली, वियतनाम, तुर्की, अमेरिका, फ्रांस, इटली और रोमानिया शामिल हैं। इस रिपोर्ट में नए तौर-तरीकों से क्षरित भूमि को सुधारने तथा कृषि वानिकी विस्तृत करने के लिए भारत की प्रशंसा की गई है। उल्लेखनीय है कि भारत स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन और उपभोग में भी उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। इस वर्ष के बजट में भी स्वच्छ ऊर्जा से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं, जिनमें इलेक्ट्रिक वाहनों तथा सौर, पवन, जल एवं परमाणु ऊर्जा को विकसित करने के प्रस्ताव हैं। स्वच्छ ऊर्जा उद्योग के लिए आवश्यक वस्तुओं के आयात शुल्कों में कमी की गई है और कुछ को शुल्क मुक्त कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्लासगो जलवायु सम्मेलन में भारत की इस प्रतिबद्धता को भी सामने रखा था कि 2070 तक शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल कर लिया जाएगा। वन क्षेत्रों के विस्तार से उत्सर्जन रोकने के साथ-साथ मिट्टी, जल और वायु को संरक्षित रखने में बड़ी मदद मिलेगी। वन अर्थव्यवस्था में भी उल्लेखनीय सहयोग देते हैं। कुछ समय पहले यह चिंताजनक सर्वेक्षण सामने आया था कि भारत के गांवों में खेतों के किनारे पेड़ों की संख्या में भारी कमी आई है। शहरी बाढ़, जल-जमाव और संकट ने इस तथ्य को रेखांकित किया कि जलीय स्रोतों और निकासी के नैसर्गिक रास्तों को नष्ट करने के कारण ऐसी समस्याएं आ रही हैं। इस वर्ष की भीषण गर्मी ने भी चेतावनी दे दी है कि पेड़ों, जंगलों और जलीय स्रोतों को संरक्षित करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। वन क्षेत्रों का बढ़ना उत्साहजनक है, पर जंगली आग की बढ़ती घटनाओं को रोकने पर भी हमें ध्यान देना होगा।

उनकी रणनीति से ओलंपिक हुए सुरक्षित

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

जाहिर है अश्वनी कुमार ने ओलंपिक जैसे आयोजन की सुरक्षा व्यवस्था की निगाहबानी करने से पहले सोचा तो होगा। अंत में उन्होंने आईओसी से मिली जिम्मेदारी को स्वीकार किया। उसके बाद किसी आतंकी संगठन को ओलंपिक खेलों में किसी तरह का व्यवधान डालने का मौका नहीं मिला।

पेरिस में हो रहे ओलंपिक खेलों और साउथ दिल्ली की फ्रेंड्स कॉलोनी का सीधा रिश्ता है। दरअसल फ्रेंड्स कॉलोनी में कुछ बरस पहले तक एक सज्जन रहते थे, जिनकी वजह से ओलंपिक खेलों का आयोजन सुरक्षित हुआ। अगर 1972 के म्युनिख ओलंपिक खेलों में हुए इजराइली खिलाड़ियों के कत्लेआम के बाद फिर ओलंपिक खेलों में कभी उस तरह का भयानक हादसा नहीं हुआ तो उसका श्रेय उन्हीं को जाता है। उनका नाम था अश्वनी कुमार। म्युनिख की दिल दहलाने वाली आतंकी घटना के बाद अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने तेज-तर्रार पुलिस अफसर अश्वनी कुमार से गुजारिश की कि वे आगामी शीतकालीन और ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों की सुरक्षा व्यवस्था को मेजबान देश के साथ मिलकर देखें। अश्वनी कुमार देश की आजादी से पहले इंपीरियल पुलिस सर्विस के अफसर थे। आजादी के बाद अश्वनी कुमार जैसे अफसर भारतीय पुलिस सेवा में शामिल कर लिए गए थे। वे भारतीय ओलंपिक संघ (आईओसी) से भी सक्रिय रूप से जुड़े हुए थे। बेशक अश्वनी कुमार को बेहद चुनौतीपूर्ण दायित्व मिला था। माना जाता है कि ओलंपिक से बड़ा और कोई आयोजन धरती पर तो नहीं होता है। अब पेरिस ओलंपिक को ही लें। इसमें 206 देशों के हजारों खिलाड़ी, कोच, स्पोर्ट स्टाफ, दर्शक वगैरह हिस्सा ले रहे हैं। खेलों को अपने टीवी सेटों पर अरबों खेल प्रेमी देखेंगे। समझा जा सकता है कि ओलंपिक खेलों का स्तर कितना बड़ा होता है।

जाहिर है अश्वनी कुमार ने ओलंपिक जैसे आयोजन की सुरक्षा व्यवस्था की निगाहबानी करने से पहले सोचा तो होगा। अंत में उन्होंने आईओसी से मिली जिम्मेदारी को स्वीकार किया। उसके बाद किसी आतंकी संगठन को ओलंपिक खेलों में किसी तरह का व्यवधान डालने का मौका नहीं मिला। अश्वनी कुमार ने मांट्रियल (1976), मास्को (1980), लॉस एजेंल्स (1984), सिओल (1988),बार्सिलोना (1992), अटलांटा (1996) तथा सिडनी (2000) के ओलंपिक खेलों से जुड़े स्टेडियमों, ओलंपिक विलेज, मीडिया सेंटरों, खिलाड़ियों, वीआईपी, दर्शकों वगैरह की सुरक्षा को खासतौर पर देखा और मेजबान देश की सुरक्षा एजेंसियों को जरूरी इनपुट्स दिए। उन्होंने सिडनी ओलंपिक के बाद बढ़ती उम्र के कारण अपनी जिम्मेदारी को छोड़ा था।

> ओलंपिक का पहला और अंतिम दिन : अश्वनी कुमार ओलंपिक खेलों को सुरक्षित आयोजित करने की रणनीति बनाने से लेकर अपराधियों से सीधे दो-दो हाथ करने के लिए तैयार रहते थे। उनका मुख्य फोकस ओलंपिक खेलों के पहले और अंतिम दिन की सुरक्षा व्यवस्था पर रहता था। वे मानते थे कि ये दोनों दिन सुरक्षा एजेंसियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। इन्हीं दोनों दिनों में आतंकी अपने शिकार पर हमला करने की फिराक रहते हैं। खेलों की समाप्ति वाले दिन तो इसलिए क्योंकि उस दिन सब रिलेक्स मूड में होते हैं। इसलिए उस दिन सुरक्षा व्यवस्था को बहुत चाक-चौबंद रखना होता है। थोड़ी सी भी लापरवाही के कारण लेने के देने पड़ जाते हैं।

आईओसी की तरफ से जैसे ही किसी शहर को ओलंपिक खेल आवंटित होते तो वे वहां पर जाने लगते आयोजन समिति से तालमेल के लिए। फिर वे वहां पर सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देते। कड़क पुलिस अफसर अश्वनी कुमार कहते थे कि ग्रीष्मकालीन खेल खिलाड़ियों और दर्शकों की भागेदारी के लिहाज से शीतकालीन खेलों की तुलना में बहुत व्यापक स्तर पर होते हैं। इसलिए उनकी निगाहबानी करना ही असली चैलेंज होता है।

अश्वनी कुमार भी उस मनहूस 5 सितंबर 1972 को म्युनिख में ही थे जब उन्हें पता चला कि फिलिस्तीन के आतंकियों ने ओलंपिक विलेज पर धावा बोल दिया है। उस हमले के बारे में किसी ने ख्वाबों में भी नहीं सोचा था। हमले में निशाने पर इजराइल की ओलंपिक टीम थी। उस डरावनी घटना के पीछे फिलिस्तीन के 8 आतंकियों का हाथ था। उन आतंकियों ने 11 इजराइली खिलाड़ियों की हत्या कर दी थी। बाद में हेलीकॉप्टर के जरिए रेस्क्यू ऑपरेशन में पांच आतंकी और एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई थी। फिलिस्तीन लिबरेशन आर्मी (पीएलओ) के आतंकियों ने खिलाड़ियों को छोड़ने के एवज में इजराइल की जेलों में बंद करीब 234 फिलिस्तीनियों की छोड़ने और उन्हें सुरक्षित मिस्र भेजने की मांग रखी थी।

ओलंपिक का पहला और अंतिम दिनः अश्वनी कुमार ओलंपिक खेलों को सुरक्षित आयोजित करने की रणनीति बनाने से लेकर अपराधियों से सीधे दो-दो हाथ करने के लिए तैयार रहते थे। उनका मुख्य फोकस ओलंपिक खेलों के पहले और अंतिम दिन की सुरक्षा व्यवस्था पर रहता था। वे मानते थे कि ये दोनों दिन सुरक्षा एजेंसियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। इन्हीं दोनों दिनों में आतंकी अपने शिकार पर हमला करने की फिराक रहते हैं। खेलों की समाप्ति वाले दिन तो इसलिए क्योंकि उस दिन सब रिलेक्स मूड में होते हैं। इसलिए उस दिन सुरक्षा व्यवस्था को बहुत चाक-चौबंद रखना होता है। थोड़ी सी भी लापरवाही के कारण लेने के देने पड़ जाते हैं।

जब अश्वनी कुमार ने ओलंपिक खेलों के सुरक्षा इंतजामों को देखने की जिम्मेदारी संभाली थी, तब तक भारत ओलंपिक खेलों में बमुश्किल से एक-दो पदक ही जीत पाता था। फिर भी उन्हें इतनी खास अहम जिम्मेदारी मिली थी। वे आईओसी के दो अध्यक्षों क्रमशः लॉर्ड किलिनन और जे.ए.समारांच के विश्वासपात्र थे। अश्वनी कुमार को देश ने पहली बार तब जाना था जब उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री प्रताप सिंह कैरों के हत्यारे सुच्चा सिंह को नेपाल में जाकर पकड़ा था। कैरों राजधानी में कर्जन रोड (कस्तूरबा गांधी मार्ग) में अपने मित्र से मिलकर 6 फरवरी, 1965 को वापस चंडीगढ़ जा रहे थे। रास्ते में सोनीपत के पास राई में उनका सुच्चा सिंह और उनके साथियों ने कत्ल कर दिया था। अश्वनी कुमार नेपाल में सुच्चा सिंह का पीछा करते हुए काफी दूर तक भागे थे। दोनों में हाथापाई हुई,पर अश्वनी कुमार के घूंसों की बौछार ने सुच्चा सिंह को पस्त कर दिया था। इससे पहले भारत सरकार ने उन्हें 1951 में सौराष्ट्र के खूंखार डाकू भूपत गिरोह को खत्म करने के लिए भेजा था। वहां पर भी वे सफल हुए थे।

हॉकी में तो मानों उनकी जान बसती थी। उन्होंने अपनी एक बेटी का नाम ही हॉकी रख दिया था। पंजाब पुलिस के महानिदेशक रहते हुए वे भारतीय हॉकी संघ के अध्यक्ष बने। वहां से वे फिर भारतीय ओलंपिक संघ से भी जुड़ गए।

अश्वनी कुमार सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के दूसरे महानिदेशक थे और उन्होंने इस सशस्त्र बल को खड़ा किया था। उन्हें बीएसएफ का पितामह माना जाता है। उनके नाम पर दिल्ली के निजामउद्दीन एरिया में बीएसएफ की एक बिल्डिंग भी है। उन्होंने पंजाब पुलिस और बीएसएफ में दर्जनों खिलाड़ियों को नौकरी दी। उनमें बलबीर सिंह सीनियर, अजीतपाल सिंह, उधम सिंह आदि शामिल हैं। पूर्व रॉ प्रमुख और धाकड़ पुलिस अफसर ए.एस.दुलत कहते हैं कि अश्वनी कुमार सोचने-समझने वाले पुलिस अफसर होने के साथ-साथ संगीत, कला, साहित्य में दखल रखते थे। अश्वनी कुमार का साल 2015 में निधन हो गया था।

प्रसंगवश

शिव सूत्र

श्रावण मास हो और शिव जी की चर्चा न हो तो सारी चर्चा निरर्थक है। इन भूतभावन भगवान शंकर के अनगिनत स्तोत्र, ग्रंथ और रचनाएं हैं तथा इनके गुणों का सम्यक् गान तो शारदा और शेष भी नहीं कर सकते। हमारी क्या बिसात! यहां हम उनके "शिव सूत्र" की बात करते हैं, जिनकी जानकारी अपेक्षाकृत कम लोगों को है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

यह शब्द पुंज दो अर्थों में प्रयुक्त होता है। प्रथमः कश्मीर दर्शन के संबंध में, जिसमें 77 सूत्र हैं। ये तीन अध्यायों में विभक्त हैंः शाम्भवोपाय, शाक्तोपाय,आणवोपाय। कथानुसार नवीं शताब्दी में कश्मीर में वसुगुप्त नामक सिद्ध ऋषि थे,जिन्हें स्वयं भगवान शंकर ने स्वप्न में बताया कि 'असीम ज्ञान की खान मेरे 77 सूत्र 'महादेवोपला' पर्वत शिखर की एक चट्टान में उत्कीर्ण हैं'। ऋषि वहां गए और वैसा ही पाया,फिर उन्हें व्याख्यायित करके विश्व कल्याणार्थ लोकार्पित कर दिया। ये सूत्र गीता के समकक्ष ही महान दर्शन तत्व समेटे हैं। यह पर्वत शृंग और शिला अब भी विद्यमान है और श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र है,किंतु अब सूत्र दृश्यमान नहीं हैं। हो भी कैसे सकते हैं। इसके लिए शिव प्रदत्त दिव्य दृष्टि की आवश्यकता होती है। एक अन्य अर्थ में भी ये शब्द प्रयुक्त होते हैं। 14 सूत्रों का एक अन्य समूह भी है, जिसकी प्रचुर तांत्रिक शक्ति है और अध्यात्म जगत की अक्षुण्ण निधि है। कथानक है कि प्राचीन काल में पाणिनि व्याकरण ज्ञान के लिए और सनकादि चारो ऋषि ब्रह्म ज्ञानार्थ प्रयाग में अक्षय वट के नीचे शंकर जी की आराधना/तपस्या कर रहे थे।

भोलेनाथ प्रसन्न होकर प्रकट हो गए और आत्म विस्मृत हो डमरु बजाते हुए तांडव नृत्य करने लगे। उनकी डमरुध्वनि से 14 वर्ण पुंज निसृत हुए,जिससे इन सब तपस्वियों के अभीष्ट की पूर्ति हो गई। ये ही 14 शिव सूत्र हैं,जो इस प्रकार हैंः1-अ इ उ ण,2-ऋ लृ क्,3-ऐ ओ ङ्,4-ऐ औ च्,5-ह य व र ट्, 6-ल ण् 7-य म ङ ण न म् ,8-झ म ञ्,9-घ ड घ ष् ,10-ज ब ग ड द श् ,11-ख फ छ ठ थ च ट त न्, 12-क प य्,13-श ष स र्,14-ह ल् मान्यता है कि सोलह खानों का एक चतुर्भुज बनाकर चौदह में ये सूत्र लिख दे। पन्द्रहवें में साधक अपना नाम लिखे और सोलहवें में "ॐ नमःशिवाय",तो उसे सर्वार्थ सिद्धि प्राप्त होगी।

धर्म और संस्कृति

कश्मीर के भूतपूर्व महाराजा और जाने-माने भारतीय राजनीतिज्ञ डॉ.कर्ण सिंह हिन्दू दर्शन के अच्छे ज्ञाता हैं और वह मानते हैं कि हिंदू धर्म में पूरी मानवता की एकात्मता की स्वीकृति 'ऋग्वेद' में 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के रूप में दर्ज है। सभी धर्मों की समरसता की बात भी 'ऋग्वेद' की पंक्ति-'एक सद् विप्रा बहुधा वदंति' से प्रकट होती है,पर किताबों से हटकर भी व्यवहार में बहुत कुछ अलग भी हर धर्म में होता है, होता रहता है। सामान्यतः प्रत्येक धर्म/ संस्कृति के तीन रूप होते हैं-शास्त्रीय, ऐतिहासिक और व्यवहृत। हिन्दुत्व की भी यही स्थिति है। शास्त्रीय हिन्दुत्व किताबी है, जिसमें उपरोक्तानुसार खूबियां हैं, पर इसके अंदर तमाम अंतर्विरोध भी हैं। 'जन्मनाजायते शूद्राः कर्मणाद्विज उच्यते' जैसी स्थापना है तो समाज के जन्मना विभाजन की स्वीकृति और मनुस्मृति भी सामने है।

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

तुलसीदास सीता परित्याग और शम्बूक वध जैसे आख्यानों को अपने 'मानस' में जगह नहीं देते, निषाद राज, शबरी, अहल्या इत्यादि प्रसंग उनकी ब्राह्मणेतर संवेदना की ओर भी संकेत करते हैं, पर उनमें द्विज-श्रेष्ठता और वर्ण-धर्म पर भी बल है। हिंदू धर्म में व्यवहृत रूप में कर्मकांडों एवं अनुष्ठानों का जखीरा है। हिन्दूधर्म वर्ण व्यवस्था के अनुपालन में उदार नहीं है। ऐसा लगता है कि वर्ण व्यवस्था ही हिंदू धर्म की जीवनशैली बन गई है। जब ऋग्वेद में "प्रज्ञानं ब्रह्म" यजुर्वेद में "अहं ब्रह्मास्मि", सामवेद में "तत्वमसि" तथा अथर्ववेद में "अयमात्मा ब्रह्म" महावाक्य सुशोभित है और यही बात उपनिषदों में विस्तार से बतलाई गई है तब फिर यह छूआछूत क्यों?

> हिंदू धर्म में नाथों सिद्धों के भी विद्रोह हैं और मध्ययुग में संतों की मुखर असहमतियां हैं। पर प्रश्न है असली हिंदू धर्म क्या है?

हम गंगा को माता मानते हैं, पर जितना गंदा हम माता को कर सकते हैं, हमने किया और आज भी कर रहे है। ऐतिहासिक हिन्दुत्व सुधार आंदोलनों और विद्रोहों से भी भरा पड़ा है। साफ है कि हिंदू धर्म में कुछ ऐसा था, जिसका सुधार होना था। जैन और बुद्ध पथ एक सुधार आंदोलन ही था। बुद्ध पथ कालांतर में स्वतंत्र धर्म बन गया। बुद्ध के 'धम्म' में हिंदू धर्म की तरह आस्था और कर्मकांडों पर बल नहीं है। बुद्ध के आविर्भाव के बाद से इस देश में संस्कृति की दो धाराएं बहने लगी हैं। बुद्ध धारा बृहत् मानवता की धारा है।

यह धारा वर्णाश्रम धर्म के विरुद्ध है, जात-पात को वह नहीं मानती है। छुआछूत को वह अधर्म समझती है,भारत का निर्यात-धर्म बौद्ध धर्म निकला। कोई आश्चर्य नहीं कि इस देश में धर्म के जो शक्तिशाली ठेकेदार थे, उन्होंने बौद्ध मत को खदेड़कर देश से बाहर निकाल दिया, किंतु बौद्ध मत हिंदुत्व के भीतर आज भी जीवित और सचेत है। लगता है वैदिक धर्म की जो बातें बुद्ध को नापसंद थीं। वे धर्म के तत्व नहीं, उसके ऊपर जमी हुई रूढ़ियों की पपड़ियां हैं और उन्हें तोड़कर झाड़े बिना भारतधर्म नवीन नहीं होगा।

हिंदू धर्म में नाथों सिद्धों के भी विद्रोह हैं और मध्ययुग में संतों की मुखर असहमतियां हैं। पर प्रश्न है असली हिंदू धर्म क्या है? खैरियत यह है कि इतिहास ने उसे सुलझाकर हमारे लिए आसान कर दिया है। हिंदुत्व का नवीन और जाग्रत रूप अब वह है, जिसका आख्यान राममोहन राय, रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, गांधी तथा डॉ. आंबेडकर आदि तमाम समाज सुधारकों ने किया है।

मुस्लिम और ईसाई धर्मों में भी अंतर्विरोध है। 'कुरआन-ए-पाक' में काफिर को मिटा देने के भी निर्देश हैं और क्षमा, सदाशयता और सहअस्तित्व की हिदायत भी है। यहां जेहाद भी है और इसी से निःसूत सूफी-जीवन-बोध भी है। अर्थात् इसमें जेहाद, 'अक्ल' और 'अकीदा' दोनों के लिए जगह है। प्रेम और सेवा पर बल देने वाली 'बाइबिल' में भी विधर्मियों के प्रति असहिष्णुता है और संसार से लेकर नर्क तक कठोर दंड-विधान हैं। आधुनिक सभ्यता के निर्माण में ईसाई राष्ट्रों का अकूत योगदान है, लेकिन इन्हीं आधुनिक ईसाई राष्ट्रों ने अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया में जितना अत्याचार किया है वह मानवता के इतिहास में बेमिसाल है। इनका गुलाम-व्यापार, साम्राज्यवादी दोहन, जापान पर आणविक हमला और इराक की बर्बादी के लिए कौन जिम्मेदार है? इसके बावजूद, इसने शेक्सपियर, मिल्टन, शेली आदि जैसे क्रांतिचेता कवि और बेकन, रसेल जैसे समाजधर्मा दार्शनिक दिया और औद्योगिक क्रांति एवं लोकतंत्र की चेतना प्रदान की।

सोशल फोरम

जातिगत विद्वेष

देश में जातिगत विद्वेष अपने चरम पर है। उच्च शिक्षित और सभी सुख सुविधा संपन्न होने के बावजूद भी पूर्वाग्रह से ग्रसित जातिगत श्रेष्ठता और निम्नता का भाव देश और समाज को दीमक की तरह निगल रहा है। हम जाति,धर्म और संप्रदाय नामक तमाम तरह के खोल ओढ़कर अपनी मानवीय पहचान को लगभग भूल ही चुके हैं। जो जिस जाति में पैदा हुआ है, उसे लगता है वह उस जाति में अमर है। जातिगत आग्रह और दुराग्रह दोनों ही व्यक्तित्व की दुर्बलता के परिचायक है। जाति आपकी सूक्ष्म पहचान आवश्यक हो सकती है, लेकिन इसे विराट मानवीय परिपेक्ष्य के समक्ष महत्व देना स्वयं और देश को पीछे ले जाने के समान है। अच्छी सोच के लोग सभी जातियों में है और वे इन बेफिजूल की चीजों से ऊपर उठकर केवल अपनी उन्नति पर ध्यान दे रहे हैं और वे इस मकड़जाल से ऊपर उठ चुके हैं।

> हम जाति,धर्म और संप्रदाय नामक तमाम तरह के खोल ओढ़कर अपनी मानवीय पहचान को लगभग भूल ही चुके हैं। जो जिस जाति में पैदा हुआ है,उसे लगता है वह उस जाति में अमर है। जातिगत आग्रह और दुराग्रह दोनों ही व्यक्तित्व की दुर्बलता के परिचायक है।

बीना नयाल
लेखिका, अल्मोड़ा

वास्तव में ऐसे लोग खुद को भी समृद्ध करते हैं और अपने सानिध्य वालों के भी मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखते हैं। किसी जाति में पैदा होना न तो दोष है और न ही सौभाग्य है, बल्कि जाति में पैदा होकर मानवीय संवेदनाओं का रोपण न होना यही सबसे बड़ा दुर्भाग्य है।

यहां सोशल मीडिया में भी हर जाति के ऐसे बहुत से वयोवृद्ध हैं, जिनके उन्नत विचार और जीवन के प्रति नजरिया हम युवा वर्ग के लिए प्रेरणा स्रोत है, जिनके विचारों को पढ़कर बहुत सुकून मिलता है और पता लगता है कि उन्होंने अपनी जिंदगी में जीवन मूल्य संबंधी मानदंडों को किस कदर आत्मसात किया है और एक सफल जीवन जिया है।

-फेसबुक वॉल से

जीवन की विविधतापूर्ण शैली

कांवरिये हिन्दू हैं और कांवर यात्रा हिन्दुत्व का एक जीवंत प्रतीक। आस्था का सैलाब उमड़ा पड़ रहा है। यात्रा पर पुष्पवर्षा आस्था विश्वास के इस अदम्य संकल्प को नमन है। हिन्दू जीवन की अनेक विविधतापूर्ण जीवनशैली को तर्क के आधार पर आकलित नहीं किया जा सकता है। इसे समझने के लिए एक अलग ही दृष्टि चाहिए। विज्ञान ने हमें तमाम भौतिक सुख सुविधाएं तो दी हैं, मगर हमारे अंतर्मन को संस्पर्श करने में अभी तक पूरी तरह समर्थ नहीं हो पाया है।

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

> हमारे दार्शनिक चिंतकों ने ऐसे ही समूचे भारत को एक सांस्कृतिक सूत्र में पिरोने के लिए देश के कोने-कोने में पीठों, मठों की स्थापना नहीं की थी।

कई यूट्यूबरों को कांवरियों पर पुष्पवर्षा जनता के टैक्स की बर्बादी दिख रही है। वे इसके विरोध में लगातार प्रोपेगंडा चला रहे हैं। वामपंथी आस्था के इस ऊफान को अंधश्रद्धा/भक्ति का भोंड़ा प्रदर्शन मान रहे हैं। अब जो जनता टैक्स दे रही है वही जब पुष्पवर्षा को अपने पैसे का सदुपयोग मान रही है, जयकारा लगा रही है, हर्षित और उल्लसित हो रही है तो यह व्यय, अपव्यय कैसे हो गया? यह तो उन्हीं का दिया उन्हीं के लिए प्रयुक्त है। त्वदीयं वस्तु गोविन्द तुभ्यमेव समर्पये।

कांवर यात्रा को अनुचित ठहराने या उत्साह से देखने का अपना-अपना नजरिया है। हां कांवर यात्रा के चलते जनजीवन को होने वाली दिक्कतें एक मुद्दा अवश्य है, जिन्हें खुद भी मैंने करीब दो दशक पहले झेला था और व्यथित मन से बनारस के एक अखबार में एक लेख लिखा था, जिसका शीर्षक आज भी जेहन में है-कांवरियों का कहर, हर गली हर डगर। मगर तब दृष्टिकोण तनिक संकुचित था और मन पर अतिवादी वामवाद का प्रभाव था, मगर तब से कांवर यात्रा को व्यवस्थित और अनुशासित करने में सरकारों ने उत्तरोत्तर काफी प्रगति की है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं इसकी बागडोर संभालते रहे हैं। खुद हेलीकॉप्टर से यात्रा का पर्यवेक्षण कर रहे हैं।

इन बीते सालों में तेजी से बदलते परिप्रेक्ष्य से नजरिये में भी बदलाव आता गया है। तार्किकता का सवाल ही कहां उठता है जब एक हिन्दू बाहुल्य देश में हिन्दू और हिन्दुत्व को लेकर ही नए-नए विवाद हो रहे हैं और परिभाषाएं गढ़ी जा रही हैं। परिणाम स्वरुप सुषुप्त हिन्दू जागृत हो रहा है और अपनी अस्मिता को साबित करने लग गया है। हिन्दुओं की इस जागृत चेतना का ही अभिनंदन पुष्पवर्षा करके हो रहा है और इसका निहितार्थ भी स्पष्ट है। हिन्दुत्व का परचम लहराते रहो, अपनी अपरिमित शक्ति का बुलंद अहसास कराते रहो, साथ देते रहो हम तुम्हें फूल मालाओं से ऐसे ही अलंकृत करते रहेंगे।

ठीक है संविधान के अनुसार भारत एक सेक्यूलर राष्ट्र है, मगर क्या इसका ठेका सिर्फ एक वर्ग ने ही ले रखा है? यह हठात आरोपित सेक्युलरिज्म हमें अपनी जीवन पद्धति और आस्था विश्वास को कैसे डिगा सकता है? भारतीय जनता पार्टी ने भारतीयता के इस स्वरुप को भलीभांति समझ लिया है और उसके उत्थान में निरंतर सक्रिय है, जिन्हें कांवरयात्रा असभ्य और उजड्ड लोगों की कारस्तानी लगती है, उन्हें अपने सोच में बदलाव लाने की जरूरत है। यह भारतीय सनातन के सातत्य प्रवाह का ही एक समयानुकूल पक्ष है। हमारे दार्शनिक चिंतकों ने ऐसे ही समूचे भारत को एक सांस्कृतिक सूत्र में पिरोने के लिए देश के कोने-कोने में पीठों, मठों की स्थापना नहीं की थी। यह हमारी एकता और संगठन का आह्वान था। लंबी गुलामी के चलते हम बहुत कुछ विस्मृत कर चुके थे। उत्तिष्ठ जागृत का आह्वान अब फलीभूत हो चला है।

बांग्लादेश और भारत की आरक्षण नीति

देश में जातीय क्षत्रपों की बहुतायत होने के कारण नित्य ही जाति आधारित आरक्षण की सीमा में वृद्धि हेतु धरने व आंदोलन आयोजित किए जाते हैं। दूसरी ओर अन्य देशों में आरक्षण जैसी व्यवस्था का खुलकर विरोध किया जाता है। बांग्लादेश इसका ताजा उदाहरण है, कहां स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को दिए जाने वाले तीस प्रतिशत आरक्षण की समाप्ति की मांग को लेकर लोग सड़कों पर आ गए तथा सरकार को उनके सम्मुख झुकना पड़ा। निःसंदेह अपनी योग्यता पर विश्वास न करके नित्य धर्म और जाति के नाम पर आरक्षण की मांग करने वालों को पड़ोसी बांग्लादेश से सबक सीखना चाहिए, कि वहां आरक्षण की समाप्ति के लिए भयंकर दंगे हुए तथा बांग्लादेश के सर्वोच्च न्यायालय ने आरक्षण की सीमा 30 प्रतिशत के घटाकर केवल पांच प्रतिशत कर दी, इसके अतिरिक्त केवल दो प्रतिशत आरक्षण अन्य विशिष्ट श्रेणी के लिए है जबकि 93 प्रतिशत सीटें अनारक्षित हैं। भारत में अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए 22.5 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत तथा कमजोर आय वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करके आरक्षण 59.5 प्रतिशत दिया जा रहा है। विशाल जनसंख्या वाले देश में मात्र 40.5 प्रतिशत रोजगार व शिक्षा के साधन अनारक्षित हैं, फिर भी राजनीतिक दल एवं आरक्षण समर्थक सरकार पर आरक्षण की सीमा बढ़ाने का दवाब बनाने पर तुले रहते हैं। कभी क्षेत्रीय आधार पर और कभी जातीय आधार पर अतिरिक्त आरक्षण की मांग की जाती है, जिसे किसी भी स्थिति में न्यायसंगत नही ठहराया जा सकता। बांग्लादेश में आरक्षण समाप्त करने के प्रभावी आंदोलन को देखकर लगता है कि यदि भारत में भी आरक्षण के विरुद्ध अनारक्षित वर्ग सड़कों पर उतर आया, तब क्या होगा? मेरा मानना है कि वैश्विक परिवेश में भारतीय गुणवत्ता विकसित करने के लिए आरक्षण जैसी विकलांगता का बोध कराने वाली नीति की पुनर्समीक्षा करके देश में गुणवत्ता को बढ़ावा देकर आरक्षण जैसी कुरीति से मुक्त किया जाए ।

सुधाकर आशावादी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बैंकों की मजबूत होती व्यवस्था

हाल के एक अंग्रेजी पेपर की न्यूज के मुताबिक वित्त मंत्रालय ने दो बैंकों के निजीकरण के प्रस्ताव पर विराम लगा दिया है। चर्चा थी कि 2025 में दो बैंको का निजीकरण हो सकता है। इसके पीछे बहुत से कारण हो सकते हैं, लेकिन जिस तरह के लाभ वित्त वर्ष 2024 में बैंकों ने दर्शाए हैं उनसे स्पष्ट हो गया है कि निजीकरण कोई विकल्प नहीं हो सकता।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

राष्ट्रीयकृत बैंकों की सुदृढ़ स्थिति जनता में उसके विश्वास का प्रतीक है। बेहतर होती ग्राहक सेवा नए प्रोडक्ट्स और अच्छी मार्केटिंग से यह संभव हुआ है। एक समय वो भी था कि देश का सबसे बड़ा राष्ट्रीयकृत बैंक अपनी ग्राहक सेवा के लिए बदनाम माना जाता था, लेकिन कुछ वर्षों में इस बैंक में काफी कुछ बदल गया हैं। नए सुंदर चमकदार शाखा परिसर, युवा प्रतिभाशाली काउंटर स्टाफ, जिनको विशेष ट्रेनिंग देकर कस्टमर फ्रेंडली बनाया गया है। जीरो कंप्लेंट शाखाएं ग्राहक सेवा को तत्पर स्टाफ ने इस बैंक की छवि बदल दी है। आज के एक अन्य वित्तीय अखबार में खबर है कि स्टेट बैंक ने अपनी ग्राहक सेवा को और बेहतर बनाने एटीएम ब्लॉक करने, बैंक खाते की जानकारी देने, विभिन्न बैंक उत्पादों की जानकारी उपलब्ध कराने, एटीएम कार्ड, चेक बुक जारी करने तथा अन्य सेवाओं के लिए 12 भाषाओं में जानकारी उपलब्ध कराने के लिए टोल फ्री नंबर जारी किए हैं। स्टेट बैंक जिसने देश में सबसे ज्यादा लाभ अर्जित कर अपनी बादशाहत कायम की है। अब ग्राहक सेवा में भी अपने को अग्रणी बनाने में लगा है। आशा है अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक भी जिसका अनुसरण कर राष्ट्र का गौरव और देश के नवरत्न कहलाने में पीछे नहीं रहेंगे।

कारगिल की रजत जयंती पर शहीदों को किया नमन

वक्ताओं ने शहीदों की शौर्य गाथाएं बच्चों को सुनाईं, कारगिल शहीद की मां व पत्नी को सम्मानित कर भेंट की सहायता राशि

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय परिसर स्थित शहीद स्मारक स्थल पर 'कारगिल विजय दिवस' की रजत जयंती मनाई गई। डीएम सहित सभी ने शहीद स्थल को सलामी दी। साथ ही देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले जाबांज शहीद जवानों के प्रति श्रद्धा ज्ञापित की। कहा कि युवाओं को राष्ट्रभक्ति के जज्बे के साथ सेना के विभिन्न अंगों में शामिल होना चाहिए।

कार्यक्रम की शुरुआत डीएम व जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर मधु मिश्रा ने शहीद स्थल पर पुष्पचक्र समर्पित करते हुए की। सभी ने दो मिनट का मौन रखते हुए तमाम शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी। डीएम ने कहा कि दुर्गम स्थानों पर परिवारों से दूर रहते हुए देश की अखंडता व संप्रभुता की रक्षा के लिए प्राणों की बाजी लगाने वाले शहीदों व सैनिकों के प्रति प्रशासन संवेदनशील है। जिले सहित देश के प्रत्येक नागरिक शहीदों के प्रति श्रद्धाभाव रखता है। भरोसा दिलाया कि शहीदों के आश्रितों को कभी परेशान नहीं होने दिया जाएगा। उनकी समस्याओं को निस्तारित कराना प्रशासन की पहली प्राथमिकता में शामिल है।

उन्होंने जाबांजों से प्रेरणा लेते हुए युवाओं से सशस्त्र सेना में भर्ती होने को प्रेरित किया। स्क्वाड्रन लीडर ने बताया कि कारगिल शहीद बीघापुर तहसील के बजौरा गांव निवासी शहीद लांस नायक अमर बहादुर सिंह सहित जिले 31 वीर सैनिकों ने अब तक देश के लिए प्राण आहुति किए हैं। मातृभूमि की रक्षा के लिए बलिवेदी पर चढ़ने वाले सभी शहीदों के प्रति जिले का प्रत्येक व्यक्ति चिर ऋणी रहेगा। इस मौके पर पूर्व सैनिक कैप्टन गोविंद सिंह, पूर्व सैनिक सूबेदार सीतेश सिंह, पूर्व सैनिक राजेश कुमार मिश्रा, पूर्व सैनिक हवलदार एके दीक्षित, पूर्व सैनिक सार्जेंट देशराज सहित अन्य लोगों में शिव प्रसाद, राजीव, सपना, विनीता, उमाकान्त व संजय आदि मौजूद रहे।

शहीद के आश्रितों को सम्मानित करते डीएम व स्क्वैड्रन लीडर। अमृत विचार

कारगिल युद्ध की वीडियो क्लिप देखते छात्र। अमृत विचार

पूर्व सैनिकों के लिए संचालित योजनाएं

कार्यक्रम के दौरान पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों के लिए संचालित योजनाओं शैक्षिक सहायता, पीएम स्कालरशिप, स्टांप ड्यूटी छूट, नि:शुल्क कंप्युटर व एसएसबी कोचिंग प्रशिक्षण आदि की जानकारी दी गई। साथ ही केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से संचालित अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

कारगिल के शहीदों को गंगा नगर के बच्चों ने किया नमन

शुक्लागंज उन्नाव। कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ को देखते हुये गंगा नगर स्थित गंगा प्रसाद महते सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वीर सपूत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों ने करगिल युद्ध में शहीद जवानों को याद किया। गंगा प्रसाद महते विद्यालय में कारगिल युद्ध की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर वीर सपूत कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने शिक्षकों व बच्चों के साथ अमर शहीदों को नमन कर उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित किया। इस दौरान बच्चों ने वीरता को प्रेरित करने वाले गीत व भाषण से लोगों के दिलों में देश भक्ति का जज्बा और बढ़ा दिया। बच्चों ने देश के प्रति शहिद हुए वीर जवानो के लिये देशभक्ति गीतों व भाषण के माध्यम से यह बताया कि आज से 24 साल पहले करगिल की पहाड़ियों पर भारत के शूरवीर सैनिकों ने अपनी कुर्बानी देकर विजय हासिल की थी। प्रधानाचार्य रमेश तिवारी ने छात्र-छात्राओ को कारगिल विजय दिवस पर बना वीडियो क्लिप दिखाकर राष्ट्र के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

सम्मानित कर दी गई सहायता राशि

डीएम ने कारगिल शहीद की मां रामप्यारी के साथ शहीद की वीर नारी मिथलेश सिंह का सम्मान किया। साथ ही अनुदान राशि भी भेंट की। इसके अलावा मुन्नी, शालिनी दीक्षित व रामकली को भी आर्थिक सहायता की चेक सौंपी।

शहीद शिलापट पर पुष्प अर्पित करतीं पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे। अमृत विचार

एसवीएम में पूर्व सैनिकों को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

सैन्य कर्मियों को किया सम्मानित

शुक्लागंज उन्नाव। शुक्रवार को कारगिल दिवस को देखते हुये गोपीनाथ पुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जहां पूर्व सैनिक और सैन्य कर्मी पहुंचे। इस दौरान विद्यालय की ओर सेउन्हें सम्मानित किया गया। वहीं पालिकाध्यक्ष ने भी मातहतों के साथ नमामि गंगे पार्क में शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जहां क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचन्द्र, प्रदेश निरीक्षक रामजी, प्रधानाचार्य श्रवण सिंह ने पूर्व सैनिक कैप्टन राहुल तिवारी, फ्लाइंग आफीसर एसपी दीक्षित, सूबेदार परमजीत सिंह, हवलदार किरन गुरंग समेत सत्रह लोगों को रामचरित मानस और अंगवस्त्र भेंट कर सभी को सम्मानित किया। इसके साथ ही पूर्व सैनिकों ने कारगिल युद्ध के बारे में जानकारी दी। जिसके बाद विद्यालय के शिक्षक शिवसिंह द्वारा संपादित साहित्य सुधा पत्रिका का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में प्रबंधक राकेश सिंह, केदारनाथ तिवारी, भूपेन्द्र सिंह, सुरेश सिंह आदि लोग मौजूद रहे। वहीं पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडेय, प्रतिनिधि पूर्व सैनिक संदीप पांडेय ने पालिका कर्मियों के साथ बालूघाट स्थित नमामि गंगे पार्क में शहीद शिलापट पर पुष्प अर्पित किये।

बजौरा में गूंजा शहीद अमर बहादुर अमर रहें

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- एमएम पब्लिक स्कूल के बच्चों ने शहीद को उनके गांव पहुंच कर दी श्रद्धांजलि

अमृत विचार। कारगिल विजय दिवस पर बीघापुर तहसील के गौरी गांव स्थित एमएम पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राएं कारगिल शहीद लांसनायक अमर बहादुर सिंह के गांव बजौरा पहुंचे। यहां उन्होंने शहीद की स्थापित प्रतिमा का नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान बच्चों के साथ कारगिल युद्ध की स्मृतियां साझा करते हुए जिले के शहीद का जीवन चरित्र भी बताया गया।

विद्यालय प्रबंधक गौरव अवस्थी ने बच्चों को बताया कि 1999 में कश्मीर की दुर्गम कारगिल पहाड़ियों पर पाकिस्तान ने देश के साथ युद्ध छेड़ा था। दुश्मन सैनिकों से बड़ी शौर्यता से लड़ते हुए लांस नायक ने उनके छक्के छुड़ा दिए थे। शहीद के पिता मनमोहन सिंह ने अपने शहीद बेटे की शहादत गाथा सुनाई। उन्होंने बताया कि देश पर बलिदान होने से 19 दिन पहले ही उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ती हुई थी। युद्ध के चलते वह बेटा का मुंह देखने के पहले ही शहीद हो गए। बुजुर्ग की दास्तां सुन बच्चों ने शहीद अमर बहादुर अमर रहें के नारे लगाए। स्कूल की काउंसलर डा. कुसुमलता द्विवेदी ने बताया कि कारगिल युद्ध में 572 भारतीय जवानों ने बलिदान दिया था, जिसमें बजौरा गांव निवासी लांसनायक भी शामिल थे। विद्यालय के कक्षा तीन व चार के डेढ़ सौ छात्र-छात्राओं के साथ स्टाफ के सुनील अवस्थी, शिक्षिका जूही सिंह, रश्मि सिंह व देवेंद्र कुमार आदि शामिल थे।

गांव में स्थापित शहीद प्रतिमा के पास बैठकर नारे लगाते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

कोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट में दो को सुनाई सजा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। पुलिस ने गैंग बनाकर अपराध कारित करने के आरोप में 19 जून 2022 को बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के घाटमपुर कला गांव निवासी सुरेश बाजपेई के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की धारा में कार्रवाई की थी।

आईओ सुधीर कुमार सिंह ने पर्याप्त साक्ष्य एकत्र कर 12 जनवरी 2023 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। वहीं मौरावां थानाक्षेत्र के गांधीनगर निवासी राजू उर्फ सुख्खा पर मौरावां पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की थी। इस मामले में आईओ राजेंद्र सिंह ने 29 सितंबर 2020 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। शुक्रवार को मुकदमें की अंतिम सुनवाई गैंगस्टर कोर्ट में पूरी हुई। एडीजे जयवीर नागर ने शासकीय अधिवक्ता हरीश अवस्थी, विश्वास त्रिपाठी व अलंकार द्विवेदी की दलील व साक्ष्य के आधार पर सुरेश और राजू को दोषी करार दिया। कोर्ट ने सुरेश को दो साल की सजा पांच हजार रुपये अर्थदंड दंडित किया है। वहीं राजू को तीन साल की सजा और दस हजार जुर्माना लगाया गया है।

भाजपाइयों ने पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। भाजपा युवा मोर्चा के तत्वावधान में डीएसएन कालेज रोड स्थित आदर्श विद्या मंदिर इंटर कालेज में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिलाध्यक्ष सहित पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में शामिल जवानों लेफ्टिनेंट जितेंद्र सिंह, कैप्टन गोविंद सिंह, नायब सूबेदार आरए सिंह, सूबेदार मेजर सीतेश सिंह, सूबेदार बीएन सिंह, हवलदार मानवेंद्र सिंह, हवलदार शैलेंद्र सिंह व हवलदार महेंद्र सिंह सहित अन्य पूर्व सैनिकों को माल्यार्पण कर प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इससे पहले विद्यालयी छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी की तालियां बटोरीं। इसी तरह बच्चों द्वारा देश प्रेम पर सुनाई गईं कविताओं की भी सभी ने सराहना की। पूर्व सैनिकों ने सेवाकाल की स्मृतियां साझा कर बच्चों को सेना में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संयोजन युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बलाराव गुप्ता व संचालन युवा मोर्चा जिला महामंत्री उदय प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर प्रधानाचार्या अंजना भदौरिया, बिपिन मिश्रा, प्रवीण सिंह नूतन, महेश दीक्षित, केके वर्मा, राकेश कृष्ण साहू, अरुण सिंह, समीर शुक्ला, विमल द्विवेदी, अंकित यादव व धीरज सिंह आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में सम्मानित पूर्व सैनिकों के साथ भाजपा नेता। अमृत विचार

- कारगिल दिवस पर बच्चों ने देशभक्ति के कार्यक्रम पेश कर लूटी वाहवाही

कैंडल जला दी श्रद्धांजलि

मैजिक इंडिया फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने ओवरब्रिज स्थित शास्त्री तिराहा पर एकत्र होकर कारगिल दिवस की रजत जयंती पर कैंडल जला शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान उन्होंने भारत मां के जयकारे भी लगाए।

सार-संक्षेप

फ्राड की गई रकम कराई वापस

उन्नाव। सदर कोतवाली के नुरुदीनगर निवासी कल्पना ने 10 जुलाई को साइबर सेल में प्रार्थनापत्र दिया था कि फोन पे के माध्यम से उनके खाते से फ्राड कर छह हजार रुपये निकाले गए थे। पुलिस ने मामले की जांच कर 16 दिन में उसके खाते में पूरी धनराशि रिफंड कराई। इसमें अपराध निरीक्षक राजेश यादव, दरोगा बृजेश कुमार यादव, महिला आरक्षी सोनिया शर्मा का अहम योगदान रहा।

हत्या के एक आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

उन्नाव। सदर कोतवाली अंतर्गत सपा नेता के छोटे भाई की हत्या के एक आरोपी को पुलिस ने 12 दिन बाद गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेजा गया है। सदर कोतवाली के दरोगाबाग निवासी सपा नेता शैलेंद्र सिंह के भाई देवेंद्र सिंह (49) की 14 जुलाई की रात हत्या हुई थी। हत्या आरोपी उसका शव अस्पताल में छोड़ कर भाग निकले थे। सपा नेता शैलेंद्र ने आवास विकास कालोनी निवासी राजीव श्रीवास्तव, निराला उद्यान के पीछे रहने वाले उसके भांजे अभिषेक श्रीवास्तव सहित चार पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना के करीब 12 दिन बाद पुलिस ने अभिषेक को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। शेष आरोपी भी अभी पुलिस की पकड़ से दूर है।

राशन की दुकानों पर करा सकते हैं ई-केवाईसी

पुरवा उन्नाव। राशन कार्ड धारकों के कार्डों में फीड यूनिटों की ईकेवाईसी का कार्य कराया जा रहा है। ईकेवाईसी करने के लिए कार्ड धारक को संबंधित उचित दर विक्रेता के पास जाकर ई-पॉश मशीन के माध्यम से उसका बायोमीट्रिक किया जाएगा। वहीं कार्ड धारक के मोबाइल नंबर को भी जोड़ा जाएगा। जिस पर उसके नंबर पर राशन प्राप्ति के विवरण का मैसेज आएगा।

सीज वाहनों के नम्बर प्लेट चेक करना जरूरी: एसडीएम

पुरवा उन्नाव। एसडीएम पुरवा उदित नारायण सेंगर ने सर्किल के सभी थानाध्यक्षों को पत्र जारी कर कहा है कि जिस किसी थाने में कोई वाहन सीज किया जाए तो उसकी रिलीविंग के समय उक्त वाहन की नंबर प्लेट अवश्य चेक की जाए। बिना सही नंबर प्लेट के वाहन की रिलीविंग ना की जाए। एसडीएम ने बताया कि बड़े वाहनों के आगे और पीछे के अलावा दाई व बाई ओर भी नंबर लिखाया जाए।

जहरीला कीड़ा काटने से महिला गंभीर

बांगरमऊ उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सहदानी निवासी अजय की पत्नी श्वेता (28) शुक्रवार शाम अपने घर में घरेलू काम कर रही थी। तभी अचानक कोने में छिपे बैठे जहरीले कीड़े ने उसके पैर में काट लिया। जिससे वह अचेत होने लगी। यह देखकर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

पांच बाल श्रमिक कराए गए मुक्त

उन्नाव। एएचटीयू थाने की पुलिस एवं बाल श्रम विभाग की संयुक्त टीम ने सदर, अचलगंज व गंगाघाट क्षेत्र में बाजारों, प्रतिष्ठानों व ढाबों से बाल श्रमिकों को मुक्त कराने का अभियान चलाया। 15 प्रतिष्ठानों की चेकिंग में पांच स्थानों से 18 साल से कम आयु के पांच बच्चों रेस्क्यू किया गया। अधिकारी ने बताया कि शिकायत मिल रही थी कि दुकानों और प्रतिष्ठानों मे बाल श्रम कराया जा रहा था, उसी को लेकर दुकानों और प्रतिष्ठानों में अभियान चलाकर बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया है।

मृत गोवंश को खींचने का वीडिओ वायरल, हड़कंप

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

अमृत विचार। क्षेत्र की एक ग्राम पंचायत में मृत गोवंश के शव को क्रूरता से ट्रैक्टर से खींचने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर प्रशासन हरकत में आया। शासन के आदेशों को खुलेआम धज्जियां उड़ती देख आलाधिकारियों के साथ अपर जिलाधिकारी पड़ताल करने गांव पहुंच गए।

फतेहपुर चौरासी क्षेत्र की ग्राम पंचायत भड़सर नौशहरा में शुक्रवार को क्षेत्र शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो के माध्यम से ग्राम पंचायत का एक और मामला प्रकाश में आया। जिसमें एक मृत गोवंश को बेरहमी के साथ ट्रैक्टर से बांधकर खींचता दिखाया गया है। अमृत विचार अखबार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वहीं सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को संज्ञान लेकर ग्राम पंचायत भड़सर नौशहरा मजरा महमदपुर गांव स्थित गौशाला में ही एक गोवंश की किसी कारण से मौत हो गई थी। मृत पशु को जिम्मेदारों द्वारा सही तरीके से नहीं हटाया गया। वीडियो के माध्यम से पशु क्रूरता का मामला प्रकाश में आने पर नायब तहसीलदार दीपक कुमार परियोजना निदेशक कमलेश के साथ अपर जिलाधिकारी नरेंद्र सिंह ने गांव पहुंच कर मामले की जांच पड़ताल की। गौशाला निरीक्षण के बाद अधिकारी वायरल वीडियो में दिख रहे। स्थान का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने गांव में विकास के नाम पर लीपापोती होने के साथ ही सफाई न होने एवं जांच की सूचना पर गौशाला की व्यवस्था दुरुस्त करने जैसे तमाम गंभीर आरोप लगाए। इस दौरान बीडीओ अनिल कुमार एडीओ पंचायत ग्राम सचिव पशु चिकित्सक समेत ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

गौशाला का निरीक्षण करते अपर जिलाधिकारी व परियोजना निदेशक। अमृत विचार

- वीडियो वायरल वाले स्थान पर अधिकारियों ने पहुंचकर की जांच पड़ताल

बीएसए ने संकुल शिक्षकों के इस्तीफे किए अस्वीकृत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। लंबित मांगों को पूरा न किए जाने तक आनलाइन उपस्थित दर्ज कराने के समर्थन में संकुल शिक्षकों द्वारा दिए गए इस्तीफों को बीएसए संगीता सिंह ने अस्वीकृत कर दिया है। इस संबंध में जारी आदेश में विभागीय अधिकारी ने किसी तरह की व्यक्तिगत समस्या होने की स्थिति में संबंधित संकुल शिक्षक को व्यक्तिगत तौर पर मिलकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर भी दिया है।

गौरतलब है कि पिछले दिनों शिक्षक आंदोलन के बीच जिले के सभी ब्लाकों में कार्यरत सैकड़ों संकुल शिक्षकों ने बीआरसी पर प्रदर्शन करते हुए बीईओ को शंकुल शिक्षक पद से सामूहिक इस्तीफे सौंपे थे। इससे बीआरसी पर शंकुल शिक्षकों की मासिक बैठक नहीं हो सकी थी, जिससे डीजी स्कूल शिक्षा को आन लाइन उपलब्ध कराई जाने वाली रिपोर्ट नहीं भेजी जा सकी थी। इसके अलावा संकुल शिक्षकों द्वारा पूरे किए जाने वाले अन्य दायित्वों का निर्वहन भी ठप हो गया था। बीएसए ने जारी आदेश में शंकुल शिक्षकों को इस्तीफे अस्वीकृत किए जाने की जानकारी दी है।

- शिक्षक आंदोलन के समर्थन में दिए गए थे सामूहिक इस्तीफे

खेती-किसानी | किसानों के एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

दलहन व मक्का की खेती को दें बढ़ावा

संवाददाता हसनगंज,उन्नाव

अमृत विचार। कृषि विज्ञान केन्द्र धौरा में कृषकों, पैक्स एवं एफपीओ हेतु एमएसपी पर उर्द एवं मक्का की बिक्री हेतु एनसीसीएफ कानपुर द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 230 कृषकों ने प्रतिभाग किया।

मुख्य अतिथि डॉ. के एन तिवारी पूर्व प्रोफेसर सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय कानपुर, विशिष्ठ अतिथि डॉ. मुकुल तिवारी कृषि उप निदेशक व जिला कृषि विभाग अधिकारी शशांक चौधरी आदि मौजूद रहे। जिला कृषि विभाग अधिकारी ने कृषकों को संबोधित करते हुए कहा की कार्यक्रम का उद्देश्य यह हैं की दाल उत्पादन बढाने और आम लोगों के थाली में दाल पहुंचाने का था। कार्यक्रम में 230 कृषकों को किट (उड़द का बीज, पंपलेट, कापी पेन, बैग आदि) वितरण किया। कार्यक्रम में डॉ. के एन तिवारी ने दलहन उत्पादन के बढ़ावा एवं नैनों का उपयोग के बारे में बताया। इस मौके पर जय कुमार यादव, धीरज तिवारी, डा. अर्चना सिंह, रत्ना सहाय आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते जिला कृषि अधिकारी। अमृत विचार

हाईवे पर लटकी जर्जर स्लैब को तुड़वाया

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। लखनऊ कानपुर हाईवे के रायबरेली रेलवे क्रॉसिंग पर बने पुल के अंडरपास पर दोनों लेन के बीच फुटपाथ की स्लैब डाली गई थी। निर्माण के समय इसमें जरूरत के हिसाब से सरिया न डालने से यह हिस्सा लटका हुआ था।

वाहनों के आवागमन के दौरान अक्सर गिट्टी व टुकड़े गिरा करते थे। जो आते-जाते राहगीरों के लिए खतरा थे। जिस पर इंजीनियर अभय यादव मौके से पहुंचकर एनएचएआई की टीम ने पुल के नीचे लगी दुकानों को हटवाकर इस जर्जर और लटके हिस्से को जेसीबी से तुड़वाकर नीचे गिरवा दिया। इस दौरान करीब आधे घंटे तक यातायात रूका रहा। जिससे कुछ देर के लिये जाम की स्थिति बनी रही।

जर्जर स्लैब को तोड़ती जेसीबी।

गांव में लो वोल्टेज आने से आक्रोश

परियर उन्नाव। सफीपुर विद्युत उप खंड के परियर गांव में 24 घंटे में तीन घंटे भी विद्युत आपूर्ति सही से नही मिल पा रही है। जिससे ग्रामीणों में विद्युत विभाग के खिलाफ भारी रोष व्याप्त हैं।

परियर गांव में पिछले दस दिलों से लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। भरपूर बिजली न मिलने के कारण लोग रात में सो नहीं पा रहे हैं। जिसे देखते हुये गांव के विकास, अनुज, देवीप्रसाद, कौशल, राजेंद्र, शिवप्रकाश, दिनेश, विनय, प्रदीप, कुलदीप, कमलेश, सुरेश, राधेश्याम, अरुण, मिथलेश, रामपाल, गोपाल, नारायण, गोकुल, संदीप, शरद, प्रवीण, अलोक, प्रांशु, शुभम, करन, अमर आदि रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत हैबतपुर विकास खण्ड बांगरमऊ उन्नाव

पत्रांक मेमो/च.रा.वि./निविदा/2024-25 दिनांक: 25.07.2024

निविदा सूचना

चतुर्थ वित्त/चौदहवां वित्त आयोग 2024-25 के अन्तर्गत ग्रा.पं. हैबतपुर की स्वीकृत कार्य योजना 2024-25 में निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु सामग्री सन्दर्भित कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 02.08.2024 समय 11 बजे अधोहस्ताक्षरी के पंचायत भवन में निविदा पेटी में डाली जायेगी तथा उसी दिन शाम 4 बजे समिति के समक्ष खोली जायेगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	सामग्री का विवरण	अनुमानित लागत लाख में	निविदा मूल्य लाख में	कार्य पूर्ण की अवधि
1	शिवराज के ट्यूवेल से नारद के घर तक इण्टरलाकिंग के दोनों ओर U टाइप नाली निर्माण	ईटा, ईटा गिट्टी, सीमेन्ट, मौरंग, बालू आदि	2.50 लाख	200	15 दिन
2	अनवार के घर से कन्हैयालाल के घर के आगे नाले तक इण्टरलाकिंग के दोनों ओर U नाली निर्माण।	ईटा, ईटा गिट्टी, सीमेन्ट, मौरंग, बालू आदि	2.50 लाख	200	15 दिन
3	लालू के घर से नन्द किशोर के घर तक RCC व दोनों तरफ U टाइप नाली निर्माण।	ईटा, ईटा गिट्टी, सीमेन्ट, मौरंग, बालू, पत्थर गिट्टी आदि	3.50 लाख	200	15 दिन
4	जितेन्द्र के घर से कमलेश के घर तक RCC रोड व दोनों तरफ U टाइप नाली निर्माण।	ईटा, ईटा गिट्टी, सीमेन्ट, मौरंग, बालू, पत्थर गिट्टी आदि	2.50 लाख	200	15 दिन
5	ओम प्रकाश नाई के घर से सोने लाल के घर तक RCC व दोनों तरफ U टाइप नाली निर्माण।	ईटा, ईटा गिट्टी, सीमेन्ट, मौरंग, बालू, पत्थर गिट्टी आदि	2.50 लाख	200	15 दिन
6	प्रा0पा0 हैबतपुर में बाउंड्रीवाल निर्माण व मरम्मत कार्य।	ईटा, ईटा गिट्टी, सीमेन्ट, मौरंग, बालू, पत्थर गिट्टी, लोहा आदि	3.75 लाख	200	20 दिन
7	कैलास कटियार के घर से प्रा0पा0 तक RCC रोड व दोनों तरफ U टाइप नाली निर्माण	ईटा, ईटा गिट्टी, सीमेन्ट, मौरंग, बालू, पत्थर गिट्टी आदि	4.20 लाख	200	15 दिन

मोना- ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-हैबतपुर
वि.ख.- बांगरमऊ, उन्नाव

सुभाष गौतम - ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत-हैबतपुर
वि.ख.- बांगरमऊ, उन्नाव

राजमार्ग को गड्ढा मुक्त कराने के दिए निर्देश

डीएम की अध्यक्षता में हुई सड़क सुरक्षा व जिला विद्यालय यान समिति की समीक्षा बैठक

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। कलक्ट्रेट के पन्नालाल सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति व जिला विद्यालय यान समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम गौरांग राठी ने मार्ग दुर्घटनाएं रोकने पर जोर दिया। कहा कि राष्ट्रीय राज्यमार्ग गड्ढामुक्त कर डिवाइडर की झाड़ियों को छंटवाया जाए। दुर्घटना बहुल क्षेत्र में एंबुलेंस की तैनाती कर ई रिक्शा सहित सवारी ढोने वाले अन्य पब्लिक वाहनों के ठहराव स्थल तय कर रुकने दिया जाए।

उन्होंने ब्लैक स्पाट चिन्हीकरण पर जोर देते हुए कहा कि संबंधित स्थानों पर जागरूकता बोर्ड लगवाए जाएं। साथ ही स्पीड ब्रेकर, लाइट की व्यवस्था, हाईमास्ट, रंबल स्ट्रिप आदि मानक अविलंब पूरे किए जाएं। डग्गामार/अनाधिकृत वाहनों के संचालन व यातायात नियमों के प्रति जागरूकता की समीक्षा करते हुए नियम विरुद्ध वाहन चलाने वालों से सख्ती से पेश आने के निर्देश दिए। शहर की जाम की समस्या रोकने को तय कार्ययोजना को जल्द से जल्द अमल में लाया जाए। अनाधिकृत डग्गामार वाहन संचालन व ओवरलोडिंग को रोका जाए। डीएम ने विद्यालय प्रबंधकों को अनफिट वाहनों का इस्तेमाल कतई न करने की सलाह दी। कहा कि अभिभावकों से वाहन सुविधा के लिए वसूल की जा रही धनराशि से वाहनों को हमेशा फिट रखना चाहिए।

बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व नरेंद्र सिंह, एडीएम न्यायिक विकास कुमार सिंह, एएसपी अखिलेश कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजीव राज, सीओ सदर सोनम सिंह, पीडब्ल्यूडी के अधिशाषी अभियंता हरदयाल अहिरवार, जल निगम के अधिशासी अभियंता अजीत कुमार सिंह व एआरटीओ प्रशासन अरविंद कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

मार्ग दुर्घटनाएं रोकने को अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते डीएम गौरांग राठी।

औरास-चकलवंशी मार्ग पर इस तरह बने हुए हैं गड्ढे। अमृत विचार

- सवारी ढोने वाले वाहनों के ठहराव स्थल तय किए जाएं
- अनफिट वाहनों का कतई इस्तेमाल न करें विद्यालय

सेव लाइफ के सुझावों पर अमल के निर्देश

इस मौके पर रोड सेफ्टी को लेकर सेव लाइफ फाउंडेशन द्वारा तैयार की गयी पीपीटी का प्रस्तुतीकरण हुआ। डीएम ने पुलिस, लोक निर्माण व परिवहन विभाग के अधिकारियों को जिले में सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए फाउंडेशन के सुझावों को अमल में लाने के निर्देश दिए।

बारिश के चलते सड़क के गड्ढे बने जानलेवा

औरास, उन्नाव। जिम्मेदारों कि उदासीनता के चलते रोड में गड्ढे हादसे को दावत दे रहे हैं, जिनसे आये दिन राहगीर गड्ढे में गिरकर चुटहिल हो रहें है। जिम्मेदार विभाग जानकर अनजान हैं। जिससे राहगीरों में आक्रोश व्याप्त है। औरास-चकलवंशी मार्ग बारिश के चलते खस्ता हाल है, सड़क में गड्ढे अधिक हैं। सड़क पर चलना टेढ़ी खीर है, औरास थाने के चंद कदम दूरी पर पीएमबी हॉस्पिटल के सामने व अंग्रेजी शराब ठेके के सामने बहुत बड़े बड़े गड्ढे हो गए है। जिनमें आय दिन राहगीर गिरकर चुटहिल हो रहें है लेकिन लोक निर्माण विभाग के अफसर जान के भी अनजान बने बैठे हैं। एक तरफ सड़क में पैचिंग का कार्य कराया जाता है तो दूसरी तरफ गड्ढे होने लगते हैं। ज़ब बारिश हो जाती है तो इन गड्ढों में पानी भर जाने के कारण राहगीर व स्कूल के बच्चे गहराई का आकनल नहीं कर पाते है और साइकिल निकाल देते है। जिसमें गिरकर चुटहिल हो जाते है। राहगीरों ने अधिकारियों से सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।

अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

उन्नाव। माखी थाना अंतर्गत मुलक गड़ार निवासी अधेड़ की अचानक हालत बिगड़ गई। परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही दिवंगत के भाई ने भतीजों की मारपीट से भाई की मौत होने की शंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। इस पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें हृदय गति रुकने से मौत की पुष्टि हुई।

माखी क्षेत्र के मुलुकगड़ार निवासी हरीलाल (55) लालू अप्रवासी भारतीय था। बीमार की वजह से वह कई सालों से गांव में रह रहा था। बेटे सूरज ने बताया उसका जन्मदिन था। सभी ने साथ में खाना खाया फिर सोने चले गए। रात में अचानक तबीयत खराब हो गई। उन्हें जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस पर परिजन शव लेकर घर लौट गए। इसी दौरान दिवंगत के भाई श्रीलाल ने पुलिस को सूचना देते हुए अपने भाई की हत्या उसकी के बेटों द्वारा किए जाने की आशंका जताई। इसपर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया। इसमें उसकी मौत की पुष्टि हृदयगति रुकने से हुई। पति की मौत से पत्नी मीना, बेटे सूरज, नीरज और दीपक बेहाल है।

अब परिषदीय शिक्षकों को पदोन्नति का आदेश जारी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- अंतःजिला स्थानांतरण प्रक्रिया को अंतिम रूप नहीं दिला सका विभाग

अमृत विचार। जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय अंतःजिला स्थानांतरण/समायोजन प्रक्रिया को पूरा नहीं कर सका। वहीं विभागीय सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी ने शिक्षक-शिक्षिकाओं की पदोन्नति का आदेश जारी कर दिया है। समायोजन प्रक्रिया के बीच जारी नए आदेश की शिक्षकों के बीच जबर्दस्त चर्चा है। वह नए जारी आदेश को स्टाफ सहित शिक्षकों को उलझाए रखने का आरोप मढ़ रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि शासन ने अंतःजिला स्थानांतरण प्रक्रिया 19 जुलाई तक पूर्ण करने का आदेश जारी किया था, लेकिन शिक्षकों के विरोध प्रदर्शन के बीच जारी आदेश पर अब तक अमल होना तो दूर आपत्तियों का निस्तारण भी नहीं हो सका है। इधर, बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव ने 24 जुलाई को शिक्षक-शिक्षिकाओं के पदोन्नति दिए जाने का नया आदेश जारी कर दिया है। इसमें बीएसए को निर्देशित किया गया है कि परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की वरिष्ठता सूची तैयार कर आपत्तियां प्राप्त कर निस्तारण कर अंतिम सूची प्रकाशित की जाए। उन्होंने 27 जुलाई तक प्रत्येक दशा में शिक्षक-शिक्षिकाओं की वरिष्ठता की अंतिम प्रकाशित सूची की हार्ड व साफ्ट (एक्सलसीट) परिषद कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए हैं। विभागीय सचिव के इस आदेश को लेकर शिक्षक-शिक्षिकाओं में जबर्दस्त चर्चा है। विभिन्न व्हाट्स एप ग्रुप में वह चुटकी लेते हुए कह रहे हैं कि स्थानांतरण मांगोगे तो पदोन्नति दी जाएगी, जबकि पदोन्नति मांगने पर आन लाइन अटेंडेंस का आदेश थमाएंगे। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार पांडेय ने इसे शिक्षकों को उलझाए रखने की साजिश करार दिया है, क्योंकि पदोन्नति के आपत्ति प्रस्तुत करने से लेकर निस्तारण कराने तक शिक्षक-शिक्षिकाओं को दौड़ लगानी पडेग़ी। इसी तरह उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कुमार कनौजिया ने आदेश को झुनझुना करा दिया है।

आफत : ताबड़तोड़ फाल्ट से चरमराई बिजली व्यवस्था

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। नगर की बिजली व्यवस्था इन दिनों बेपटरी हो गई है। जिससे उमस और गर्मी में लोग बेहाल हो रहे हैं। फाल्ट होने पर घंटों तक मरम्मत न होने से लोग गर्मी में व्याकुल हो रहे हैं। गुरुवार रात आजाद नगर मे एचटी केबल दग गई। जिस कारण सैकड़ों घरों की बिजली गुल रही। इसके अलावा फीडर दो में बार-बार लाइन ब्रेक होने से पूरी रात बिजली की आवाजाही लगी रही।

सरैयां स्थित शुक्लागंज सबस्टेशन से चलने वाले फीडर 2 और 4 की बिजली आपूर्ति गुरुवार पूरी रात ध्वस्त रही। जिससे गर्मी और उमस में दर्जनों मोहल्ले में रहने वाले हजारों लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। बिजली न आने पर बिजली कर्मियों ने फाल्ट ढूंढने के लिये पेट्रोलिंग की। जहां आजाद नगर में दो जगह एचटी केबल दगी मिली। जिसकी बिजली कर्मियों ने मरम्मत की। वहीं एचटी लाइन का जंपर गुरुवार की रात बार-बार उड़ने से फीडर दो की सप्लाई रात एक बजे से भोर पहर चार बजे तक बाधित रही। फाल्ट के साथ सुबह पांच से छह बजे तक की गई। वहीं आजाद नगर बाजार के पास शुक्रवार सुबह 3 बजे जंपर उड़ने से सैकड़ों घरों की बिजली शाम 4 बजे तक गुल रही। इसके अलावा अन्य फीडर भी कई बार फाल्ट होने मे घंटों बंद रहे। जिससे उमस और गर्मी में लोग बेहाल हो गये।

फाल्ट की मरम्मत करते बिजली कर्मी। अमृत विचार

- एचटी केबल फुंकने से सैकड़ों घरों की बिजली रही गुल

ट्रेन की चपेट में आकर वृद्धा की हुई मौत

उन्नाव। उन्नाव-प्रयागराज रेलमार्ग पर बैसवारा रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक पार कर रही वृद्धा ऊंचाहार एक्सप्रेस ट्रेन की चेपट में आ गई। जिससे उसकी मौत हो गई।

बिहार थानाक्षेत्र के कैलाश खेड़ा गांव निवासी केशाना (65) पत्नी रामकिशोर चौरसिया शुक्रवार को अपने खेत की ओर गई थी। शाम करीब छह बजे वह वापस घर लौटने के लिए उन्नाव-प्रयागराज रेलमार्ग पार करते समय प्रयागराज से चंडीगढ़ जा रही ऊंचाहार एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गई। हादसा बैसवारा रेलवे स्टेशन के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो वृद्धा को ट्रैक पर देख सहायक लोको पायलट ने हॉर्न बजाकर उसे सचेत करने का प्रयास भी किया था लेकिन लोको पायलट जब तक ब्रेक लेता वह ट्रेन की चपेट में आ गई। लोको पायलट की सूचना पर स्टेशन मास्टर ने घटना की जानकारी बिहार पुलिस को दी। पुलिस ने शव ट्रैक से हटवाकर रूट क्लियर कराया ।

टायर फटने के बाद शव वाहन डंपर से टकराया, 9 घायल

संवाददाता बिछिया उन्नाव

अमृत विचार। दही थाना क्षेत्र के कानपुर लखनऊ हाईवे स्थित कूमेदान खेड़ा गांव के पास शुक्रवार दोपहर अंतिम संस्कार से लौट रहे शव वाहन का टायर फटने के बाद अनियंत्रित होकर डंपर से टकरा गया। इसमें वाहन सवार नौ लोग जख्मी हो गए।

असोहा थाना क्षेत्र के कांथा गांव के रहने वाले वृद्ध भोला सिंह का गुरुवार रात मौत हो गई थी। शुक्रवार सुबह अंतिम संस्कार के लिए गांव के ही लोग शुक्लागंज पक्का घाट पर गए थे। संस्कार होने के बाद सभी शव वाहन से कांथा गांव जा रहे थे। तभी दही थाना क्षेत्र के कानपुर लखनऊ हाईवे स्थित कूमेदानखेड़ा गांव के पास शव वाहन का टायर फटने से बेकाबू होकर गुजर रहे डंपर में भिड़ गई।

हादसे के समय शव वाहन में सवार कांथा गांव निवासी फतेह बहादुर व शिव मंगल पुत्रगण राज बहादुर सिंह, गौतम व किशन तथा मनोज पुत्रगण जगदंबा सिंह, राम खेलावन पुत्र केवल तिवारी, लाल पुत्र हरिप्रसाद व सुरेश पाटलि पुत्र कुंजीलाल जख्मी हो गए। जानकारी मिलते ही दही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों अस्पताल भेजा।

वाहन की टक्कर से वृद्धा की गई जान

हसनगंज उन्नाव। लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर कस्बा के बाहर लखनऊ की ओर जा रहे अज्ञात वाहन ने एक वृद्धा को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर कस्बा के बाहर लखनऊ की तरफ जा रहे अज्ञात वाहन ने राजापुर गांव निवासी मायका (62) को टक्कर मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना देख आस पास के लोग दौड़े और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सार-संक्षेप

फंदे से लटक कर युवक ने दी जान

उन्नाव। मौरावां थानाक्षेत्र के रौताना गांव निवासी युवक ने घर के पास पेड़ में फंदे से लटक कर खुदखुशी कर ली। पड़ोसी की सूचना पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव उतरवाकर पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई। बता दे मौरावां थाना क्षेत्र हिलौली गांव के मजरा रौताना निवासी रफाक (35) पुत्र स्व. मो. जब्बार लकड़ी कटाई का काम करता था। इसके साथ ही वह शराब का लती था, इसी को लेकर उसका पत्नी अप्सरा बानो से विवाद होता रहता था। चर्चा है गुरुवार को भी विवाद के बाद पत्नी अपने मायके चली गई। तभी रफाक ने घर के बगल में खंडहर पड़े आबिद अली के मकान में लगे पेड़ में पत्नी के दुप्पटे का फंदा बनाकर लटक गया। पड़ोसी मो. नईम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवा कर शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराया। छोटे भाई जुबेर ने बताया दिवंगत रफाक तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। उसके तीन बेटे रेहान, शान व निहाल हैं। एसओ चंद्रकांत सिंह ने बताया कि पड़ोसी की तहरीर पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

युवक ने जहरीला पदार्थ निगलकर दी जान

उन्नाव। आसीवन थानाक्षेत्र में गुरुवार को युवक की अचानक हालत बिगड़ने पर परिजन उसे मियागंज सीएचसी लाए थे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने शुक्रवार को उसका पोस्टमार्टम कराया। जिसमें उसकी मौत कीटनाशक निगलने से होने की बात सामने आई। इस पर विसरा सुरक्षित किया गया है। आसीवन क्षेत्र के हैदराबाद कस्बा के आर्यनगर मोहल्ला निवासी आशीष (25) पुत्र बाबूलाल रावत चंडीगढ़ में नौकरी करता था। करीब दो महीने पहले वह वहां से वापस लौटा था, तब से वह घर पर था। दो दिन बाद फिर उसे चंडीगढ़ जाना था। गुरुवार दोपहर अचानक उसकी हालत बिगड़ी इस पर परिजन उसे मियागंज सीएचसी लाए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित करते हुए उसकी मौत संदिग्ध देख पुलिस को मेमो दिया। शुक्रवार को उसका पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें कीटनाशक निगलने से उसकी मौत की पुष्टि हुई। उसके हांथ में भी कट का निशान था, इससे माना जा रहा है कि पहले उसने नस काटने का प्रयास किया होगा। विष के लक्षण मिलने पर विसरा सुरक्षित किया गया। इकलौते बेटे की मौत से पिता बेहाल है। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। अभी रिपोर्ट नहीं मिली है

गंगा के जलस्तर में 18 सेंटीमीटर की हुई बढ़ोतरी

शुक्लागंज उन्नाव। पश्चिम के बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण एक बार फिर शुक्लागंज की ओर गंगा का जलस्तर बढ़ने लगा है जिससे तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों को बाढ़ का खतरा सताने लगा है। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार गुरुवार शाम छह बजे गंगा का जलस्तर 110 .920 मीटर दर्ज किया गया था। जिसके बाद शुक्रवार सुबह सात बजे 111 .050 मीटर पहुंच गया। वहीं शाम छह बजे 111 .100 मीटर दर्ज किया गया। चौबीस घंटे के भीतर 18 सेंटीमीटर जलस्तर दर्ज किया गया है। शुक्लागंज की ओर 112 मीटर चेतावनी बिंदु और 113 मीटर खतरे का निशान है। 111 मीटर जलस्तर पार करने के बाद अब चेतावनी बिंदु की ओर फिर बढ़ने लगा है। जिससे तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों को एक बार फिर बाढ़ का खतरा सताने लगा है। वहीं आयोग की माने तो अब लगातार जलस्तर में बढ़ोत्तरी होती रहेगी।

तालाब में डूब कर युवक की गई जान

औरास उन्नाव। खेत में खाना देने जा रहे एक युवक का पैर फिसलने से तालाब में गिर गया। गहरे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पीएम के लिये भेजा है। थाना क्षेत्र के मवई गांव निवासी पप्पू (22) पुत्र होरी लाल शुक्रवार दोपहर खेत में काम कर रहे पिता को खाना देने जा रहा था, तभी तालाब के किनारे से निकलते समय बारिश की वजह से उसका पैर कीचड़ में पड़ कर फिसल गया और वह तालाब में गिर गया। ग्रामीणों ने उसे गहरे पानी में डूबता देखा तो उन्होंने तालाब में कूद कर उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन जब तक उसे बाहर निकाला जाता उससे पहले उसकी सांसे थम गई। उसके डूबने की खबर पर परिजन भी पहुंचे और उसका शव देख कर बेहाल हो गए। मां चंदा जवान बेटे की मौत से बदहवास है। दिवंगत युवक मानसिक बीमार था इसलिए परिजन उसे कहीं अकेले नहीं जाने देते थे। वह तीन भाईयों में बड़ा था। उसकी एक बहन भी है। जिसकी शादी हो चुकी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मायके आई विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत

उन्नाव। अचलगंज थाना अंतर्गत मायके आई विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अचलगंज कस्बा में रेलवे स्टेशन निकट डेरा डालकर रहने वाले जाहिद अली की बेटी साबिया (27) का शादी करीब सात साल पहले लखनऊ में राहुल से हुई थी। वह 23 जुलाई को अपने मायके आई थी। शुक्रवार को अचानक उसकी हालत बिगड़ी और मौत हो गयी।

छात्रा को अगवा करने की रिपोर्ट दर्ज

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली एक महिला ने उसकी नाबालिग बेटी को अगवा करने का आरोप लगाते हुये पुलिस को तहरीर दी है। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। मोहल्ले में रहने वाली महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उनकी नाबालिक बेटी कोचिंग आती जाती थी, मोहल्ले का रहने वाला सश्रम सविता ने कई बार छेड़खान की। आरोप है कि वह बेटी को अगवा कर ले गया है। जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ अगवा करने की रिपोर्ट दर्ज की है।

अनियंत्रित ट्रेलर पलटा, चालक क्लीनर बचे

बिछिया। दही पुरवा मार्ग पर गौरा गांव के निकट चित्रकूट से गोंडा गिट्टी लेकर जा रहा ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमे चालक क्लीनर बाल-बाल बच गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को बाहर निकाला और पास के निजी अस्पताल में इलाज के लिये भेजा है।

बेतरतीब वाहन खड़े होने से लगा जाम

शुक्लागंज उन्नाव। फोरलेन पर शुक्रवार को टेंपो और ई रिक्शा आड़े तिरछे खड़े थे, जिससे जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में नवीन पुल तक वाहन कतारों में खड़े हो गये। शुक्रवार दि करीब साढ़े ग्यारह बजे कानपुर ड्यूटी जाने वाले लोग अपने-अपने वाहनों से निकले। पोनी रोड तिराहे के पास खड़े बेतरतीब ढंग से टेंपो और ई रिक्शों के कारण फोरलेन पर भी जाम की स्थिति बन गई। जाम में दोपहिया, टेंपो, ई रिक्शा, लोडर, साइकिल, चौपहिया व अन्य वाहन फंसे रहे।

परेशानी: एक माह में 300 लोगों को कुत्तों ने काटा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। नगर के हर गली चौराहों पर आवारा कुत्तों की भरमार है। जरा सा चूकने पर कुत्ते दौड़ाकर काट रहे हैं। इसके बावजूद पालिका ने अभी तक आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान नहीं चलाया है। जिस कारण बच्चों से लेकर बुजुर्गों को कुत्ते काटकर घायल कर रहे हैं। एक माह के भीतर तीन सौ से अधिक लोगों को कुत्ते काट चुके हैं।

राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में इन दिनों रैबीज का इंजेक्शन लगवाने के लिये नगर व आस पास लोगों की सुबह से ही भीड़ लग जाती है। जिसमें अधिकांश मरीज रैबीज के इंजेक्शन लगवाने के लिये पहुंच रहे हैं। प्रभारी चिकित्साधिकारी व एसीएमओ डॉ. रवि प्रकाश सचान ने बताया कि एक दिन में तीस से चालीस लोगों को रैबीज का इंजेक्शन लगाया जा रहा है। सोमवार को दोगुना लोग बढ़ जाते हैं। उन्होंने बताया कि बताया कि एक माह के भीतर 300 लोगों को कुत्ते काट चुके हैं। सुबह अस्पताल खुलते ही रैबीज इंजेक्शन लगवाने के लिये लोगों की लाइनें लग रही हैं। वहीं बता दें कि क्षेत्र में आवारा कुत्तों की भरमार है, इसके बावजूद नगर पालिका गंगाघाट की ओर से आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिये कोई भी दस्ता नहीं बनाया गया है।

पीएचसी में रेबीज के इंजेक्शन लगवाते लोग। अमृत विचार

> कुत्तों को भरपेट भोजन न मिलने से उत्तेजित होकर काट लेते हैं। वहीं जनन के समय कुत्तों के काटने के मामले बढ़ जाते हैं।
>
> -डा. लाल बहादुर, पशु चिकित्साधिकारी

> पालिका में आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिये कैचिंग दस्ता नहीं है। बाहर की टीमों से संपर्क किया जा रहा है। अगर एक माह में तीन सौ लोगों को कुत्तों ने काटा है तो उन्हें पकड़कर दूर दराज छुड़वाया जायेगा।
>
> -कौमुदी पांडे, पालिकाध्यक्ष नगर पालिका गंगाघाट

- पालिका ने अबतक नहीं चलाया आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान

अभियान | सपा कार्यालय में स्थापित की गई संविधान की प्रति, सपाइयों ने किया कार्यक्रम

आरक्षण जारी रखने के लिए सपा करती रहेगी संघर्ष

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। जिला सपा कार्यालय में संविधान स्तंभ दिवस मनाते हुए पार्टी कार्यालय में संविधान की प्रति स्थापित की गई। जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि पीडीए को विकास पथ पर अग्रसर रखने के लिए आरक्षण के अधिकार को जारी रखा जाना चाहिए।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि महात्मा ज्योतिराव फुले संख्या के आधार पर आरक्षण पर जोर देते रहे हैं। इसी क्रम में 26 जुलाई 1902 में राजर्षि छत्रपति साहू जी महाराज ने अपने संस्थान में आरक्षण पर अमल शुरू कराया था। वहीं 26 जनवरी 1950 में आरक्षण को संवैधानिक संरक्षण प्राप्त हो सका। संविधान निर्माता बाबा साहब ने बहुजन समाज को राजनीति व प्रशासनिक पदों में भागीदारी देने के लिए ऐसा किया जाना जरूरी समझा, क्योंकि संबंधित वर्ग का उनकी आबादी के लिहाज से प्रतिनिधित्व नगण्य था। वास्तव में बाबा साहब ने महात्मा ज्योतिराव फुले व राजर्षि छत्रपति साहू जी महाराज के अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए आरक्षण को संवैधानिक संरक्षण दिया। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकारें निजीकरण के जरिए नौकरियों में आरक्षण देने पर अमल नहीं करा रही हैं, जिससे वंचितों में शामिल दलित व पिछड़ी जाति के युवाओं को उनका वाजिब हक नहीं मिल पा रहा है। सपा सामाजिक न्याय के लिए लड़ाई लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए जाति आधारित जनगणना कराने पर जोर दिया जा रहा है, जिससे समानुपातिक आधार पर सबको सम्मान और हक हासिल हो सकें। सपाइयों ने दावा किया कि आरक्षण सहित संविधान समाप्त करने का खतरा टला नहीं है। इसलिए सभी को सजग व एकजुट रहना चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक उदयराज यादव, रामकुमार, बदलू खां, सुंदरलाल लोधी, पूर्व एमएलसी सुनील सिंह साजन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीके त्रिपाठी, साधू यादव, राजकुमार लोधी, रूप नारायण पटेल, याकूब खां, रमेश रावत, नरेंद्र लोधी, अमन अंजुम, राहुल अग्निहोत्री, लकी यादव, अंकित यादव, जितेंद्र कुशवाहा, रामपाल कुशवाहा, राम किशुन लोधी, शशांक शेखर शुक्ला व रामबहादुर यादव आदि मौजूद थे।

पार्टी कार्यालय पर संविधान बचाए रखने का संकल्प लेते सपाई। अमृत विचार

अराजकता : दबंगों ने दंपति को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

शुक्लागंज। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बच्चों को विवाद को लेकर दबंगों ने पति पत्नी को दौड़ा-दौड़ाकर जमकर लाठी डंडों से मारा पीटा। जिसका किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वॉयरल कर दिया। वीडियो वॉयरल होने पर पुलिस ने संज्ञान में लिया है और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। हालांकि वॉयरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

कोतवाली क्षेत्र के मक्का पुरवा गांव में बच्चों के खेल-खेल को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान दबंगों ने एक दंपति को सरेराह लाठी डंडों से दौड़ा-दौड़ा कर पीट रहे हैं। वीडियो में दबंग परिवार की महिलाएं भी एक महिला को बाल पकड़ कर पीटते नजर आ रही हैं, वहीं कुछ लोग एक युवक को लोग लाठी डंडों से पीट रहे था जिसका किसी ने वीडियो बना लिया और सोशल साइटों पर वॉयरल कर दिया। लगभग 1 मिनट 22 सेकेंड का एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ। जिस पर पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया। हालांकि वॉयरल वीडियो की पुष्टि आपका अपना अमृत विचार अखबार नहीं करता है। इस बावत कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि वायरल वीडियो की जानकारी मिली है, जांच कर दोषियों के खिलाफ तहरीर मिलते कार्रवाई जरूर की जायेगी।

वॉयरल वीडियो में मारपीट करते दबंग।

मुख्यमंत्री व दोनों उप मुख्यमंत्री दिल्ली पहुंचे नीति आयोग की बैठक में होंगे शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नेताओं की एक साथ मौजूदगी को लेकर होती रहीं चर्चाएं

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व दोनों उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को दिल्ली पहुंच गये। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में होने वाली नीति आयोग की शासी निकाय की बैठक में शामिल होंगे। तीनों नेताओं के दिल्ली में एक साथ रहने राजनीतिक सरगर्मी बढ़ी रही।

सूत्रों के अनुसार नीति आयोग की शनिवार व रविवार की बैठकों में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। बताया जा रहा है कि बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के विकास को लेकर रोड मैप पेश करेंगे। बैठक के बाद तीनों नेताओं के प्रधानमंत्री से व्यक्तिगत मुलाकात किये जाने की संभावना है।

इस दौरान प्रदेश में होने वाले विधानसभा उप चुनाव समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा होने के आसार हैं। तीनों नेताओं के दिल्ली जाने को लेकर शुक्रवार को तमाम तरह की चर्चाएं होती रहीं। केशव प्रसाद मौर्य दिल्ली के पहले रवाना हुए, बाद में दोनों नेता अलग-अलग दिल्ली पहुंचे। मालूम हो कि मुख्यमंत्री की मंडलवार समीक्षा बैठक में केशव प्रसाद मौर्य शामिल नहीं हुए थे, इसको लेकर भी चर्चाएं जारी रहीं। शुक्रवार की समीक्षा बैठक में ब्रजेश पाठक भी उपस्थित नहीं रहे।

मुख्यमंत्री की बैठक से नदारद रहे ब्रजेश पाठक

लखनऊ। मंडलवार बैठकों के कार्यक्रम के आखिरी दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकारी आवास पर लखनऊ मंडल के सांसदों-विधायकों के साथ बैठक की। उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण कराने का भरोसा दिलाया, पर बैठक में लखनऊ कैंट से विधायक उप मुख्यमत्री ब्रजेश नदारद रहे। इसको लेकर कई तरह की चर्चाएं होती रहीं। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री से लखनऊ के विधायकों के साथ ही मंडल से संबंधित अन्य जिलों के विधायक मौजूद रहे। विधान परिषद सदस्यों ने भी मुलाकात की। बैठक के दौरान इस दौरान उन्होंने विधायकों से लोकसभा चुनाव के नतीजों, विधायकों की समस्याओं आदि पर चर्चा की। कई विधायकों की शिकायत पर मुख्यमंत्री उनका समाधान कराने का भरोसा दिया, पर इस बैठक में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मौजूद नहीं थे। पाठक के बैठक में न रहने को लेकर कई तरह की चर्चाएं होती रही।

विधायकों के गनर और सुरक्षा कर्मियों के बैठने व जलपान की व्यवस्था हो : सतीश महाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आलाधिकारियों को विस अध्यक्ष ने दिए निर्देश
- मानसून सत्र से पहले सदन की सुरक्षा व्यवस्था चुस्त

अमृत विचार। उप्र. विधानसभा में 29 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र से पहले विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने आलाधिकारियों के साथ बैठक में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। शुक्रवार को संपन्न बैठक में उन्होंने सत्र के दौरान वाहनों की जांच समेत विधानभवन सदस्यों के सुरक्षित आवागमन को लेकर निर्देश जारी किए। साथ ही कहा कि निर्धारित स्थानों पर क्यू आरटी टीम आदि की भी व्यवस्था चुस्त हो।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधानभवन आने वाले विधायकों के गनर और सुरक्षा कर्मियों के बैठने तथा जलपान लंच आदि की उचित व्यवस्था करने के साथ ही भविष्य में उनके बैठने की स्थाई व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान अग्निशमन उपकरणों एवं दमकल वाहनों की पूरी व्यवस्था होनी चाहिए। इसके साथ ही बैठक में विधानसभा भवन की वर्तमान सुरक्षा व्यवस्थाओं का आकलन करने, उसको सुदृढ़ करने, विधान सभा में दर्शकों एवं अन्य महानुभावों की प्रवेश प्रक्रिया तथा सुरक्षा आदि संबंधी अन्य बिंदुओं के विषय में विशिष्ट व्यवस्था करने पर विचार किया गया।

बैठक में प्रमुख सचिव, विधान सभा, प्रदीप दुबे, एसीएस (गृह) दीपक कुमार, प्रमुख सचिव के. रविन्द्र नायक, एडीजे (कानून व्यवस्था) अमिताभ यश, एडीजे (सुरक्षा), रघुवीर लाल, पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र सेंगर, जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार समेत अन्य आलाधिकारीगण उपस्थिति थे।

36 का शुल्क देकर 60 फेरों की बनवाएं एमएसटी

लखनऊ। रोडवेज की साधारण बसों में रोजाना सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी व राहत की खबर है। राज्य सड़क परिवहन निगम ने एक बार फिर से एमएसटी मंथली सीजन टिकट में भारी स्तर पर बंपर छूट दे रहा है। यह जानकारी देते हुये रोडवेज लखनऊ परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक आर के त्रिपाठी ने बताया कि रोडवेज की साधारण बसों में रोजाना यात्रा करने वाले छात्र-छात्रायें, राज्य कर्मचारी, महिलाएं 100 किमी यात्रा के लिए 36 ट्रिप के पैसे देकर 60 फेरों की एसएसटी बनवा सकते हैं।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

ट्रक में घुसा कंटेनर, 2 लोगों की मौत

1 मृतक और तीन घायल कानपुर देहात के, जसवंतनगर के जौनई के पास हुआ हादसा

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

अमृत विचार: गुरुवार रात को राष्ट्रीय राजमार्ग पर जौनई चौकी के पास पेट्रोल पंप के सामने एक कंटेनर ने आगे चल रहे ट्रक में टक्कर मार दी। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक महिला समेत तीन अन्य लोग गंभीर घायल हो गए।

गुरुवार को देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग पर जौनई चौकी के पास एक पेट्रोलपंप के पास कानपुर से गुड़गांव की तरफ जा रहा कंटेनर जैसे ही पेट्रोलपंप के सामने पहुंचा तो कंटेनर आगे चल रहे ट्रक में घुस गया। जिससे कंटेनर के केबिन में बैठे कानपुर के एक ही परिवार के राजेश कुशवाहा पुत्र रामपाल उम्र 40 उसकी पत्नी सुनीता देवी उम्र 38 वर्ष दो बेटे नितिन कुमार उम्र 20 वर्ष और जतिन कुमार 14 वर्ष निवासी ककवन थाना ककवन जनपद कानपुर नगर व परिचालक फूलचंद पुत्र गौरी शंकर उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम कमलापुर थाना सट्टी कानपुर देहात कुल पांच लोग बुरी तरह क्षतिग्रस्त केबिन में फंस गए। मौका पाकर कंटेनर का ड्राइवर फरार हो गया। सूचना पर तत्काल पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक रामसहाय सिंह ने अपनी पुलिस टीम के साथ केबिन में फंसे सभी गंभीर घायलों को निकाल कर एंबुलेंस से उपचार हेतु जिला अस्पताल पहुंचाया।

राजेश ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया वहीं 40 वर्षीय कंटेनर परिचालक फूल सिंह पुत्र गौरीशंकर गांव तमरापुर थाना सट्टी कानपुर देहात की सैफई पीजीआई में इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि तीन अन्य गंभीर घायलों को स्थिति चिंताजनक है।

दुर्घटनाग्रस्त ट्रक। अमृत विचार

कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को निकाला

- सड़क हादसे की सूचना पर घटनास्थल पर तत्काल अपनी टीम के साथ पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक रामसहाय सिंह ने केबिन में बुरी तरह फंसे घायलों को देखकर मशीनों और उपकरणों का इंतजार किए बिना खुद मोर्चा संभालते हुए क्राइम इंस्पेक्टर रमेश सिंह, उनि प्रशांत यादव, उनि आशीष कुमार, कांस्टेबल उमेश चौधरी, शुभम पवार आदि के साथ केबिन में फंसे घायलों को निकलने में लग गए।आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जब तक हाइड्रा और जेसीबी मशीन आई तब तक सभी गंभीर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया।

रोते हुए बोला...मामा सब कुछ खत्म हो गया

- जीवकोत्पार्जन के लिए नौकरी की तलाश में कंटेनर की केबिन में बैठकर गुडगांव जा रहे एक ही परिवार के चार लोगों की देर रात यहां हुए दर्दनाक सड़क हादसे में परिवार के मुखिया की मौत व अन्य के गंभीर घायल होने पर परिवार बिखर गया। केबिन में बुरी तरह फंसे होने के बाद निकलने पर मृतक के सबसे छोटे बेटे जतिन कुमार ने रोते हुए कानपुर के अपने मामा फूलचंद को फोन पर घटना की जानकारी दी वह बोला, मामा सब कुछ खत्म हो गया, बर्बाद हो गए। पापा खत्म हो गए मां का एक पैर कट गया। भैया की स्थिति गंभीर है प्रभु ने मेरे साथ यह क्या कर दिया मामा अब क्या होगा...।

रोता जतिन कुमार।

बालक की गर्दन काटकर हत्या नहीं मिला सिर, हाथ-उंगलियां

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सिविल लाइन क्षेत्र के गांव सिरसा दबरई से 23 जुलाई से लापता था बालक

अमृत विचार। तीन दिन से लापता बालक का शव झाड़ियों में मिला। बालक की गर्दन और हाथ काटकर हत्या की गई है। पैर की उंगलियां भी कटी मिली हैं। बालक की पहचान छिपाने के लिए तेजाब डाला गया है। पुलिस को सिर, एक हाथ और उंगलियां नहीं मिलीं।

नितेश।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गांव सिरसा दबरई निवासी सोरन सिंह का 12 साल का बेटा नितेश 23 जुलाई को लापता हो गया था। तलाश करने पर भी नहीं मिला तो परिजनों ने अगले दिन पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। सिविल लाइन पुलिस ने 25 जुलाई को बालक की गुमशुदगी दर्ज की। शुक्रवार दोपहर ग्रामीणों ने गांव के पास झाड़ियों में बालक का शव देखा। शव सड़ गया था। सिर, एक हाथ और एक पैर की उंगलियां गायब थीं। उसकी पैंट पैरों तक थी। बालक की पहचान छिपाने के लिए तेजाब डाला गया था। सोरन सिंह भी परिवारीजनों के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने शव की पहचान नितेश के रूप में की।

> गांव सिरसा दबरई निवासी सोरन सिंह ने अपने बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बालक का शव खेत पर मिला। खुलासे के लिए टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही राजफाश किया जाएगा।
> - डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एसएसपी

सिविल लाइन प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने मौका मुआयना के बाद अधिकारियों को जानकारी दी तो एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव, सीओ सिटी आलोक मिश्रा मौके पर पहुंचे। फारेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अलावा ग्रामीणों ने भी सिर, हाथ और उंगलियां ढूंढीं लेकिन कहीं पता नहीं चला। तकरीबन आधा किलोमीटर दूर सिर मिला जिसे परिजन नितेश का नहीं मान रहे हैं। पुलिस ने सिर का कंकाल जांच के लिए रख लिया है। पुलिस रंजिश में हत्या की आशंका से जांच कर रही है। एसएसपी ने हत्याकांड के खुलासे के लिए एसओजी भी लगाई है।

विदुषी गुप्ता
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
पिता धर्मेश चंद्र गुप्ता
माता रंजना गुप्ता


आर्य समाज हॉल से संपन्न हुआ दिन की हार्दिक शुभकामनाएं
पता– 119/249 दर्शनपूर्वा, गुमटी नं0–5

मेडिकल इंटर्न को मानदेय बढ़ाए जाने का मिला आश्वासन

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- अभाविप प्रतिनिधमंडल ने उपमुख्यमंत्री को मानदेय बढ़ाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार। केजीएमयू समेत विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से ज्ञापन सौपने आए आंदोलित मेडिकल इंटर्न छात्रों को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मानदेय बढ़ाने जाने के लिए आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा इस विषय पर गंभीरता से विचार कर मेडिकल विद्यार्थियों के हित में निर्णय लिया जाएगा।

विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर आन्दोलन कर रहें मेडिकल इंटर्न छात्रों ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधियों के साथ उप मुख्यमंत्री से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात कर, मानदेय बढ़ाने के लिए ज्ञापन सौपा। अभाविप के अवध प्रांत सहमंत्री रोहित सिंह ने बताया कि प्रदेश में मेडिकल इंटर्न को अपेक्षित मानदेय नहीं दिया जाता है, जिसे बढ़ाने को लेकर विद्यार्थी आंदोलन कर रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर पहले भी बात रखी जा चुकी है, मांग न पूरी होने पर 22 जुलाई से मेडिकल छात्रों द्वारा आंदोलन किया जा रहा है।

अन्य राज्यों से कम मानदेय है प्रदेश में

- रोहित सिंह ने कहा कि अभाविप द्वारा पूरे देश में मेडिकल विद्यार्थियों के लिए एक समान स्टाइपेंड तय किया जाए इसके लिए निरंतर मांग की जाती रही है। उप्र. में मेडिकल इंटर्न को 12 हज़ार रुपये मानदेय दिया जाता है, जो की अन्य राज्यों की अपेक्षा में काफी कम है। अभाविप कानपुर प्रांत के सौरभ नायक ने बताया कि अन्य राज्यों में औसतन 25 हज़ार रुपये मेडिकल इंटर्न को मानदेय दिया जाता है, उप्र में यह राशि 12 हज़ार है, इससे समस्याओं को सामना करना पड़ता है।

पत्नी की नाक काट कर फंदे से लटक दे दी जान

कुर्रिया कला/शाहजहांपुर। मोहल्ला गढ़ी पश्चिम में शराब पीने का विरोध करने पर एक युवक ने पत्नी पर हंसिया से प्रहार कर उसकी नाक काट दी। बाद में पति घर से भाग गया। देर रात खेत में पेड़ पर गमछे का फंदा बनाकर उसने जान दे दी। कांट थाना क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी पश्चिम निवासी राजेश कुमार(30) मजदूरी करता था। उसके पिता रामप्रकाश की मौत हो चुकी है। परिवार में मां रामदेवी और पत्नी हंसमुखी व चार बच्चे हैं। गुरुवार की रात दस बजे राजेश शराब पीकर घर आया। पत्नी ने टोका तो कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि उसने हंसमुखी को मारा पीटा और हसिया से उसकी नाक पर प्रहार कर दिया, जिससे उसकी नाक कट गई। बच्चों ने शोर मचाया तो पड़ोस में रह रहे परिवार के लोग आ गए। डरकर वह भाग गया। परिवार वाले घायल महिला को मेडिकल कॉलेज लाए। उसकी नाक पर चार टांके लगे।

पुलिस टीम पर हमला, महिला सिपाही समेत दो घायल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मठ लक्ष्मीपुर में युवक की स्कूटी छीनकर भाग गए थे आरोपी

अमृत विचार। इज्जतनगर क्षेत्र के मठ लक्ष्मीपुर में दबिश के दौरान थाना प्रेमनगर पुलिस पर आरोपियों ने हमला कर दिया। हमले में महिला सिपाही समेत दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। महिला सिपाही की तहरीर पर प्रेमनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

महिला सिपाही अर्चना ने थाना प्रेमनगर में तहरीर देकर बताया कि वह 24 जुलाई को दबिश के दौरान दरोगा राहुल शर्मा, सिपाही मोनू, मनीष, हरवीर, दीपक, रामलखन और शाहरुख के साथ मठलक्ष्मीपुर में भारती शर्मा, उसके भाई देव शर्मा उर्फ फरीद निवासी रहपुरा चौधरी और सतीश शर्मा ने मारपीट की। मारपीट में उनके दोनों हाथों और दाहिनी आंख में चोट आई है। आरोपियों ने धक्का देकर सिपाही मोनू को भी जमीन पर गिराकर पीटा, जिससे उसके पैरों में चोट लगी है। आरोपी देव ने मोनू का हाथ मुंह से काट लिया। किसी तरह से पुलिस कर्मियों ने आरोपियों के चंगुल से खुद को बचाया और देव शर्मा उर्फ फरीद को मौके से गिरफ्तार कर लिया। सतीश शर्मा और भारती शर्मा मौके से फरार हो गए। महिला सिपाही की तहरीर पर प्रेमनगर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मठलक्ष्मीपुर निवासी पीयूष शर्मा ने 24 जुलाई को थाना प्रेमनगर में भारती शर्मा और देव शर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीयूष ने पुलिस को बताया कि वह भूड़ में किराये पर रहता है। 24 जुलाई को वह जा रहा था। रास्ते में भारती शर्मा और देव शर्मा ने मारपीट कर स्कूटी छीन ली। धमकी दी कि मकान चाचा-चाची के लिए छोड़ दे और न छोड़ने पर अंजाम बुरा होगा।

दुकानों पर चला बुलडोजर

उरई। जिला मुख्यालय उरई के राठ रोड रेलवे ओवरब्रिज के नीचे दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर बनाई गई एक दर्जन दुकानों पर नगर पालिका परिषद ने बुलडोजर चलाया।

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

कोर्स	अवधि	योग्यता
एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी	3 वर्ष	अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए।
एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री	3 वर्ष	
एम.एस.सी. फिजियोलॉजी	3 वर्ष	
एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी	3 वर्ष	
एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी	3 वर्ष	
बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस	3 वर्ष	पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0)

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

कोर्स	अवधि	योग्यता
एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन)	2 वर्ष	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों।
एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ)	2 वर्ष	

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.
प्रवेश हेतु संपर्क करें
डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504
डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सुपरिटेन्डेन्ट) मो. 9956248504

वार्ता | नैक चेयरमैन ने अमृत विचार से कहा – संस्थान नैक ग्रेडिंग के साथ नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रीडिटेशन भी आवश्यक

नैक ग्रेडिंग के साथ एनबीए की मान्यता भी कराई जाए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- संस्थान और महाविद्यालयों को आगे आने की जरूरत, विदेशों में बढ़ेगी मजबूती

अमृत विचार। नेशनल असेसमेंट एंड एक्रिडिटेशन काउंसिल (नैक) की कार्यकारी परिषद और नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रिडिटेशन के चेयरमैन प्रो. अनिल सहस्रबुद्धे ने कहा है कि देश के सभी इंजीनियरिंग कॉलेजों में नैक ग्रेडिंग के साथ एनबीए की मान्यता भी कराई जाए। ताकि इसकी मदद से छात्रों को विदेशों में भी आसानी से पढ़ाई और रोजगार के अवसर मिल सकें।

नैक चेयरमैन प्रो. अनिल सहस्रबुद्धे ने कहा कि विदेशी मान्यता वाशिंगटन एकॉर्ड के तहत यदि भारतीय छात्र नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रीडिटेशन (एनबीए) से मान्यता प्राप्त इंजीनियरिंग संस्थान में स्नातक की शिक्षा पूरी कर उच्च शिक्षा अथवा रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता है तो उसे आसानी होगी। इसलिए संस्थानों को डरने की जरूरत नहीं है।

सभी संस्थान अपना मूल्यांकन कराएं, इसके बाद संस्थान एक्रिडिएटेड की श्रेणी में आ जाएगा। इससे छात्रों को विदेश में जाकर अध्ययन और रोजगार पाने में मदद मिलेगी।

प्रो. अनिल सहस्रबुद्धे। अमृत विचार

मेडिकल-एग्रीकल्चर के लिए इंटर्नशिप रहेगी कारगर

- नैक चेयरमैन ने कहा कि अक्सर देखा गया है कि मेडिकल-एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी छात्रों को डिग्रियां और शोधपत्र तो जारी कर देती है लेकिन अभ्यास के रूप में उनके हाथ कुछ नहीं लगता। इंटर्नशिप योजना युवाओं को हुनरमंद और रोजगार के अवसर देगी।

लाइफलॉग लर्निंग के लिए बने वेल्यूबेस्ड सिस्टम

- प्रो. अनिल सहस्रबुद्धे ने बताया कि उच्च शिक्षण संस्थानों को निर्देश दिए गए हैं कि लाइफलॉग लर्निंग के लिए वेल्यूबेस्ड सिस्टम बनाए जाएं। ताकि नए सत्र में प्रवेश लेने वाले छात्र आधुनिक सुविधाओं के आधार पर अध्ययन पूरा कर सकें। मेंटरशिप प्रोग्राम (प्रिलिम्स) की मदद से डेली शेड्यूल के साथ सामान्य अध्ययन की तैयारी के लिए भी कहा गया है।

नीट एमडीएस की द्वितीय चक्र की काउंसलिंग 30 से

लखनऊ। नीट एमडीएस की दूसरे चरण की काउंसिलिंग 30 जुलाई से पंजीकरण के साथ शुरू होगी। पहले चरण की काउंसिलिंग में होने वाले दाखिलों के बाद सरकारी व प्राइवेट डेंटल कॉलेजों में रिक्त सीटों के लिए काउंसलिंग होगी, इसमें तीन अगस्त को अभ्यर्थियों को कॉलेजों की प्राथमिकता देनी होगी, सात अगस्त को सीट आवंटन के परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। यह जानकारी चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक द्वारा समय सारिणी वेबसाइटपर जारी कर दी गई है। मालूम हो कि शैक्षणिक सत्र एक अगस्त से प्रारंभ हो रहा है।

बाजार	सेंसेक्स ▲	निफ्टी ▲
बंद हुआ	81,332.72	24,834.85
बढ़त	1,292.92	428.75
प्रतिशत में	1.62	1.76

कारोबार/कृषि

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, शनिवार, 27 जुलाई 2024

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2450-2460 आर. आर.21 2550-2600 गेहूंफारम 2600-2700 जौ 2300-2400 ज्वार 2000-4000 इबाजरा 2100-2150 मकाई 2200-2400 **दलहन (प्रति क्वि.)** चना 6700-6800 अरहर 9000-10000 मसूर 5500-5600 मटर 3700-3800 उड़द हरा 11000-11500 उड़द काला 8000-9000 मूंग 8000-8200 **दाल (प्रति क्वि.)** अरहर फूल 16200-16300 अरहर स्पेशल 13600-13700 चना दाल 8050-8150 मटर दाल 4450-4550 मसूर मलका 7150-7200 मसूर दाल 7350-7400 उड़द दाल 9000- 13300 उड़द धोवा10000-13000 मूंग दाल 8100-9700 मूंग धोवा 9700-11000 **चावल (प्रति क्वि.)** अरवा 2800-4000 बासमती न01.10500 - 11000 सेला 3000-4000 बासमती न02. 7000-8000 **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** आटा 1460-1500 मैदा 1420-1470 सूजी 1480-1520 **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** शाहपसंद 1380-1420 **तिलहन (प्रति क्वि.)** लाही 5600-5800 अलसी 4500-4600 अण्डी 4600-4700 तिल्ली 11000- 11500 मूंगफली दाना शिवपुरी 9600- 11200 बटाली 8600-11000 सेहुआं 4000 - 4500 **तेल** सरसोंकोल्हू 12200-12300 अलसी 10100-10200 अण्डी 12800-13000 **रिफाइण्ड** सोयाबीन 1540-1548 सरसों 2550-2600 अलसी 4900-5000 अण्डी 1400-1450 **वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.)** बावर्ची 1550-1548 मयूर 1550-1548 गुड़ (प्रति क्वि.) मंगलौर लडडू 4900-4950 देशी भेली 4600-4700

सर्राफा

कानपुर

चांदी 999 (प्रति किलो)	83800
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	95000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोनाबिस्कुट (दस ग्राम)	70100
गिन्नी (प्रति नग)	52250-52450

सेंसेक्स 1,293 अंक उछला, निफ्टी का रिकॉर्ड

पांच दिन की जारी गिरावट के बाद बाजार संभला, शेयरों की लिवाली से लौटी रौनक

नई दिल्ली, एजेंसी

शेयर बाजारों में पांच दिनों से जारी गिरावट पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 1,293 अंक का उछाल दर्ज किया गया। तेजी के बीच एनएसई की निफ्टी भी 24,834 अंक के नये शिखर पर बंद हुआ। निचले स्तर पर शेयरों की लिवाली और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में तेजी से बाजार बढ़त में रहा।

बीएसई के सेंसेक्स 1,292.92 अंक यानी 1.62% उछलकर 81,332.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,387.38 अंक चढ़ा था। एनएसई का निफ्टी भी 428.75 अंक यानी 1.76% चढ़कर 24,834.85 अंक के नये शिखर पर बंद हुआ। निफ्टी के 50 शेयरों में से 47 लाभ में जबकि तीन नुकसान में रहे। पांच सत्रों में सेंसेक्स 1,303.66 अंक यानी 1.60% अंक टूट गया था। वहीं निफ्टी 394.75 अंक यानी 1.59% नीचे आया था। नेस्ले को छोड़कर सभी शेयर लाभ में रहे। भारती एयरटेल सबसे ज्यादा 4.51% लाभ में रहा।

अदाणी पोर्ट्स, सन फार्मा, टाटा स्टील, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील और महिंद्रा एंड महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहे। वहीं नुकसान में रहने वाली एकमात्र कंपनी नेस्ले में 0.07% की गिरावट आई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अगले महीने के लिए वायदा एवं विकल्प कारोबार की शुरुआत के साथ घरेलू बाजार में तेजी आई और बाजार बजट को लेकर आई गिरावट से बाहर आ गया। तेजी का कारण अमेरिका में जीडीपी आंकड़ा उम्मीद से बेहतर रहना है। यह वैश्विक मांग के लिहाज से अच्छा है। नायर ने कहा कि निवेशक गिरावट पर खरीद की रणनीति अपना रहे हैं। साथ ही कंपनियों के तिमाही परिणाम और शेयर केंद्रित रुख पर ध्यान है। धातु और प्रमुख आईटी कंपनियों एवं मझोली कंपनियों में लाभ देखा गया।

- निफ्टी भी 24,834 अंक के नए शिखर पर पहुंचा

आईटी औ धातु के शेयरों से मिली गति

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि आईटी और धातु शेयरों के प्रदर्शन से बाजार को गति मिली। वायदा एवं विकल्प खंड में अगले महीने का कारोबार शुरू होने से भी बाजार चढ़ा। अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले शेयरों में भी स्थिति मजबूत रही। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स 728.07 अंक यानी 0.90% तथा निफ्टी 303.95 अंक यानी 1.23% की बढ़त के साथ बंद हुआ।

डिजिटल भुगतान इस साल मार्च तक 12.6% बढ़ा : आरबीआई

मुंबई। देश भर में डिजिटल भुगतान में 31 मार्च 2024 तक 12.6% की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई। ऑनलाइन लेनदेन को अपनाने को मापने वाला आरबीआई सूचकांक में यह कहा गया। सूचकांक मार्च 2024 के अंत में 445.5 पर रहा, जबकि सितंबर 2023 में यह 418.77 और मार्च 2023 में 395.57 पर था।

भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि आरबीआई का डीपीआई सूचकांक सभी मापदंडों पर बढ़ा है। इसका कारण भुगतान प्रदर्शन तथा भुगतान बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। रिजर्व बैंक ने देश भर में डिजिटल भुगतानों की सीमा का पता लगाने के लिए एक समग्र भारतीय रिजर्व बैंक-डिजिटल भुगतान सूचकांक (आरबीआई-डीपीआई) तैयार करने की घोषणा की थी।

पेटीएम का निवेश प्रस्ताव अभी सरकार के विचाराधीन : सचिव

नई दिल्ली, एजेंसी

- चीन से जुड़े निवेशों पर निगरानी समिति ने पेटीएम के निवेश के प्रस्ताव को नहीं दी है मंजूरी

वित्तीय सेवाओं के सचिव विवेक जोशी ने शुक्रवार को कहा कि चीन से जुड़े निवेशों की निगरानी करने वाली अंतर-मंत्रालयी समिति ने अभी तक पेटीएम की भुगतान एग्रीगेटर इकाई में उसके निवेश के प्रस्ताव को मंजूरी नहीं दी है। जोशी ने कहा कि पेटीएम का यह निवेश प्रस्ताव अभी भी अंतर-मंत्रालयी समिति के पास विचाराधीन है और जल्द फैसला होने की उम्मीद है।

पेटीएम ने अपनी पूर्ण अनुषंगी इकाई पेटीएम पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड (पीपीएसएल) में 50 करोड़ का निवेश करने का प्रस्ताव रखा है लेकिन इसके लिए सरकार की पूर्व-मंजूरी लेनी जरूरी है। दरअसल पेटीएम की मूल इकाई वन97 कम्युनिकेशंस लि. (ओसीएल) में चीन से निवेश आया है। इस वजह से विदेश, गृह, वित्त एवं उद्योग मंत्रालयों के अधिकारियों की समिति इस पर गौर कर रही है कि ओसीएल का पीपीएसएल में निवेश प्रस्ताव एफडीआई निर्देशों के अनुरूप है या नहीं।

जोशी ने कहा कि अंतर-मंत्रालयी पैनल से निवेश प्रस्ताव पर मंजूरी मिलने के बाद पेटीएम भुगतान एग्रीगेटर लाइसेंस पाने के लिए रिजर्व बैंक से संपर्क कर सकता है। रिजर्व बैंक उसके प्रस्ताव की जांच करने के बाद लाइसेंस देने पर फैसला करेगा। पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज लि. ने नवंबर, 2020 में भुगतान एग्रीगेटर के रूप में काम करने के लिए रिजर्व बैंक के पास लाइसेंस की अर्जी लगाई थी। लेकिन केंद्रीय बैंक ने नवंबर, 2022 में पीपीएसएल के आवेदन को खारिज कर दिया था।

देश ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से बढ़ रहा : पुरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- बरौनी, पानीपत और गुजरात रिफाइनी की क्षमता में किया गया विस्तार

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की अभूतपूर्व यात्रा को गति देने के लिए सभी कदम उठाए जा रहे हैं।

सिंह ने एक्स पर किए पोस्ट में कहा कि बरौनी रिफाइनी की क्षमता को 6 से बढ़ाकर 9 एमएमटीपीए और पानीपत की क्षमता को 15 से बढ़ाकर 25 तथा गुजरात की क्षमता को 13.7 से 18 एमएमटीपीए के विस्तार के साथ सैकड़ों टन वजन वाले बड़े आयामों वाले जटिल उपकरणों की स्थापना हमारी ऊर्जा क्षेत्र की संस्थाओं के लिए एक नियमित विशेषता बन गई है। इन महत्वपूर्ण विस्तारों के साथ इंडियन ऑयल भविष्य में अपनी कच्चे तेल की प्रसंस्करण क्षमता को बढ़ाने और भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं को सुरक्षित करने के लिए तैयार है। एक अन्य पोस्ट में पुरी ने कहा कि चक्रीय भाप उत्तेजना प्रौद्योगिकी के सफल प्रेरण के साथ ऑयल इंडिया लिमिटेड ने राजस्थान की सबसे पुरानी तलछटी चट्टान जोधपुर सैंडस्टोन से भारी कच्चे तेल के उत्खनन में सफलता का दावा किया है।

सोने में 5,000 की गिरावट, खुदरा निवेशकों में खुशी

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार के सोने पर मूल सीमा शुल्क में कटौती के बाद स्थानीय बाजारों में सोने की कीमतों में सात प्रतिशत या 5,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की तीव्र गिरावट आई है। कम लागत से अधिक लोग जिंस और वित्तीय परिसंपत्ति दोनों के रूप में सोने में निवेश करने को प्रोत्साहित होंगे।

एलकेपी सिक्योरिटीज में जिंस एवं मुद्रा के शोध विश्लेषक उपाध्यक्ष जतीन त्रिवेदी ने कहा कि सीमा शुल्क में कटौती से पीली धातु सस्ती हुई है। हालांकि, अचानक हुए बदलाव से बाजार की धारणा कमजोर हो सकती है, लेकिन खुदरा निवेशकों को सोने की नई कीमतों से लाभ होगा। यूनिमोनी फाइनेंशियल सर्विसेज के निदेशक एवं सीईओ कृष्णन आर. ने कहा कि कम लागत से अधिक लोग सोने में निवेश करने को प्रोत्साहित होंगे एक वस्तु के रूप में और एक वित्तीय परिसंपत्ति के रूप में, जिसे अक्सर मुद्रास्फीति तथा मुद्रा अवमूल्यन से निपटने के लिए बचाव के रूप में देखा जाता है। बजट में सोने तथा चांदी पर मूल सीमा शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत करने की घोषणा के बाद सोने की कीमत गिरावट आई है।

- सीमा शुल्क में कटौती के बाद स्थानीय बाजारों में कीमतों में आई 7% कमी

स्वर्ण उद्योग ने की एक राष्ट्र-एक दर की मांग

कोलकाता। स्वर्ण आभूषण उद्योग एक राष्ट्र, एक दर नीति की वकालत कर रहा है, जिसकी शुरुआत अगस्त से पूर्वी भारत के लिए समान दर लागू करने के साथ होगी। स्वर्ण शिल्प बचाओ समिति के अध्यक्ष समर कुमार डे ने कहा कि सभी हितधारकों ने देश भर में एक समान सोने की दर के विचार में रुचि दिखाई है। हम अगस्त से बंगाल और पूर्वी भारत के लिए एकल दर की शुरुआत करेंगे। इस पहल में हमने सर्राफा विक्रेताओं को भी शामिल कर लिया है।

4 अरब डॉलर बढ़कर विदेशी मुद्रा भंडार हुआ 670.86 अरब डॉलर

मुंबई। विदेशी मुद्रा भंडार 19 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 4 अरब डॉलर बढ़कर 670.86 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 12 जुलाई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार 9.69 अरब डॉलर बढ़कर 666.85 अरब डॉलर गया था। रिजर्व बैंक के मुताबिक 19 जुलाई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.58 अरब डॉलर बढ़कर 588.05 अरब डॉलर हो गईं।

एक नजर

भुवनेश्वर के पास मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतरे

भुवनेश्वर। ओडिशा के भुवनेश्वर स्टेशन के पास एक मालगाड़ी के दो डिब्बे शुक्रवार को पटरी से उतर गए। पूर्वी तटीय रेलवे (ईसीओआर) के सूत्रों ने आज यह जानकारी दी। ट्रेन के पटरी से उतरने के कारण जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है और दुर्घटना राहत ट्रेन (एआरटी) तथा क्रेन बहाली कार्य करने के लिए घटनास्थल पर पहुंच रही हैं। ईसीओआर सूत्रों ने कहा कि चूंकि मध्य लाइन और अप लाइन पर कोई असर नहीं पड़ा है, इसलिए कोच ट्रेन का आवागमन प्रभावित नहीं होगा।

कार से घायल मजदूर को झाड़ियों में फेंका, मौत

श्रीगंगानगर। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़ सिटी थाना क्षेत्र में सूरतगढ़-श्रीगंगानगर एनएच 62 पर कार की टक्कर से घायल मजदूर को उसमें सवार लोग अस्पताल में भर्ती कराने की बजाय झाड़ियों में फेंक कर फरार हो गए, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार चक के 9 निवासी बिट्टूसिंह गुरुवार को सूरतगढ़ में मजदूरी करने के बाद रात आठ बजे पैदल गांव जा रहा था। श्रीगंगानगर एनएच 62 पर घग्गर पुल के पास कार ने टक्कर मार दी और बिट्टू को 60 फुट तक घसीटता ले गया। पीछे आ रहे वाहन के चालक ने ओवरटेक कर कार को रुकवाया। लोगों के कहने पर पंजाब नंबर वाली कार में सवार दोनों लोगों ने घायल को गाड़ी में डाला। घायल को वे अस्पताल के बजाय गांव की लिंक रोड पर झाड़ियों के पास फेंक कर भाग गए।

दुष्कर्म के आरोपियों को बीस वर्ष का कारावास

झुंझुनू। राजस्थान में झुंझुनू के यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो एक्ट) न्यायालय ने बालिका से दुष्कर्म करने के दो आरोपियों को शुक्रवार को 20-20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने संदीप कुमार और बहादुर को बालिका से दुष्कर्म करने का दोषी मानते हुये उन पर 65 और 50 हजार रुपये का जुर्माना भी किया। मामले के अनुसार 2020 में सिंघाना थाना क्षेत्र में दोनों आरोपी बालिका को वाहन से जयपुर ले गये। विरोध पर उन्होंने बालिका और उसके परिजनों को मारने की धमकी दी। वहां से लौटकर वे बालिका को बहादुर के गांव चारावास ले गये जहां एक विद्यालय में बालिका को डेढ़ महीने तक बंधक बनाये रखा। वहां से उसे अहमदाबाद ले गये। अहमदाबाद से जयपुर लौटने पर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

राष्ट्रीय

विधेयकों को मंजूरी देने में देरी पर जवाब-तलब

सुप्रीम कोर्ट ने केरल और प. बंगाल के राज्यपालों के अतिरिक्त मुख्य सचिवों को भेजा नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने केरल और पश्चिम बंगाल के राज्यपालों पर विधेयकों को मंजूरी देने में कथित देरी का आरोप लगाने वाली दोनों राज्य सरकारों की याचिकाओं पर राज्यपालों के अतिरिक्त मुख्य सचिवों को शुक्रवार को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने उन्हें तीन सप्ताह में विस्तृत जवाब देने का निर्देश दिया है।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने शुक्रवार को दोनों राज्य सरकारों की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद याचिकाओं पर विचार करने का फैसला करते हुए यह आदेश पारित किया। पीठ ने केरल और पश्चिम बंगाल सरकारों के अधिवक्ता केके वेणुगोपाल और एएम सिंघवी की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद कहा कि तीन सप्ताह में जवाब दाखिल किया जाए और राज्यों की ओर से एक संयुक्त नोट भी पेश किया जाए। वेणुगोपाल ने कहा कि अदालत को इस मुद्दे पर दिशा-निर्देश निर्धारित करने की आवश्यकता है कि राज्यपाल कब विधेयकों को वापस राष्ट्रपति के पास भेज सकते हैं।

उन्होंने दलील दी कि राज्यपाल को यह बताना चाहिए कि वे कब विधेयकों को मंजूरी देने से इनकार और कब राष्ट्रपति के पास भेज सकते हैं। विभिन्न राज्यपालों में इस बात का भ्रम है कि विधेयकों को मंजूरी देने के संबंध में उनकी क्या शक्तियां हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि केरल में मामले में 8 विधेयकों में से दो को 23 महीने तक लंबित रखा गया। एक को 15 महीने, दूसरे को 13 महीने और अन्य को 10 महीने तक लंबित रखा। पश्चिम बंगाल सरकार के वकील सिंघवी ने दलील दी कि जब भी अदालत मामले की सुनवाई करता है, तो कुछ विधेयकों को मंजूरी दे दी जाती है। तमिलनाडु मामले में भी यही हुआ। याचिका में सरकार ने केरल के राज्यपाल द्वारा भेजे 7 विधेयकों में से चार पर राष्ट्रपति की मंजूरी रोकने की कार्रवाई या पुनर्विचार को चुनौती दी है।

- पीठ ने दोनों सरकारों की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद पर विचार करने का लिया फैसला

सरकारों को ये हैं आरोप

केरल और पश्चिम बंगाल सरकारों ने कई विधेयकों को महीनों तक लंबित रखने, या तो उन्हें मंजूरी देने से इनकार करने या राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित रखने के दोनों राज्यपालों के फैसले को चुनौती देते हुए अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं।

केंद्र की जारी अधिसूचना संविधान का नहीं करती उल्लंघन : दिल्ली उच्च न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित करने संबंधी केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। देश में वर्ष 1975 में 25 जून को आपातकाल लागू किया गया था। याचिकाकर्ता ने कहा था कि यह निर्णय न केवल संविधान का उल्लंघन है, बल्कि अपमानजनक भी है, क्योंकि इसमें संविधान, जो एक जीवंत दस्तावेज है, उसके साथ हत्या शब्द का प्रयोग किया गया है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि केंद्र की 12 जुलाई को जारी अधिसूचना संविधान का उल्लंघन नहीं करती, क्योंकि यह आपातकाल की घोषणा के मुद्दे को चुनौती देने के लिए नहीं, बल्कि सत्ता एवं कानून के दुरुपयोग और उसके बाद हुई ज्यादतियों के खिलाफ जारी की गई है। याचिकाकर्ता समीर मलिक के वकील ने दलील दी कि 1975 में संविधान के अनुच्छेद 352 के अनुसार आपातकाल की घोषणा की गई थी और घोषणा के दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में घोषित करने का निर्णय अपमानजनक और संवैधानिक प्रावधानों के विपरीत है। उन्होंने दलील दी कि संविधान एक जीवंत दस्तावेज है जो कभी नष्ट नहीं हो सकता। वकील ने यह भी दलील दी कि संविधान हत्या दिवस की घोषणा राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम का भी उल्लंघन होगी। पीठ में न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि हत्या शब्द का इस्तेमाल इसी संदर्भ में किया गया है। यह संविधान का अपमान नहीं करता। अदालत ने कहा कि यह अधिसूचना किसी भी तरह से संविधान को कमजोर या अपमानित नहीं करती। यह याचिका विचार करने योग्य नहीं है।

- 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित किए जाने के खिलाफ दायर याचिका खारिज

एमएसपी कानून बनाने से सरकार का इनकार किसानों से धोखा : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने इसे भाजपा की किसान विरोधी मानसिकता का परिणाम बताया

कांग्रेस ने कहा है कि कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संसद में किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) कानून नहीं बनाने का ऐलान कर दिया है और यह मोदी सरकार का किसानों से धोखा है।

कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में कहा कि मोदी सरकार किसानों के लिए एमएसपी कानून नहीं बना रही है और इसकी घोषणा चौहान ने संसद में स्पष्ट रूप से कर दी है। उन्होंने इसे भाजपा की किसान विरोधी मानसिकता का परिणाम बताया और कहा कि उसकी यह मानसिकता आज उस समय सदन में देखने का मिली जब कृषि मंत्री ने किसानों के लिए एमएसपी कानून बनाने से साफ इंकार कर दिया। यह वही कृषि मंत्री हैं, जिन्होंने मंदरसौर में किसानों के खून से होली खेली थी। कांग्रेस नेता ने इस दिन को किसानों के लिए काला दिन करार दिया और कहा कि सरकार ने किसानों के लिए एमएसपी कानून बनाने से साफ इनकार कर देश के अन्नदाता के साथ धोखा किया है।

ठोस अपशिष्ट निपटान : स्थिति को दयनीय बताकर एमसीडी को कोर्ट ने लगाई फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- पर्यावरण मंत्रालय के सचिव को एमसीडी व दिल्ली सरकार की बैठक बुलाने के दिए थे निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को फटकार लगाते हुए शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के क्रियान्वयन की स्थिति दयनीय है। कोर्ट ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में ठोस अपशिष्ट के निपटान से संबंधित मामले की सुनवाई की।

कोर्ट ने कहा कि दिल्ली में प्रतिदिन 3,000 टन से अधिक ठोस अपशिष्ट अनुपचारित रह जाता है जो जनस्वास्थ्य के लिए आपात स्थिति का कारण बन सकता है। न्यायमूर्ति एएस ओका और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने कहा कि दिल्ली में रोजाना 11 हजार टन से अधिक ठोस अपशिष्ट पैदा होता है लेकिन एमसीडी की ओर से उपलब्ध कराए गए प्रसंस्करण संयंत्रों की दैनिक क्षमता केवल 8,073 टन है।

पीठ ने कहा कि हम न्यायमित्र से सहमत हैं कि इससे जनस्वास्थ्य के लिए आपात स्थिति पैदा हो सकती है। राष्ट्रीय राजधानी में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के क्रियान्वयन के मामले में स्थिति दयनीय है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के सचिव को निर्देश दिया कि वह इस मुद्दे का तत्काल समाधान निकालने के लिए एमसीडी और दिल्ली सरकार के अधिकारियों की बैठक बुलाएं। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए छह सितंबर की तारीख निर्धारित की।

मंडल आयोग पर राज्यसभा में हंगामा बैठक एक घंटे के लिए स्थगित

नई दिल्ली। मंडल आयोग के मुद्दे पर सत्ता पक्ष एवं विपक्ष की नोकझोंक से राज्यसभा की बैठक शुक्रवार को एक घंटे के लिए स्थगित कर दी गई। उच्च सदन में सपा नेता जावेद अली खान के निजी विधेयक पर चर्चा हो रही थी। इस दौरान कांग्रेस के नीरज डांगी मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू करने का जिक्र कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 1993 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव ने पिछड़े वर्गों के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण लागू किया था जिसे बाद में सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी। इसी दौरान भाजपा के कुछ सदस्यों ने डांगी की टिप्पणी का प्रतिकार किया। इसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया। सदन में हंगामे को देखते हुए पीठासीन अध्यक्ष एस फान्गनॉन कोन्याक ने अपराह्न तीन बजे सदन की कार्यवाही एक घंटे के लिए स्थगित कर दी। खान का निजी विधेयक आबादी के अनुपात में आरक्षण मुहैया कराने के प्रावधान से संबंधित है।

महुआ की याचिका पर पुलिस से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा की उस याचिका पर दिल्ली पुलिस से जवाब तलब किया है जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख पर कथित अपमानजनक टिप्पणी के लिए अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद करने का अनुरोध किया था।

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने याचिका पर पुलिस को नोटिस जारी किया और चार सप्ताह में रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने याचिका में चुनौती दी गई प्राथमिकी की वैधता पर सुनवाई करने के लिए मामले को छह नवंबर के लिए सूचीबद्ध किया है। पुलिस ने इस महीने मोइत्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। मोइत्रा ने एक्स पर पोस्ट की उस वीडियो पर टिप्पणी की थी, जिसमें राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा 4 जुलाई को उत्तर प्रदेश के हाथरस में भगदड़ के बाद घटनास्थल पर जाते हुए नजर आई थीं। मोइत्रा ने बाद में एक्स से वह पोस्ट हटा दी थी। मोइत्रा की अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह को पुलिस की ओर से प्राथमिकी की प्रति सौंपी गई। प्राथमिकी में बताया गया कि एनसीडब्ल्यू ने मोइत्रा की कथित अपमानजनक टिप्पणी का स्वतः संज्ञान लिया और आयोग की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई।

- महिला आयोग की प्रमुख पर टिप्पणी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद करने के अनुरोध पर कोर्ट ने की सुनवाई

केजरीवाल से राजनीतिक कैदी जैसा व्यवहार : आप

नई दिल्ली। आप ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ राजनीतिक कैदी जैसा व्यवहार किया जा रहा है। पार्टी ने इस बात पर जोर दिया कि केजरीवाल का शर्करा स्तर तीन जून से सात जुलाई के बीच 34 बार गिरा और 50 तक पहुंच गया। पार्टी के राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि केजरीवाल साजिश का शिकार हुए हैं। केजरीवाल एक राजनीतिक कैदी हैं। हर कोई जानता है कि तानाशाही ने राजनीतिक कैदियों के साथ कैसा व्यवहार किया है।

कानून के अनुरूप बयान दे सकती हैं ममता बनर्जी

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राज्यपाल सीवी आनंद बोस के बारे में बयान दे सकती हैं, बशर्ते वे कानून के अनुरूप हों। बनर्जी और टीएमसी नेता कुणाल घोष ने एकल पीठ के आदेश को चुनौती देते हुए खंडपीठ के समक्ष अपील दायर की, जिसमें बोस के खिलाफ कोई गलत बयान नहीं देने का निर्देश दिया गया था।

न्यायमूर्ति आईपी मुखर्जी और न्यायमूर्ति बिस्वरूप चौधरी की खंडपीठ ने निर्देश दिया कि बनर्जी और घोष राज्यपाल के संबंध में बयान देने के लिए स्वतंत्र होंगे, बशर्ते वे कानून के अनुरूप हों और मानहानिकारक न हों। इस मामले पर न्यायमूर्ति कृष्ण राव की पीठ ने 14 अगस्त तक लागू आदेश में बनर्जी, घोष और टीएमसी के दो विधायकों को राज्यपाल के विरुद्ध गलत बयान नहीं देने का निर्देश दिया था।

कांवड़ यात्रा में विधायक ने लहराई तलवार, कांग्रेस ने कहा- मामला दर्ज हो

इंदौर (मप्र)। भाजपा विधायक राकेश गोलू शुक्ला ने शुक्रवार को कांवड़ यात्रा के दौरान मंच पर भेंट की तलवार कथित तौर पर सरेआम लहराई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद कांग्रेस ने विधायक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शुक्ला की अगुवाई में निकल रही बाणेश्वरी कांवड़ यात्रा के दौरान राजबाड़ा क्षेत्र में मंच लगाया गया था। विधायक को कुछ लोगों ने तलवार भेंट की जिसे उन्होंने म्यान से निकालकर सरेआम लहरा दिया।

पहले दिन भारत के मुकाबले

बैडमिंटन : पुरुष एकल ग्रुप मैच : लक्ष्य सेन बनाम केविन कॉर्डन (ग्वाटेमाला) (शाम 7 :10 बजे)

पुरुष युगल ग्रुप मैच : सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी एवं चिराग शेट्टी बनाम लुकास कोर्वी एवं रोनन लाबर (फ्रांस) (रात आठ बजे)

महिला युगल ग्रुप मैच : अश्विनी पोनप्पा एवं तनीषा क्रास्टो बनाम किम सो येओंग एवं कोंग ही योंग (कोरिया) (रात 11 :50 बजे)

मुक्केबाजी : महिलाओं के 54 किग्रा शुरुआती दौर का मुकाबला : प्रीति पवार बनाम थी किम अन्ह वो (वियतनाम) (रात 12 :05 बजे)

हॉकी : पूल बी मैच : भारत बनाम न्यूजीलैंड (रात नौ बजे)

नौकायन : पुरुष एकल स्कल्स : पंवार बलराज (दोपहर 12 :30 बजे)

टेबल टेनिस : पुरुष एकल पहला दौर : हरमीत देसाई बनाम जैद अबो (यमन) (शाम 7 :15 बजे)

टेनिस : पुरुष युगल के पहले दौर का मैच : रोहन बोपन्ना एवं एन श्रीराम बालाजी बनाम एडवर्ड रोजर-वैसलीन और फैबियन रेबौल (फ्रांस) (दोपहर 03 :30 बजे)

निशानेबाजी :

10 मीटर मिश्रित टीम क्वालिफिकेशन : संदीप सिंह / इलावेनिल वालारिवन, अर्जुन बबूता/ रमिता जिंदल (दोपहर 12 :30 बजे)

10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष क्वालिफिकेशन : अर्जुन सिंह चीमा और सरबजोत सिंह (दोपहर दो बजे)

10 मीटर एयर पिस्टल महिला क्वालिफिकेशन : मनु भाकर और रिदम सांगवान (शाम चार बजे)

भारतीय हॉकी टीम बस अपना स्वाभाविक खेल दिखाए : हरेंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

कॅरियर की शुरूआत से अब तक के उनके सफर को करीब से देखने वाले अनुभवी कोच हरेंद्र सिंह का मानना है कि भारतीय हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक में पदक की प्रबल दावेदार है। उनकी टीम को एक ही सलाह है, बस अपना स्वाभाविक खेल दिखाओ। अप्रैल 2024 में भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच बनने के बाद भाषा को दिए पहले इंटरव्यू में हरेंद्र ने कहा, मैं उन्हें यही सलाह दूंगा कि अपना स्वाभाविक खेल दिखाओ। भारतीय टीम पदक जीतने में सक्षम है। मैं पदक के रंग को लेकर कयास नहीं लगाऊंगा लेकिन पदक मिलेगा और यह मैं सिर्फ इसलिए नहीं कह रहा हूं क्योंकि मैं भारतीय हूं।

उन्होंने कहा भारत के पास अच्छी फॉरवर्ड लाइन है, शानदार मिडफील्डर और गोलकीपर पी आर श्रीजेश के रूप में भारतीय हॉकी की दीवार है। इसके अलावा हरमनप्रीत जैसा कूल कप्तान है। अमेरिका की पुरुष टीम के मुख्य कोच रहे 55 वर्ष के हरेंद्र ने कहा क्रेग फुल्टोन शानदार कोच हैं और ओलंपिक पदक विजेता रह चुके हैं। उन्हें पता है कि चैम्पियन टीम बनने के लिए क्या चाहिए और दबाव के हालात से कैसे निपटना है।

● अनुभवी कोच बोले- भारतीय हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक में पदक की प्रबल दावेदार

उन्हें यूरोपीय और भारतीय हॉकी का काफी अनुभव है। द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त हरेंद्र 2000 सिडनी ओलंपिक, 2005 जूनियर विश्व कप, 2006 विश्व कप, 2006 एशियाई खेल, 2009 एशिया कप और 2010 पुरूष हॉकी विश्व कप में विभिन्न भूमिकाओं में भारत की सीनियर और जूनियर टीमों के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा रह चुके हैं । वह 2016 में लखनऊ में जूनियर विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के कोच थे।

पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम के कप्तान हरमनप्रीत 2016 की जूनियर टीम का हिस्सा थे। हरेंद्र ने 2015 में ही भविष्यवाणी कर दी थी कि एक दिन वह भारत के कप्तान बनेंगे। 1990 एशियाई खेलों के पदक विजेता ने कहा हरमनप्रीत शानदार कप्तान है। मैंने अक्टूबर 2015 में जोहोर कप के लिए जूनियर टीम की रवानगी से पहले दिल्ली में ध्यानचंद स्टेडियम पर कहा था कि अगर वह अपने प्रदर्शन में सुधार करता रहा और यूं ही सहज भाव से खेलता रहा तो एक दिन भारत का कप्तान बनेगा।

2017 में एशिया कप जीतने वाली भारतीय महिला टीम के कोच रहे हरेंद्र ने कहा उसकी सबसे अच्छी बात यह है कि वह हर परिस्थिति में शांतचित्त रहता है। यह उसकी ताकत है और यह अच्छे फैसले लेने में उसकी मदद करती है। यही वजह है कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैग फ्लिकरों में से है। अपना चौथा और आखिरी ओलंपिक खेल रहे श्रीजेश के बारे में उन्होंने कहा कि वह हॉकी ही नहीं सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा वो मेरा जांगू (श्रीजेश का प्यार से बुलाया जाने वाला नाम) है। पेरिस में पदक उसे सैल्यूट होगा।

तीसरे पदक पर सिंधु की नजर

दो ओलंपिक में रजत और कांस्य पदक जीता था, सात्विक और चिराग की निगाह स्वर्ण पर

पेरिस, एजेंसी

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ओलंपिक में शनिवार से शुरू होने वाली बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरुष युगल में स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी जबकि पीवी सिंधु लगातार तीसरा पदक जीत कर भारतीय खेलों में नया इतिहास रचने की कोशिश करेगी। सिंधु ने पिछले दो ओलंपिक खेलों में रजत और कांस्य पदक जीता था तथा पेरिस में हैट्रिक पूरी करने के लिए उन्हें बड़ी प्रतियोगिताओं में खेलने के अपने अनुभव का अच्छी तरह से इस्तेमाल करना होगा। जहां तक सात्विक और चिराग का सवाल है तो पेरिस उनके लिए भाग्यशाली साबित हुआ है। उन्होंने इस साल फ्रेंच ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीता था। अश्विनी पोनप्पा के लिए यह अंतिम ओलंपिक हो सकता है। वह महिला युगल में तनीषा क्रैस्टो के साथ मिलकर भारतीय चुनौती पेश करेगी।

पुरुष एकल में एचएस प्रणय और लक्ष्य से भी पहली बार ओलंपिक खेलों में अपनी चुनौती पेश करेंगे। इन दोनों में से हालांकि एक ही पदक जीत सकता है क्योंकि ग्रुप चरण से आगे बढ़ने पर प्री क्वार्टर फाइनल में यह दोनों खिलाड़ी आमने-सामने होंगे। पुरुष युगल में सात्विक और चिराग ने शानदार प्रदर्शन किया। इस साल वह चार प्रतियोगिताओं के फाइनल में पहुंचे हैं और उन्होंने दो खिताब जीते हैं। सात्विक और चिराग को तीसरी वरीयता दी गई है। उन्हें इंडोनेशिया के मौजूदा ऑल इंग्लैंड चैंपियन फजर अल्फियन और मुहम्मद रियान अर्दिआंतो, जर्मनी के मार्क लैम्सफस और मार्विन सेडेल तथा फ्रांस के लुकास कोरवी और रोनन लाबार के साथ ग्रुप सी में रखा गया है। ओलंपिक से पहले सिंधु की फॉर्म अच्छी नहीं रही है लेकिन उन्होंने प्रकाश पादुकोण की निगरानी में पिछले कुछ महीनो से कड़ा अभ्यास किया है और वह ओलंपिक पदक की हैट्रिक पूरी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

बोले विजेंदर

खेल महाशक्ति बनने को और नायकों की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

मुक्केबाज से नेता बने विजेंदर सिंह का मानना है कि अगर भारत को 2047 तक खेल महाशक्ति बनना है तो उसे क्रिकेट से इतर और नायकों की जरूरत है जो भावी पीढ़ियों को प्रेरित कर सकें। पूर्व ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता विजेंदर का मानना है कि ये नायक ज्यादा से ज्यादा युवाओं को खेल को पेशे के तौर पर अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

भाजपा नेता विजेंदर ने पीटीआई के मुख्यालय में संपादकों से बातचीत में यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार का 2047 तक भारत को खेल महाशक्ति बनाने का लक्ष्य यथार्थवादी है तो उन्होंने कहा, हमें इस संस्कृति में बदलाव के लिए नायक बनाने होंगे। उन्होंने तोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक स्पर्धा के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा का जिक्र करते हुए कहा, पिछले कुछ साल में

● कहा- खेल के बुनियादी ढांचे में सुधार करना महत्वपूर्ण

हमारे युवाओं, विशेषकर ग्रामीण इलाकों के युवाओं में अच्छा प्रदर्शन करने की भूख बढ़ती जा रही है। जब वे नीरज चोपड़ा को देखते हैं तो वे उनके जैसा बनना चाहते हैं। वे वह सब कुछ पाना चाहते हैं जो उनके पास है और यही उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

विजेंदर ने कहा, जब मैंने शुरुआत की थी तो मैं केवल एक सरकारी नौकरी चाहता था। लेकिन आज एथलीट और अधिक चाहते हैं। भिवानी के इस मुक्केबाज ने यह भी कहा कि समग्र प्रगति सुनिश्चित करने के लिए देश के खेल बुनियादी ढांचे में सुधार महत्वपूर्ण है।

खेल डायरी

सबसे युवा भारतीय अधिकारी होंगे साइ अशोक

नई दिल्ली। भारत के पूर्व अंतर्राष्टीय मुक्केबाज के साइ अशोक पेरिस ओलंपिक में भारत के सबसे युवा अधिकारी होंगे जिन्हें शुक्रवार से शुरू हो रहे खेलों में रेफरी जज बनाया गया है। 32 वर्ष के अशोक 1904 के बाद चौथे भारतीय हैं जो ओलंपिक में अधिकारी होंगे। पुणे के सैन्य खेल संस्थान में मुक्केबाजी प्रशासक के तौर पर काम करने वाले अशोक विश्व सैन्य मुक्केबाजी परिषद के अध्यक्ष बनने वाले पहले भारतीय भी रहे।

इराक का जूडोका डोपिंग जांच में पॉजिटिव मिला

पेरिस। पेरिस ओलंपिक में डोपिंग के पहले मामले में इराक के एक पुरुष जूडोका को दो प्रतिबंधित पदार्थ (एनाबॉलिक स्टेरॉयड) के इस्तेमाल के लिए पॉजिटिव पाया गया है। अंतर्राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने शुक्रवार को बताया कि 28 साल के सज्जाद सेहेन के नमूने की जांच में प्रतिबंधित पदार्थ मेटांडिएनोन और बोल्डनोन पॉजिटिव पाया गया है। इस खिलाड़ी को मंगलवार को प्रतिस्पर्धा करनी थी। आईटीए ने कहा कि अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है।

टेबल टेनिसः अभियान की शुरुआत करेंगे हरमीत

पेरिस। भारतीय टेबल टेनिस (टेटे) खिलाड़ी हरमीत देसाई शनिवार को पेरिस ओलंपिक स्पर्धा के प्रारंभिक दौर में जॉर्डन के जैद अबो यमन के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता मनिका महिला एकल में ग्रेट ब्रिटेन की अन्ना हर्से से भिड़ेंगी। शरत कमल के सामने स्लोवेनिया की डेनी कोजुल की चुनौती होगी, जबकि 16वीं वरीयता प्राप्त 25 वर्षीय श्रीजा स्वीडन की खिलाड़ी क्रिस्टीना कालबर्ग के खिलाफ 28 जुलाई को अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

पहले दिन ही कोर्ट पर उतरेंगे नडाल जोकोविच और कार्लोस अल्काराज

पेरिस, एजेंसी

● जोकोविच पुरुष एकल जबकि नडाल युगल और अल्काराज दोनों में प्रतिस्पर्धा करेंगे

नोवाक जोकोविच, राफेल नडाल और कार्लोस अल्काराज तीनों ही ओलंपिक खेलों की टेनिस प्रतियोगिता के पहले दिन शनिवार को यहां रोलां गैरा में कोर्ट पर उतरेंगे। सर्बिया के जोकोविच पहले दिन पुरुष एकल में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे जबकि नडाल युगल में और अल्काराज दोनों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। नडाल और अल्काराज स्पेन की पुरुष युगल टीम में शामिल हैं और उन्होंने यहां जोड़ी बनाई है। उनका पहला मुकाबला अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेज और एंड्रेस मोल्टेनी से होगा।

नडाल एकल में पहला मैच रविवार को हंगरी के मार्टन फुकसोविक्स के खिलाफ खेलेंगे। नडाल ने 2008 में एकल और 2016 में युगल में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था लेकिन जोकोविच अभी तक ओलंपिक चैंपियन नहीं बन पाए हैं। कॅरियर में रिकॉर्ड 24 ग्रैंडस्लैम जीतने वाले और बीजिंग ओलंपिक 2008 के कांस्य पदक विजेता जोकोविच ने कहा, ओलंपिक से बहुत सारी उम्मीदें हैं तथा इसे नहीं बदल सकता और इसे बदलना भी नहीं चाहता हूं। इनसे मुझे सर्वश्रेष्ठ करने की प्रेरणा मिलती है।

अमेरिका और कनाडा ने जीते अपने मैच

नीस (फ्रांस)। मैलोरी स्वानसन ने पहले हाफ में 70 सेकंड के अंतराल में दो गोल किए, जिससे अमेरिका ने जाम्बिया को 3-0 से हराकर ओलंपिक खेलों की महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में शानदार शुरुआत की। अमेरिका का अगला मुकाबला रविवार को जर्मनी से होगा।

एक अन्य मैच में एवलिन विएन्स ने 79वें मिनट में गोल करके मौजूदा ओलंपिक चैंपियन कनाडा को न्यूजीलैंड पर 2-1 से जीत दिलाई। मैकेंज़ी बैरी ने 13वें मिनट में गोल करके न्यूजीलैंड को शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन क्लो लैकासे ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में कनाडा को बराबरी दिला दी थी। एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करके न्यूजीलैंड को 2-1 से हराया।

सीन नदी पर पेरिस ओलंपिक का भव्य उद्घाटन

पेरिस, एजेंसी

फ्रांस की राजधानी पेरिस में शुक्रवार को सीन नदी पर फव्वारों की बौछारों के बीच ओलंपिक खेलों के भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान नावों पर विभिन्न देशों के खिलाड़ी रंग-बिरंगी पेशाकों में अपने राष्ट्रीय ध्वज को लहराते हुये देखे गये। यह ओलंपिक खेलों के इतिहास में पहली बार उद्घाटन समारोह किसी स्टेडियम के बजाय किसी नदी में आयोजित किया गया।

शुक्रवार को ओलंपिक खेलों का आयोजन आधुनिक तरीके से और एक अलग अंदाज में हुआ। इस दौरान सीन नदी के किनारे कलाकर अपने हुनर का प्रदर्शन तथा संगीतकार अपने वाद्ययंत्रों के सुरों से लोगों का ध्यान आकर्षित करते दिखे। समारोह के समय लाखों की संख्या में दर्शक एथलीटों की हौसलाअफजाई कर रहे थे। फ्रांसीसी थिएटर निर्देशक और अभिनेता थॉमस जॉली की देखरेख में आयोजित अनोखे समारोह में सभी राष्ट्रों की पारंपरिक परेड सीन नदी में करीब 100 नावों पर 10 हजार से अधिक एथलीटों ने यात्रा की इस दौरान नाव नोट्रे डेम, पोंट डेस आर्ट्स, पोंट नेफ और अन्य सहित पेरिस के कुछ प्रतिष्ठित स्थलों से गुजरी। फ्लोटिंग परेड जार्डिन डेस प्लांटेस के बगल में ऑस्टरलिट्ज़ पुल से होते हुये ट्रोकैडेरो में समाप्त हुई।

शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह के दौरान सीन नदी के किनारे मौजूद दर्शक। ● एजेंसी

● ओलंपिक खेलों के इतिहास में पहली बार उद्घाटन समारोह नदी में आयोजित किया गया

बांग्लादेश को हराकर भारत फाइनल में

महिला टी20 एशिया कप

दाम्बुला, एजेंसी

● स्मृति और शेफाली वर्मा ने भारत को 10 विकेट से दिलाई जीत

● रेणुका सिंह और राधा यादव ने तीन-तीन विकेट झटके



तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और राधा यादव ने तीन-तीन विकेट चटकाकर बांग्लादेश की पारी को झकझोरा तो वहीं सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने ताबड़तोड़ नाबाद अर्धशतकीय पारी खेलकर महिला टी20 एशिया कप के सेमीफाइनल में भारत को 10 विकेट की शानदार जीत दिलायी। भारत ने बांग्लादेश को आठ विकेट पर 80 रन पर रोकने के बाद 11 ओवर में बिना किसी नुकसान के 83 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की। मंधाना ने 39 गेंद में नौ चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 55 और शेफाली वर्मा ने 28 गेंद में दो चौके की मदद से नाबाद 26 रन का योगदान दिया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए मंधाना और शेफाली ने मैदान के चारों ओर मन मुताबिक शॉट लगाये। भारत की जीत पर लगभग उसी समय मुहर लग गयी थी जब गेंदबाजों ने बांग्लादेश को महज 80 रन पर रोक दिया था।

प्लेयर ऑफ द मैच रेणुका को स्पिनर राधा यादव (14 रन पर तीन विकेट) का शानदार साथ मिला। रेणुका ने पारी की शुरुआत में लगातार चार ओवर डालते हुए 10 रन देकर तीन विकेट चटकाये। उन्होंने बांग्लादेश के शीर्ष क्रम को झकझोरा तो वहीं राधा ने मध्यक्रम के बल्लेबाजों को अपनी फिरकी पर नचाया। बांग्लादेश के लिए कप्तान निगार सुल्ताना ने 51 गेंद में 32 जबकि शोर्ना अख्तर ने नाबाद 19 रन का योगदान दिया। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 36 रन की साझेदारी कर टीम को मुश्किल स्थिति से बाहर निकाला। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था।

श्रीलंका ने पाकिस्तान को सेमीफाइनल में हराया

दांबुला। कप्तान चामारी अट्टापटू (63) रनों की शानदार पारी की बदौलत श्रीलंका ने शुक्रवार को महिला एशिया कप के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में पाकिस्तान को तीन विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। जहां रविवार को भारतीय टीम के साथ उसकी खिताबी भिड़ंत होगी। 141 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 19 रन पर अपने दो विकेट गवां दिए। कविशा दिलहारी ने कप्तान अट्टापटू के साथ पारी को संभाला। इससे पहले श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मुनीबा अली (37) और गुल फिरोजा (25) रनों की पारियों के दम पर पाकिस्तान ने श्रीलंका को दिया 141 रनों का लक्ष्य दिया।

दबदबा बनाने उतरेगी टीम इंडिया

पालेकल (श्रीलंका)। गौतम गंभीर और सूर्यकुमार यादव की नवनियुक्त कोच और कप्तान की जोड़ी के साथ भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाली तीन टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला में अपनी विशेष छाप छोड़ने की कोशिश करेगी। दो बार के विश्व कप विजेता गंभीर मुख्य कोच के रूप में जबकि टी20 के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक सूर्यकुमार खेल के इस छोटे प्रारूप में कप्तान के रूप में अपनी नई पारी शुरू करेंगे। अगला टी20 विश्व कप 2026 में भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा तथा चयनकर्ताओं के पास उसके लिए टीम तैयार करने के लिए अभी काफी समय है। जहां तक श्रीलंका की बात है तो वह तेज गेंदबाजी विभाग में कमजोर नजर आता है क्योंकि उसके दो अनुभवी गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा (ब्रोंकाइटिस और श्वसन संक्रमण) और नुवान तुषारा (उंगली में फ्रैक्चर) श्रृंखला से बाहर हो गए हैं।

नए विचार लाएंगे गंभीर: शास्त्री

दुबई, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रवि शास्त्री ने राष्ट्रीय टीम के नये कोच गौतम गंभीर के सफल होने की उम्मीद जताते हुए कहा कि वह एक समकालीन कोच हैं, जिन्होंने अपेक्षाकृत परिपक्व और सुलझी हुई टीम की बागडोर संभाली है। भारत के पूर्व कोच शास्त्री का मानना है कि 42 वर्षीय गंभीर अपनी नई भूमिका में तत्काल प्रभाव डाल सकते हैं क्योंकि वह कई खिलाड़ियों के साथ खेल चुके हैं और उनका मार्गदर्शन कर चुके हैं। वह पहले से ही टीम करीब हैं।

वामहस्त सलामी बल्लेबाज रहे गंभीर ने इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपर जायंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए मेंटोर (मार्गदर्शक) की भूमिका निभाई है। शास्त्री ने कहा, वह (गंभीर) समकालीन हैं, आईपीएल में उनका सत्र बहुत अच्छा रहा था। मुझे लगता है कि वह सही उम्र है जहां वह युवा है, वह नए विचारों के साथ आएगा।

● भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ने नए कोच गौतम गंभीर के सफल होने की उम्मीद जताई

वह आईपीएल टीमों का हिस्सा रहा है ऐसे में खासकर सफेद गेंद प्रारूप के ज्यादातर खिलाड़ियों को जानता हैं। इसलिए मुझे लगता है कि वह टीम में नयापन लेकर आयेगा। उन्होंने कहा, हम गौतम को जानते हैं, उसे अनुशासन पसंद है। उसके भी अपने विचार होंगे। उसके लिए यह अच्छी बात है कि उसके पास एक परिपक्व टीम है। उनके पास एक सुलझी हुई टीम है। मुझे लगता है कि भले ही आप सोचते हों कि आप परिपक्व हैं, आपको कुछ नए विचारों से फायदा हो सकता है। इसलिए मुझे लगता है कि यह दिलचस्प समय होगा।

शास्त्री का मानना है कि खिलाड़ियों, खासकर गेंदबाजों का कार्यभार प्रबंधन गंभीर के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने कहा, जाहिर तौर पर, एक कोच के रूप में खिलाड़ी प्रबंधन महत्वपूर्ण हो जाता है। इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि वह कैसे आगे बढ़ता है। मुझे लगता है कि उसके पास इसका तरीका और अनुभव है।

भारत के कोच के रूप में गंभीर का पहला कार्यभार श्रीलंका में सफेद गेंद की श्रृंखला है जो शनिवार को पल्लेकेले में तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के साथ शुरू होगी। पिछले महीने की टी20 विश्व कप जीत के बाद दिग्गज रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा के सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास लेने के कारण गंभीर को इन खिलाड़ियों का विकल्प ढूंढना होगा। शास्त्री ने कहा, वहां बहुत सारे खिलाड़ी हैं और यह सिर्फ यह सही मिश्रण पाने के बारे में है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

शिखर पर तिरंगा

भारतीय सशस्त्र बलों का प्रतिनिधित्व करने वाली दो टीमों ने अंतर्राष्ट्रीय सैन्य खेल परिषदके तीसरे शांति के लिए चढ़ाई कार्यक्रम के दौरान यूरोप के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट एल्ब्रस के शिखर पर तिरंगा फहराया।

बाइडेन भारत में क्वाड सम्मेलन में शामिल होने के लिए प्रतिबद्ध : किर्बी

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने कहा है कि जो बाइडेन भारत में इस साल होने वाले क्वाड देशों के नेताओं के वार्षिक शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने कहा अभी कैलेंडर पर कुछ भी निर्धारित नहीं किया गया है। क्वाड बाइडेन की पहल है और ऑस्ट्रेलिया, जापान, भारत एवं अमेरिका इसके सदस्य देश हैं। बाइडेन ने वर्ष 2020 में राष्ट्रपति के तौर पर अपने कार्यकाल के शुरुआती 100 दिन में क्वाड देशों के नेताओं का एक ऑनलाइन शिखर सम्मेलन आयोजित किया था। तब से सभी देश बारी-बारी से सम्मेलन आयोजित करते रहे हैं।

जयशंकर ने कहा- भारत की एक्ट ईस्ट नीति और हिन्द-प्रशांत दृष्टिकोण का आधार है आसियान

आसियान को आर्थिक व सुरक्षा सहयोग के लिए प्रतिबद्ध

वियनतियान। विदेश मंत्री जयशंकर ने दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के साथ राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा सहयोग बढ़ाने को भारत की प्राथमिकता बताते हुए शुक्रवार को कहा कि यह 10 सदस्यीय प्रभावशाली क्षेत्रीय समूह भारत की एक्ट ईस्ट नीति और हिन्द-प्रशांत दृष्टिकोण की आधारशिला है।

जयशंकर आसियान की बैठकों में भाग लेने के लिए लाओस की राजधानी में हैं। उन्होंने आसियान-भारत विदेश मंत्रियों की बैठक के उद्घाटन सत्र में अपने संबोधन के दौरान कहा कि भारत आसियान और ईएएस (पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन) मंचों को जो प्राथमिकता देता है, वह पिछले साल नयी दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जकार्ता की यात्रा किए जाने से स्पष्ट है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 12 सूत्री योजना की घोषणा की थी, जिस पर बड़े पैमाने पर अमल किया गया है। भारत के लिए आसियान उसकी एक्ट इंडिया नीति और उसके हिन्द-प्रशांत दृष्टिकोण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि आसियान के साथ वर्तमान राजनीतिक, आर्थिक एवं सुरक्षा सहयोग और लोगों के बीच संपर्क सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसे हम विस्तार देने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

आसियान की बैठक के लिए जाते विदेश मंत्री जयशंकर। ● एजेंसी

अध्यक्षता करने के लिए लाओस को दी बधाई

जयशंकर ने कहा मैं आसियान की अध्यक्षता करने के लिए लाओस को बधाई देता हूं और उसकी अध्यक्षता को सफल बनाने के लिए अपना पूरा समर्थन देता हूं। उन्होंने आसियान-भारत कार्य योजना के अंतर्गत चिह्नित ठोस सहयोग के माध्यम से आसियान-भारत संबंधों को मजबूत बनाने के लिए सभी सदस्यों की सराहना की। भावी समन्वयक देश के रूप में फिलीपींस का स्वागत है। डिजिटल, रक्षा, समुद्री, संपर्क सुविधा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और पारंपरिक चिकित्सा और सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण भारत-आसियान सहयोग के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्र बने रहेंगे।

एक नजर

पापुआ न्यू गिनी में 26 ग्रामीणों की हत्या

मेलबर्न। संयुक्त राष्ट्र और पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पापुआ न्यू गिनी के उत्तरी हिस्से में दूर दराज के तीन गांवों में एक गिरोह के हाथों कम से कम 26 लोगों के मारे जाने की खबर है। दक्षिण प्रशांत द्वीप राष्ट्र के ईस्ट सेपिक प्रांत के कार्यवाहक प्रांतीय पुलिस कमांडर जेम्स बाउगेन ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्प को बताया घटना बहुत भयावह थी। रात में कुछ शवों को पास के दलदल के मगरमच्छों ने निवाला बना लिया।

श्रीलंका में 21 सितंबर को होगा राष्ट्रपति चुनाव

कोलंबो। श्रीलंका के चुनाव आयोग ने शुक्रवार को घोषणा किया कि देश में राष्ट्रपति चुनाव 21 सितंबर को होगा। इस संबंध में जारी गजट अधिसूचना के अनुसार, चुनाव आयोग ने राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामांकन की तारीख 15 अगस्त घोषित की है।

द. अफ्रीका में पहली महिला प्रधान न्यायाधीश नियुक्त

केपटाउन। दक्षिण अफ्रीका में पहली बार किसी महिला को प्रधान न्यायाधीश के पद पर नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने वर्तमान उप प्रधान न्यायाधीश मंडिसा माया को प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया। पद पर माया का कार्यकाल एक सितंबर से प्रारंभ होगा। वह मौजूदा प्रधान न्यायाधीश रेमंड जोंडो के सेवानिवृत्त होने के बाद उनका स्थान लेंगी।

राष्ट्रपति चुनाव के लिए तीन प्रत्याशी को मंजूरी

अल्जीयर्स। नेशनल इंडिपेंडेंट अथॉरिटी फॉर इलेक्शन (एएनआईई) ने देश में 7 सितंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए तीन लोगों के उम्मीदवारी अनुरोधों को मान्य किया है। यह जानकारी राज्य संचालित टेलीविजन ईएनटीवी ने गुरुवार को दी। रिपोर्ट के अनुसार, एएनआईई के प्रमुख मोहम्मद चोर्फी ने सितंबर में होने वाले चुनावों के लिए उम्मीदवारों की सूची की जानकारी देने के लिए एक प्रेस वार्ता की।

ओलंपिक से पहले फ्रांस में तोड़फोड़

कई जगह आगजनी कर रेल नेटवर्क को बनाया निशाना, पेरिस नहीं पहुंच पाए हजारों खेल प्रेमी

पेरिस, एजेंसी

ओलंपिक खेलों के भव्य उद्घाटन समारोह से कुछ घंटे पहले फ्रांस के हाई-स्पीड रेल नेटवर्क को निशाना बनाकर की गई तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं से देश तथा यूरोप के विभिन्न हिस्सों से राजधानी पेरिस तक संचालित की जाने वाली ट्रेन सेवा शुक्रवार को प्रभावित हुई। फ्रांसीसी अधिकारियों ने इन हमलों को आपराधिक कृत्य करार दिया। उन्होंने कहा कि वे इस बात की जांच कर रहे हैं कि कहीं इन हमलों का संबंध ओलंपिक खेलों से तो नहीं।

अधिकारियों के मुताबिक ओलंपिक खेलों के मद्देनजर पूरी दुनिया की नजरें पेरिस पर थीं, ऐसे में इन हमलों से अकेले शुक्रवार को ढाई लाख यात्रियों के प्रभावित होने की आशंका है। रेल लाइनों पर तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं से ट्रेन परिचालन सप्ताहांत और इससे अधिक समय तक प्रभावित रहने की आशंका है। फ्रांस के परिवहन मंत्री पैट्रिस वर्गीते ने बताया कि जिन जगहों पर आगजनी की घटनाएं हुईं, वहां से लोगों को भागते देखा गया और इन स्थानों पर आग लगाने के लिए इस्तेमाल चीजें भी बरामद की गईं। वर्गीते ने कहा हर चीज इंगित करती है कि ये आपराधिक घटनाएं हैं।

पेरिस में ट्रेन नहीं जाने के कारण स्टेशन पर जमा भीड़। ● एजेंसी

ट्रेन प्रभावित होने से स्टेशन यात्रियों से खचाखच भरे

पेरिस। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में मॉन्टपर्नासे स्टेशन का हॉल यात्रियों से खचाखच भरा हुआ देखा जा सकता है। पुलिस प्रमुख लॉरेंट नुनेज ने फ्रांस इन्फो टेलीविजन को बताया कि टीजीवी हाई-स्पीड नेटवर्क पर ट्रेन परिचालन ठप करने के लिए बड़े पैमाने पर किए गए हमलों के बाद पेरिस पुलिस ने अपने कर्मियों को पेरिस के रेलवे स्टेशनों की ओर भेज दिया।

रेल पटरियों पर आगजनी का मकसद पेरिस जाने वाली ट्रेनों को रोकना : प्रधानमंत्री

पेरिस। फ्रांस के प्रधानमंत्री गेब्रियल अट्टल ने कहा कि ओलंपिक की पूर्व संध्या पर तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं ने देश के मुख्य हिस्सों में फैले हाई स्पीड रेल नेटवर्क को बुरी तरह प्रभावित किया है और इसका मकसद सिर्फ और सिर्फ हाई स्पीड ट्रेन नेटवर्क को बाधित करना था। ओलंपिक के उद्घाटन समारोह से महज कुछ घंटों पहले पेरिस की ओर जाने वाले उत्तर, पूर्व और पश्चिम के मुख्य मार्गों को चरणबद्ध तरीके से निशाना बनाया गया। अट्टल ने कहा कि इन घटनाओं के गंभीर परिणाम होंगे क्योंकि हजारों लोग ओलंपिक या छुट्टियों के लिए पेरिस जाने की कोशिश करते समय बीच रास्ते में ही फंस जाएंगे।

ओबामा ने उम्मीदवार के रूप में कमला हैरिस का किया समर्थन

वाशिंगटन। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा ने राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार के रूप में कमला हैरिस का समर्थन किया और कहा कि वह अमेरिका की एक शानदार राष्ट्रपति साबित होंगी। ओबामा ने हैरिस से कहा नवम्बर में होने वाले चुनाव में आपको जीत दिलाने के लिए हम हरसंभव प्रयास करेंगे।

इस तरह उपराष्ट्रपति हैरिस को देश के दो सबसे लोकप्रिय डेमोक्रेट का महत्वपूर्ण समर्थन प्राप्त हो गया है। राष्ट्रपति जो बाइडेन के राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ से बाहर होने के कुछ दिन बाद ओबामा ने हैरिस (59) का समर्थन किया। इससे रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ उनकी चुनौती और मजबूत होगी। ओबामा ने रविवार को राष्ट्रपति बाइडेन के चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा के बाद तुरंत हैरिस का समर्थन नहीं किया था। ओबामा ने उपराष्ट्रपति का समर्थन करने के लिए एक वीडियो जारी किया।

हैरिस ने नेतन्याहू से युद्ध समाप्ति का किया आग्रह

वाशिंगटन, एजेंसी

- इजराइल के प्रधानमंत्री से हमास के साथ जल्द युद्धविराम समझौता करने की बात कही

अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से हमास के साथ जल्द युद्धविराम समझौता करने और गाजा में विनाशकारी युद्ध स्थायी रूप से समाप्त करने का आग्रह किया है। फिलिस्तीनी क्षेत्र में हताहतों की संख्या बढ़ने और मानवीय संकट गहराने के बीच हैरिस ने इजराइल के प्रधानमंत्री से यह आग्रह किया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस परिसर में हैरिस और नेतन्याहू की मुलाकात हुई। मुलाकात के बाद उपराष्ट्रपति ने कहा इजराइल को अपना बचाव करने का अधिकार है और वह ऐसा किस तरीके से करता है, यह मायने रखता है। पिछले नौ महीनों में गाजा में जो कुछ हुआ है वह विनाशकारी है। अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार के तौर पर देखी जा रहीं हैरिस ने कहा कई मामलों में दूसरी, तीसरी या चौथी बार विस्थापित होने के बाद सुरक्षा के लिए भाग रहे हताश, भूखे लोगों और मृत बच्चों की तस्वीरें हैं।

बाइडेन को बधाई देने के बाद ट्रंप से संबंधों में आई दरार को पाटेंगे नेतन्याहू

वाशिंगटन। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू संबंधों में आई दरार को पाटने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। वर्ष 2020 में नेतन्याहू ने राष्ट्रपति चुनाव में जीत दर्ज करने वाले बाइडेन को बधाई दी तो ट्रंप और नेतन्याहू के संबंधों में दरार आ गई थी। दोनों नेता चार साल में पहली बार आमने-सामने की मुलाकात करेंगे और संभावना पर विमर्श करेंगे कि क्या रिश्ते को सुधारा जा सकता है।

इमरान खान की पार्टी ने की देशव्यापी आंदोलन की घोषणा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने जेल में बंद अपने सभी नेताओं की रिहाई के लिए देशव्यापी आंदोलन की घोषणा की है। प्रशासन ने इस घोषणा के बाद पीटीआई समर्थकों के साथ संभावित टकराव से निपटने को लेकर तैयारी की है।

पीटीआई के अलावा दक्षिणपंथी जमात-ए-इस्लामी ने भी बिजली और अन्य वस्तुओं की ऊंची कीमतों के खिलाफ इस्लामाबाद में प्रदर्शन की घोषणा की है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक इमरान खान (71) और अन्य नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की रिहाई के लिए देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी। खान को पिछले साल 5 अगस्त को पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग द्वारा दायर तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद गिरफ्तार किया गया था। तब से वह विभिन्न मामलों में जेल में बंद हैं।

साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित हैं मालदीव से संबंध



मालदीव में संसद के अध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट करते भारतीय उच्चायुक्त।

माले, एजेंसी

- मालदीव में भारतीय उच्चायुक्त ने संसद के अध्यक्ष अब्दुल रहीम अब्दुल्ला से शिष्टाचार भेंट की

मालदीव के साथ भारत के विशेष संबंध साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित हैं। भारतीय उच्चायोग ने यहां मालदीव के साथ संसदीय संबंधों को प्रगाढ़ बनाने में विश्वास जताया। भारतीय उच्चायुक्त मुनु महावर ने गुरुवार को संसद के अध्यक्ष अब्दुल रहीम अब्दुल्ला से शिष्टाचार भेंट की।

वहीं भारतीय उच्चायोग ने कहा कि हम अपने संसदीय संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के लिए तत्पर हैं। महावर ने इस महीने की शुरुआत में राष्ट्रपति कार्यालय में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात कर दोनों देशों के बीच निरंतर घनिष्ठ संबंधों को बढ़ावा देने और द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने के लिए अटूट प्रतिबद्धता दोहराई थी। हिंद महासागर में शांति व स्थिरता बनाए रखने के लिए मिलकर काम करने पर भी सहमति जताई। पिछले साल नवंबर में मुइज्जू ने मालदीव के राष्ट्रपति का पद संभाला था।

रूसी धनराशि से ब्याज में मिले 1.6 अरब डॉलर यूक्रेन को दिए

हेग (नीदरलैंड्स)। यूरोपीय संघ (ईयू) ने शुक्रवार को घोषणा की कि उसने यूक्रेन की सहायता के लिए 1.5 अरब यूरो (1.6 अरब अमेरिकी डॉलर) उपलब्ध कराये हैं, जो फ्रीज की गई रूसी धनराशि के मुनाफे से प्राप्त ब्याज की पहली खेप है। मई में यूरोपीय संघ के 27 सदस्य देश रूसी केंद्रीय बैंक की परिसंपत्तियों में शामिल 210 अरब यूरो (225 अरब अमेरिकी डॉलर) से अर्जित ब्याज का युद्धग्रस्त यूक्रेन को सैन्य सहायता पहुंचाने तथा वहां पुनर्निर्माण के प्रयासों पर खर्च करने पर सहमत हुए थे।

रूस द्वारा यूक्रेन में पूर्ण युद्ध छेड़ने पर उसपर (रूस पर) पाबंदियां लगाने के तहत उसके (रूस) पैसे को फ्रीज कर दिया गया था। इनमें से ज्यादातर पैसा बेल्जियम में है। ब्रुसेल्स का अनुमान है कि इन परिसंपत्तियों पर ब्याज से प्रति वर्ष लगभग तीन अरब यूरो प्राप्त हो सकता है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सूला वोन डेर लेयेन ने एक बयान में कहा यूरोपीय संघ यूक्रेन के साथ खड़ा है।

आतंकवाद व संगठित अपराध से मजबूती से निपटा जाए : डोभाल

नेपीता, एजेंसी

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने शुक्रवार को बहुक्षेत्रीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल (बिम्सटेक) देशों से आतंकवाद, मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी तथा संगठित अपराध से निपटने में मजबूत सहयोग का आह्वान किया। डोभाल ने म्यांमा की राजधानी में बिम्सटेक देशों के सुरक्षा प्रमुखों की चौथी वार्षिक बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए भारत का राष्ट्रीय वक्तव्य दिया। म्यांमा स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा एनएसए ने बिम्सटेक बैठक में भारत का राष्ट्रीय वक्तव्य दिया। उन्होंने आतंकवाद , मादक पदार्थों की तस्करी और हथियारों की तस्करी तथा संगठित अपराध से निपटने में सहयोग मजबूत करने, बिम्सटेक कनेक्टिविटी, दूसरे बंदरगाह सम्मेलन के आयोजन और हिमालयी नदी प्रणालियों की जल सुरक्षा पर बात की। यह बैठक सदस्य देशों के समक्ष आने वाली सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए महत्वपूर्ण पहलों की रणनीति बनाने और समन्वय स्थापित करने के लिए आयोजित की गई है। इससे पहले डोभाल ने गुरुवार को म्यांमा के अपने समकक्ष एडमिरल मोए आंग से मुलाकात की। इसके अलावा वह अन्य बिम्सटेक सुरक्षा प्रमुखों के साथ प्रधानमंत्री सीनियर जनरल मिन आंग ह्लाइंग से भी मिले। डोभाल गुरुवार को हनोई से यहां पहुंचे थे। हनोई में उन्होंने वियतनाम की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव गुयेन फू ट्रोंग के राजकीय सम्मान के साथ हुए अंतिम संस्कार में भी हिस्सा लिया था। गुयेन फू ट्रोंग का 19 जुलाई को निधन हो गया था।

बिम्सटेक की बैठक में संबोधित करते एनएसए अजीत डोभाल ● एजेंसी

- भारत के एनएसए ने बिम्सटेक सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया

बॉलीवुड हलचल

करिश्मा ने दिब्यज्योति नाइक को एंटरटेनर नंबर 1 कहा

मुंबई। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने इंडियाज़ बेस्ट डांसर - सीजन 4 के प्रतियोगी दिब्यज्योति नाइक को एंटरटेनर नंबर 1 कहा है। इस वीकेंड, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के होमग्रोम डांस रियलिटी शो, इंडियाज़ बेस्ट डांसर - के मेगा ऑडिशन में, प्रतियोगी बेस्ट बारह में अपनी जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। ईएनटी विशेषज्ञ - करिश्मा कपूर, गीता कपूर और टेरेंस लुईस प्रभावित होने के लिए तैयार हैं, और वे ध्यानपूर्वक सर्वोत्तम प्रतिभाओं को चुनेंगे जो शो में आगे बढ़ेंगी और एक रोमांचक सीजन के लिए मंच तैयार करेंगी। ऑडिशन राउंड के दौरान, शो के होस्ट जय भानुशाली ने कटक, ओडिशा के 28 वर्षीय दिब्यज्योति नाइक को दर्शकों के बीच देखा। उन्हें जजों के सामने परफ़ॉर्म करने का अवसर दिया गया, जिसमें दिब्यज्योति ने मंच पर अपनी छाप छोड़ी और जजों को प्रभावित किया, जिन्होंने उनके एक्ट को मज़ेदार, मनोरंजक और नया बताया।

ओलंपिक टीम के लिए मांगा समर्थन

मुंबई। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया और बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना ने देशवासियों से विशेष अपील की है कि पेरिस ओलंपिक में हमारे देश को गौरव दिलाने के लिए भारतीय दल का उत्साहवर्धन करें। मनसुख मांडविया द्वारा इस अभियान की शुरुआत के उपलक्ष्य में आयुष्मान को एक स्मारक भारतीय टीम की टी-शर्ट भी भेंट की गई। आयुष्मान ने सोशल मीडिया पर लिखा ओलंपिक दुनिया का सबसे बड़ा खेल आयोजन है और इसमें भाग लेने वाले अपने क्षेत्रों के महान योद्धा होते हैं। हमारे पास 117 ऐसे शानदार एथलीट हैं जो इस साल के पेरिस2024 ओलंपिक में हमारा झंडा ऊंचा करने के लिए तैयार हैं! आइए हम उन्हें भारत का गर्व बढ़ाने के लिए उत्साहित करें। आइए हम उन्हें दिखाएं कि हमारे खेलों के प्रति हमारी दृढ़ता, संकल्प और जुनून कितना गहरा है।

जान्हवी ने जूनियर एनटीआर की तारीफ की

मुंबई। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर की तारीफ की है। जान्हवी कपूर, जूनियर एनटीआर के साथ फिल्म देवरा : पार्ट 1 में काम कर रही हैं। जान्हवी कपूर ने जूनियर एनटीआर की तारीफ की है। जान्हवी कपूर ने कहा जूनियर एनटीआर सर जब भी किसी फ्रेम में आते हैं तो वह जीवंत हो उठता है। उनकी ऊर्जा सकारात्मक है और मैंने हाल ही में उनके साथ एक गाने की शूटिंग की, जिस गति से वह कदम उठाते हैं, वह अद्भुत है।

सौर विज्ञान यूरोप के सोलर ऑर्बिटर (सोलो) अंतरिक्ष यान ने विस्फोट को कैमरे में कैद किया

सूर्य से उठी एक्स 14 श्रेणी की भीषण ज्वाला

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : सूर्य की सतह पर गुरुवार की रात भयानक विस्फोट हुआ है। विस्फोट में निकली ज्वाला की तीव्रता एक्स 14 श्रेणी आंकी गई है । यूरोप के सोलर ऑर्बिटर (सोलो) अंतरिक्ष यान ने विस्फोट को कैमरे में कैद किया। सौर वैज्ञानिकों के पूर्वानुमान से परे यह सौर चक्र बेहद सक्रिय हो चला है।

सौर वैज्ञानिकों के अनुसार 25वें सोलर साइकिल में एक्स 14 श्रेणी की ज्वाला बड़ी घटना है। विस्फोट से उपजे भू चुम्बकीय सौर तूफान का असर पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्र में कुछ दिन बाद देखने को मिलेगा। बताया जा रहा है कि इस सौर तूफान का असर मंगल ग्रह में भी देखने को मिलेगा। इतना ही नही इस विस्फोट से सौर मंडल के चारों ओर ऊर्जावान कण फैल गए। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व कार्यवाहक निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाब उद्दीन के अनुसार यह सोलर साइकिल उम्मीद से कहीं अधिक सक्रिय हो चला है।

अभी 269 सन स्पॉट सूर्य की सतह पर उभर चुके हैं। जिन्होंने सैकड़ों विस्फोटों को जन्म दिया है। बीती रात उठी ज्वाला को इस सौर चक्र की सबसे बढ़ी ज्वाला बताया जा रहा है। इसकी दिशा यदि पृथ्वी की ओर होती तो शायद कोई बड़ा असर पृथ्वी के कुछ हिस्सों में हो सकता था। इस सौर चक्र की अत्यधिक सक्रियता की अवधि 2025 तक है। जिसके चलते अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले दिनों में सूर्य की सतह पर भीषण विस्फोट देखने को मिलेंगे। बहरहाल सौर वैज्ञानिक सूर्य की सतह पर नजर बनाए हुए हैं।



शुक्रवार को सन स्पॉट से भरी सूर्य की सतह। ● अमृत विचार

पिछले की तुलना में अधिक सक्रिय है यह साइकिल

डा वहाब उद्दीन के अनुसार वर्तमान 25वाँ सौर चक्र पिछले सौर चक्र 24 की तुलना में अधिक सक्रिय है। इन दिनों सूर्य की सतह के अनेक हिस्सों में सन स्पॉट बने हुए हैं। सौर चक्र की भविष्यवाणी करने वाली नासा व एनओएए के वैज्ञानिकों समेत दुनिया की कई अन्य स्पेस एजेंसियों के सौर वैज्ञानिकों को वर्तमान सौर चक्र की गतिविधि को देखते हुए 25वें सौर चक्र की भविष्यवाणी को संशोधित करना पड़ा है।